दैनिक

नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर

3 राजधानी — रायपुर जिले के 70 वार्डों की 140...

4 अभिव्यक्ति — नागरिकता के फर्जी मुद्दे पर फंसी...

9 मनोरंजन/व्यापार — निक्म्मा से कमबैक करेंगी शिल्पा शेट्टी...

11 खेल — कौन बनेगा आईपीएल नीलामी...

www.navpradesh.com

बिलासपुर, गुरूवार 19 दिसम्बर, 2019, पौष कृष्ण पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-05 अंक-247 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

आतंकिस्तान के लगभग सभी हुक्मरान तानाशाह रहे है। सत्ता से बाहर होते ही या तो जेल की हवा खाते है या फिर फांसी के फंदे पर लटकते नजर आते हैं। कारगिल के खलनायक परवेज मुशर्रफ को भी मौत की सजा सुनाई गई है। मौत के सौदागरों का यही अंजाम होता है। इमरान खान का भी आगे चल कर भुट्टो, मुशर्रफ और नवाज की तरह हश्र होना तय है। तख्ता पल्टीस्तान में कुर्सी से उतरते ही वहां के हुक्मरान सीधे फांसी के तख्ते का रूख करते है। वहां बकरे की अम्मा को खैर मनाने का मौका नहीं मिलता।

नेशनल ट्राइबल डांस फेस्टिवल में आदिवासी नेता के बीच नूराकुश्ती, मंत्री अमरजीत भगत और केंद्रीय राज्य मंत्री के बीच रार

संस्कृति मंत्री बोले, रेणुका को नचाएंगे, हम मांदर बजाएंगे

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन के प्रयासों से आयोजित होने वाले नेशनल ट्राइबल डांस फेस्टिवल में प्रदेश के दो दिग्गज आदिवासी मंत्रियों के बीच नूराकुश्ती शुरु हो गई है। इसमें एक आदिवासी महिला नेत्री हैं जो केंद्रीय राज्य मंत्री हैं। भाजपा नेत्री रेणुका सिंह के डांस फेस्टिवल में राज्य सरकार की अनदेखी पर तंज कस रही थीं। उन्हों ने बयान दिया कि उन्हें प्रदेश के संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने आमंत्रित ही नहीं किया है। जबकि वे ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह बोलीं- मुझे नहीं बुलाया

मंत्री भगत मुस्कुराए, फिर भी नहीं बुलाए

केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह के आमंत्रण नहीं देने के आरोप पर मंत्री भगत की टिप्पणी जितनी चौंकाने वाली थी उससे कहीं ज्यादा आमंत्रण नहीं दिये जाने वाले सवाल के जवाब को टालने से बवाल मचा हुआ है। मीडिया के सवाल पर मंत्री भगत ने जिस अल्हड़ अंदाज में डांस फेस्टिवल में महिला आदिवासी केंद्रीय राज्य मंत्री को नचाने और खुद मांदर बजाने वाला बयान दे कर मुस्कुरा दिये। उनकी मुस्कुराहट में शरारत नजर आ रही थी, लेकिन तब भी वे रेणुका सिंह के आमंत्रण नहीं दिये जाने वाले आरोपों को खारिज नहीं किये।

भूपेश को मुझसे डर लगता है, इसलिए नहीं बुला रहे: रेणुका सिंह

केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को मुझसे डर लगता है। इसलिए मुझे आदिवासी नृत्य महोत्सव में नही बुला रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरे पास भी जनजातीय मंत्रालय है। मैं भी इनसे 10 गुना बड़ा कार्यक्रम करा सकती हुं और भविष्य में जरूर कराउंगी। उस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री समेत देश के कई वरिष्ठ नेताओं को बुलाउंगी। केन्द्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह ने यह बातें पत्रकारों से कही।

खास खबर

नागरिकता संशोधन कानून पर रोक से सुको का इन्कार, केंद्र को नोटिस

नई दिल्ली(वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 के खिलाफ याचिकाओं पर केंद्र सरकार से बुधवार को जवाब तलब किया, हालांकि उसने इस कानून पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया। मामले की अगली सुनवाई 22 जनवरी को होगी। मुख्य न्यायाधीश एसए बोबडे, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्य कांत की खंडपीठ ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 को चुनौती देने वाली कम से कम 59 याचिकाओं की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार को नोटिस जारी करके जवाब मांगा।

थरूर,नंद किशोर आचार्य समेत 23 लेखकों को साहित्य अकादमी पुरस्कार

नई दिल्ली (वार्ता)। सुप्रसिद्ध अंग्रेजी लेखक एवं राजनेता शशि थरूर, जाने-माने कवि एवं नाटककार नंद किशोर आचार्य समेत 23 लेखकों को इस बार साहित्य अकादमी पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की गयी है। साहित्य अकादमी कार्यकारी परिषद ने बुधवार को अपनी बैठक में इन पुरस्कारों को मंजूरी दी। इस बार नेपाली भाषा के लिए पुरस्कारों की घोषणा बाद में होगी।

नौसेना प्रमुख चार दिन की यात्रा पर श्रीलंका जाएंगे

नई दिल्ली (वार्ता)। श्रीलंका के साथ द्विपक्षीय समुद्री संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए नौसेना प्रमुख एडमिरल कर्मबीर सिंह गुरूवार को चार दिन की यात्रा पर श्रीलंका जायेंगे। एडमिरल सिंह 19 से 22 दिसम्बर तक श्रीलंका की यात्रा पर रहेंगे और वहां की नौसेना के कमांडर वाइस एडमिरल डि सिल्वा , सेनाओं के प्रमुखों और अन्य सरकारी अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे।

सुको ने कहा- दोषी पक्ष की याचिका में कोई नई दलीलें नहीं

अक्षय की रिव्यू पिटिशन खारिज, फांसी बरकरार

नई दिल्ली (वार्ता)। निर्भया केस के दोषियों में से एक अक्षय ठाकुर की रिव्यू पिटिशन खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि इस मामले में दोषी के वकील को पूरा मौका दिया गया लेकिन दोषी के वकील ने कोई नई बात नहीं की है। जस्टिस भानुमति जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस एएस बोपन्ना की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि ये दलीलें हम पहले भी सुन चुके हैं। बता दें कि अक्षय के वकील ने दिल्ली में प्रदूषण और खराब हवा का हवाला देते हुए फांसी की सजा नहीं देने की गुहार लगाई थी। सलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि किसी भी सूरत में इस अपराध को माफनहीं किया जा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

निर्भया की मां ने खुशी जताई

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर निर्भया की मां ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि वह शीर्ष अदालत के फैसले का स्वागत करती हैं।

3 जजों की पीठ कर रही सुनवाई

जस्टिस भानुमति, जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस एएस बोपन्ना की पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद दोपहर 1 बजे तक के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया था। बहस के दौरान दोषी अक्षय के वकील एपी सिंह ने अपने मुवक्किल को फांसी नहीं देने की मांग की। सरकार की तरफसे पेश वकील एसजी तुषार मेहता ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने सभी दलीलों को सबूतों को परखने के बाद फांसी की सजा सुनाई, जो कि सुप्रीम कोर्ट ने भी सही माना। यह अपराध ऐसा गंभीर है जिसे भगवान भी माफनहीं कर सकता जिसमें सिर्फ फांसी की सजा ही हो सकती है।

पटियाला हाउस कोर्ट ने दोषियों के डेथ वॉरंट पर फैसला 7 जनवरी तक टाला

निर्भया केस के एक दोषी अक्षय ठाकुर की फांसी पर दायर पुनर्विचार याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज होने के बाद अब सबकी निगाहें पटियाला हाउस कोर्ट पर टिकी थीं। पटियाला हाउस कोर्ट ने दोषियों के डेथ वॉरंट पर फैसला 7 जनवरी तक के लिए टाल दिया है। निर्भया के माता-पिता ने चारों दोषियों को जल्द-से-जल्द फांस दिए जाने की मांग के साथ कोर्ट से डेथ वॉरंट जारी करने की गुहार लगाई थी। कोर्ट ने कहा कि चारों दोषियों को जेल प्रशासन नोटिस जारी करे। पटियाला हाउस कोर्ट ने कहा कि दोषी अपने बचे सभी कानूनी अधिकार इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके साथ ही अब निर्भया के दोषियों की फांसी कुछ और समय के लिए टल गई है।

अक्षय के वकील बोले- मुवक्किल गरीब इसलिए जल्दबाजी

- हालांकि दोषी अक्षय के वकील ने कहा है कि उनके पास क्यूरेटिव पीटिशन दायर करने का विकल्प है।
- देश में फांसी के कई मामले लंबित हैं।
- उनका मुवक्किल गरीब है इसलिए उसकी फांसी में जल्दबाजी की जा रही है।
- मीडिया के प्रेशर से ये सब हो रहा है।
- जबकि निर्भया के माता-पिता ने दोषियों को जल्द से जल्द फांसी की मांग की है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा-

- मंगलवार को ही चार दोषियों में से एक अक्षय की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी।
- सप्रीम कोर्ट ने कहा कि अब इस मामले में पुनर्विचार की जरूरत नहीं है।
- कहा कि इस मामले में ट्रायल व जांच अच्छे से हो चुके हैं।
- सप्रीम कोर्ट के फैसले पर निर्भया की मां ने खुशी जताते हुए कहा कि अब उन्हें इंसाफ मिलेगा।
- पवन, विनय, अक्षय व मुकेश दोषी हैं। इन्हें फांसी की सजा पहले ही सुनाई गई है।

छत्तीसगढ़ ने रचा इतिहास

डिजिटल रिपोर्ट में अव्वल

■ महाराष्ट्र दूसरे तो हरियाणा तीसरे स्थान पर

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। भारत के डिजिटल राज्यों की रिपोर्ट जारी हो गई है। जिसके मुताबिक पहले स्थान पर छत्तीसगढ़ दूसरे स्थान पर महाराष्ट्र, तीसरे स्थान पर हरियाणा, चौथे स्थान पर आंध्र प्रदेश और पांचवे स्थान पर मध्य प्रदेश है।

भारत के डिजिटल राज्य रैंकिंग में छत्तीसगढ़ टॉप पोजिशन में है। कुछ साल पहले तक डिजिटल इंडिया सिर्फ कुछ बड़े राज्यों, विशेष रूप से दक्षिण और पश्चिम के राज्यों तक ही सीमित था। धीरे-धीरे अब इसमें उत्तर, पूर्व और पूर्वोत्तर के राज्य भी शामिल हो रहे हैं। 2017 में मध्य प्रदेश इस सूची में पहले स्थान पर था। इस साल के अध्ययन में मध्य प्रदेश पांचवें ■ शेष पृष्ठ 8 पर

इस आधार पर तैयार की गई रिपोर्ट

यह रिपोर्ट राज्यों और संघ शासित प्रदेशो में दो व्यापक मानकों नीति और बुनियादी ढांचे की तैयारी (पीआईआर) और मिशन मोड परियोजनाओं (एमएमपी) के प्रदर्शन के आकलन के आधार पर तैयार की गई है। इस आकलन में पीआईआर और एमएमपी के 128 मानकों को शामिल किया गया है।

बलात्कार, भ्रष्टाचार और रोजगार पर जवाब दें मोदी: प्रियंका

पाकुड़ (वार्ता)। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने अर्थव्यवस्था के हर मोर्चे पर विफल होने के बाद नए-नए कानून लाकर मुख्य मुद्दे से ध्यान भटकाने का केंद्र की मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए पीएम मोदी को देश में बढ़ती बेरोजगारी, भूख, बलात्कार, भ्रष्टाचार और गायब रोजगार पर जवाब देने की चुनौती दी। श्रीमती गांधी ने श्रीकुंड में महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा में यह बात कही।

टाटा संस के एक बार फिर अध्यक्ष बनेंगे साइरस मिस्त्री

नई दिल्ली (वार्ता)। टाटा संस को बुधवार उस समय जोरदार झटका लगा जब राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण ने साइरस मिस्त्री को कंपनी के कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर बहाल करने का आदेश देने के साथ ही एन चंद्रशेखर की इस पद पर नियुक्ति को गैर कानूनी बताया है । टाटा संस के छठे अध्यक्ष श्री मिस्त्री को 24 अक्टूबर 2016 को कंपनी निदेशक मंडल ने आश्चर्यजनक ढंग से हटाकर समूह प्रमुख रतन टाटा को अध्यक्ष नियुक्त था।

एलओसी पर कभी भी बिगड़ सकती है स्थिति, सेना तैयार

आर्मी चीफ रावत ने कहा- पाकिस्तान ऐसा देश, जो खुद को ही खत्म करने की ओर आगे बढ़ रहा

नई दिल्ली ए.। पाकिस्तान से लगी लाइन ऑफ कंट्रोल यानी एलओसी पर किसी भी वक्त स्थिति बिगड़ सकती है। सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने इस बात की आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ऐसी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। इससे पहले मंगलवार को एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में आर्मी चीफ ने कहा था कि पाकिस्तान को नियंत्रित करने की जरूरत नहीं है। सेना प्रमुख ने कहा कि पाकिस्तान ऐसा देश है, जो खुद को ही खत्म करने की ओर आगे बढ़ रहा है। जनरल रावत ने कहा कि पाकिस्तान की स्थिति ऐसी है कि वह अपने आप ही अनियंत्रित हो रहा है। उन्होंने कहा था, 'पाकिस्तान को कंट्रोल में करने की जरूरत ही नहीं है। वह खुद ही डीकंट्रोल हो रहा है और शायद हमें कोई कार्रवाई करने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

जनरल डायर से कम नहीं हैं अमित शाह: नवाब मलिक

मुंबई ए.। नागरिकता संशोधन अधिनियम के पास होने के बाद विपक्ष के नेता लगातार केंद्र सरकार की आलोचना कर रहे हैं। सत्ता और विपक्ष के बीच हो रहे आरोप-प्रत्यारोप के बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता नवाब मलिक ने एक विवादित टिप्पणी करते हुए गृहमंत्री अमित शाह की तुलना अंग्रेज अफसर जनरल डायर से की है। नवाब मलिक ने कहा है कि अमित शाह जनरल डायर की तरह देश के लोगों पर गोली चलवा रहे हैं। नवाब मलिक ने अपने इस बयान के साथ उद्धव ठाकरे के उस स्टेटमेंट का भी समर्थन किया है, जिसमें ठाकरे ने जामिया की घटना की तुलना जलियांवाला बाग कांड से की थी।

रेप से बचकर भागी नाबालिग को पुलिस सुरक्षा के बीच मारी गोली

■ घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार

रोहतास (ए.)। दुष्कर्म का प्रयास कर रहे आरोपियों से बचकर भागी एक दलित नाबालिग को गोली मार दी गई। मामला बिहार के रोहतास जिले में राजपुर पुलिस स्टेशन के तहत आने वाले एक गांव का है। पीड़िता को कथित रूप से उन चार युवकों के साथियों ने गोली मारी थी जिन्होंने रविवार को उसका रेप करने की कोशिश की थी। हैरानी वाली बात यह है कि पीड़िता को पुलिस की सुरक्षा मिली हुई थी, बावजूद इसके घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गया।

कोर्ट परिसर में हत्या का मामला, 18 पुलिस सस्पेंड

बिजनौर कोर्ट में शूटआउट केस में एसपी ने पूरी पुलिस चौकी को सस्पेंड कर दिया। कुल 18 पुलिसवालों पर गाज गिरी है। इस मामले में कई मुकदमे भी दर्ज किए गए हैं। वारदात के वक्त पीएसी वालों के खिलाफ रिपोर्ट उनके कमांडर और दिल्ली पुलिस के सिपाहियों की भूमिका की रिपोर्ट उनके अधिकारियों को भेजी गई है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

फर्जीवाड़ा — असली हितग्राही को पता ही नहीं, लेकिन कुएं व सूची में उसी का नाम अंकित

कुआं किसी और के नाम, खोदा किसी और के खेत में..!

राधे पटेल

मैनपुर। मनरेगा में भ्रष्टाचार का चकित कर देने वाला मामला गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड में सामने आया है। ये गड़बड़झाला हुआ है मनरेगा के तहत कुआं खुदवाने की योजना में। कुआं स्वीकृत किसी और के नाम से और बना किसी और के खेत में। इस पर भी मजेदार बात यह कि कुएं व हितग्राहियों की लिस्ट में उसी शख्स का नाम है, जिसके खेत में कुआं बना ही नहीं।

■ गरियाबंद के नयापारा की क्षेत्र पंचायत में मनरेगा में भ्रष्टाचार का का मामला

बताया जा रहा है कि ये गड़बड़झाला क्षेत्र पंचायत के रोजगार सहायक की सरपंच और सचिव के साथ मिलीभगत से हुआ है। इसमें जिला व जनपद पंचायत के अधिकारियों की लापरवाही या लिप्तता भी बताई जा रही है। मनोज सिंह ठाकुर को आरटीआई से प्राप्त हुई जानकारी में ये मामला सामने आया है। उक्त

■ फर्जी बिल से बिना सचिव की दस्खत लाखों का भुगतान

कूप खनन कार्य में आए खर्च का भुगतान भी कर दिया गया। वो भी फर्जी जीसएसटी नंबर 22CHEPM8339R12E वाले कोकड़ी के कथित दुकानदार ओम नमः शिवाय ट्रेडर्स के बिल क्रमांक 135 के जरिए। कर दिया गया। इस बिल पर सचिव के हस्ताक्षर भी नहीं है।

■ शेष पृष्ठ 8 पर

ऐसे समझें पूरा मामला

मामला ग्राम पंचायत गरहाडीह के आश्रित ग्राम नयापार का है। यहां मनरेगा के तहत फरसराम पिता सोनूराम के खेत में कुआं स्वीकृत हुआ। लेकिन रोजगार सहायक गगेस्वर ने फरसराम के खेत की बजाय अपने हितैसी सियाराम पिता बुधुराम की बाड़ी में कुआं खुदवा दिया, जहां सिर्फ डेढ़ एकड़ जमीन है। जबकि सूचना पटल पर चस्पा हितग्राही की सूची में फरसराम का नाम चढ़ा दिया गया। नवप्रदेश संवाददाता मामले की सच्चाई जानने नयापारा पहुंचे। फरसराम से बातचीत की।

इनका कहना है

काम में गलती होती रहती है। मैंने सियाराम का कुआं खुदवाकर धर्म का काम किया है। खर्चा पानी लेकर मामला रफादफा करो।

गगेश्वर नागवंशी, रोजगार सहायक

जांच टीम गठित कर तत्काल इस मामले की जांच करवाई जाएगी।

नरसिंह ध्रुव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी

उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड, दिल्ली की सर्दी ने तोड़ा 22 साल का रिकॉर्ड

नई दिल्ली (ए.)। उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में बर्फीली हवाओं से राहत नहीं मिली और पारा नीचे गिरने से मंगलवार को ठंड और बढ़ गई। दिल्ली में 22 वर्षों में सबसे कम अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार, पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र से आने वाली तेज और ठंडी हवाओं के साथ-साथ बादल छाए रहने से तापमान में गिरावट आयी है। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को कंपकंपी जारी रही क्योंकि अधिकतम तापमान मौसम के औसत से 10 डिग्री नीचे 12.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 1997 में, अधिकतम तापमान 11.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

बुधवार को भी यही स्थिति बनी रहने की संभावना है और अधिकतम और न्यूनतम तापमान 14 और नौ डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के अधिकांश हिस्सों में हालिया बर्फबारी के बाद रात के तापमान में गिरावट जारी रही। हिमपात के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को भूस्खलनों के चलते कई घंटों तक यातायात बाधित रहा।

दोनों ही क्षेत्रों में पहाड़ों से बर्फीली हवाएं चल रही हैं लेकिन सुबह सूरज निकलने से लोगों को कुछ राहत मिली। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि

अमरनाथ यात्रा के आधार शिविर दक्षिणी कश्मीर के पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 12.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। इसके साथ ही यह घाटी का सबसे ठंडा स्थान रहा।

उन्होंने बताया कि गुलमर्ग के स्की रिजॉर्ट का तापमान शून्य से 11 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया जबकि श्रीनगर में तापमान दो डिग्री सेल्सियस नीचे गिरकर शून्य से 3.7 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। लद्दाख क्षेत्र में लेह सबसे ठंडा स्थान दर्ज किया गया। यहां तापमान शून्य से 12 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया।

अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों के काफिले को मंगलवार दोपहर में मलबा हटाने के बाद आगे बढ़ने की अनुमति दी गई है। हिमाचल प्रदेश में, मौसम शुष्क और ठंडा रहा। मनाली, कुफरी, केलोंग और कल्पा में तापमान शून्य डिग्री से नीचे रहा।

शिमला मौसम केंद्र के निदेशक मनमोहन सिंह ने कहा कि राज्य में सबसे ठंडा स्थान लाहौल-स्पीति का प्रशासनिक केंद्र केलांग रहा, जहां तापमान शून्य से 16.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने 19 से 21 दिसंबर के बीच राज्य में भारी बारिश और बर्फबारी का अनुमान जताया है। उत्तराखंड में मंगलवार को आसमान साफ रहा लेकिन कड़कड़ाती ठंड बरकरार रही। 12-13 दिसंबर को पहाड़ी राज्य के ऊंचे क्षेत्रों में भारी बर्फबारी हुई, जिससे कई राजमार्ग और सड़कें बंद हो गईं।

बर्फीली हवाओं और बादल से घिरा जम्मू

वहीं जम्मू में तापमान में कुछ सुधार हुआ है और यह 7.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया लेकिन यहां बर्फीली हवाओं और बादल घिरे रहने के कारण लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि जम्मू क्षेत्र के भद्रवाह में न्यूनतम तापमान शून्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। वहीं रियासी जिले में माता वैष्णी देवी मंदिर की तीर्थयात्रा के आधार शिविर कटरा में तापमान 5.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

भूस्खलन की घटनाएं

यातायात विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि कश्मीर को सभी मौसमों में देश के विभिन्न हिस्सों से जोड़ने वाली एक मात्र राष्ट्रीय राजमार्ग पर गंगरू-रामसू और रामबन जिले के माउमपस्सी में रात में भूस्खलन की घटनाएं हुईं जिसके बाद अधिकारियों ने दक्षिणी कश्मीर के काजीगुंड में यातायात रोक दिया।

प. बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की चेतावनी–

सीएए और एनआरसी वापस लें

नई दिल्ली (वार्ता)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने संशोधित नागरिकता कानून के विरोध में हावड़ा मैदान से कोलकाता स्थित एस्प्लेनेड तक सोमवार के बाद से तीसरा मार्च निकाला। इस दौरान ममता ने कहा कि मैं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से यह सुनिश्चित करने की गुजारिश करती हूं कि देश संशोधित नागरिकता कानून की आग में ना जले। उन्होंने कहा कि अमित शाह का काम आग बुझाना है।

ममता ने कहा कि अमित शाह आप सिर्फ भाजपा के नेता नहीं, देश के गृह मंत्री भी हैं। आप ने 'सबका साथ, सबका विश्वास' नहीं बल्कि 'सबके साथ सर्वनाश' किया है। नागरिकता संशोधन अधिनियम और एनआरसी को वापस लें, वरना मैं देखूंगी कि आप इसे पश्चिम बंगाल में कैसे लागू करते हैं। मार्च शुरू करने से पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, ''हमलोग बंगाल में कभी भी एनआरसी और संशोधित नागरिकता कानून की इजाजत नहीं देंगे। किसी को भी राज्य छोड़ने के लिए नहीं कहा जाएगा। हमलोग सभी धर्मों, जातियों और नस्लों के साथ मिलजुलकर रहने में यकीन करते हैं। हम सभी इस देश के नागरिक हैं और कोई भी हमें यहां से निकाल नहीं सकता।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नये नागरिकता कानून के खिलाफ सोमवार और मंगलवार को क्रमशः उत्तरी और दक्षिणी कोलकाता में दो विरोध प्रदर्शन मार्च आयोजित कर चुकी हैं। पुलिस ने राज्य भर में चौकसी बढ़ा दी है और हिंसा के लिए करीब 354 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं गुवाहाटी में भी जनजीवन पटरी पर लौट आया है। डिब्रूगढ़ में सुबह छह बजे से 14 घंटों के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई। अधिकारियों ने बताया कि पूर्वोत्तर का प्रवेशद्वार माने जाने वाले गुवाहाटी में 11 दिसंबर से लागू कर्फ्यू कानून-व्यवस्था में सुधार आने के बाद मंगलवार को हटा लिया गया। संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ प्रदर्शनों के मद्देनजर यहां कर्फ्यू लगाया गया था।

केजरीवाल का भाजपा पर हमला, कहा– जिसको फायदा दंगे वो ही करा रहा

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली में हाल के दिनों में हुई हिंसा की घटनाओं के लिए बीजेपी आम आदमी पार्टी और कांग्रेस को जिम्मेदार ठहरा रही थी। इस पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप का नाम घसीटने की कोशिश की जा रही है। आप ऐसा क्यों करेगी? हमें क्या फायदा होगा? हम सभी को शांति बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि हिंसा से आम आदमी पार्टी को इस तरह से नुकसान होगा। किसी भी तरह से दिल्ली में शांति व्यवस्था खराब नहीं होनी चाहिए और अमनचैन बना रहे। दिल्ली में जो हरकतें हो रही हैं उसका जवाब हम चुनावों में देंगे। उन्होंने कहा कि हिंसा वो ही करा रहे हैं जिसको फायदा हो रहा है। उन्होंने ये भी कहा कि चुनाव को ध्यान में रखकर ये दंगे कराए जा रहे हैं। अरविंद केजरीवाल की सरकार ने दिल्ली में प्रैक्टिस करने वाले और यहां के वोटर वकीलों को लेकर बड़ा फैसला लिया है। दिल्ली में वकीलों की समिति की उन मांग पर केजरीवाल कैबिनेट ने अपनी मुहर लगा दी है, जिसमें वकीलों के लिए मेडिकल और लाइफ इंश्योरेंस की मांग की गई थी। मगर अब कैबिनेट के इस फैसले पर एलजी की मुहर लगनी बाकी है।

पहले से ही पाक नागरिक, उन्हें नागरिकता क्यों?

नई दिल्ली(ए.)। नागरिकता कानून पर बवाल के बीच पूर्व वित्त मंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता पी चिदंबरम का बयान आया है। नागरिकता संशोधन कानून पर पी चिदंबरम ने सवाल उठाए हैं और कहा है कि जो पहले से ही पाकिस्तान के नागरिक हैं, उन्हें नागरिकता क्यों देनी चाहिए? गौरतलब है कि नागरिकता कानून पर लगातार देश के अलग-अलग हिस्सों में प्रदर्शन हो रहे हैं। नागरिकता कानून की संवैधानिक वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती भी दी गई है, जिस पर आज सुनवाई भी होनी है। पी चिदंबरम ने बुधवार को नागरिकता कानून पर ट्वीट किया कि जो पहले से ही पाकिस्तान के नागरिक हैं, उन्हें हमें क्यों नागरिकता देनी चाहिए। विपक्ष को ऐसी चुनौतियों का क्या मतलब है? बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को 'कांग्रेस और उसके मित्रों' पर संशोधित नागरिकता कानून को लेकर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए उन्हें सार्वजनिक रूप से यह ऐलान करने की चुनौती दी कि वे सभी पाकिस्तानियों को भारतीय नागरिकता देने के लिए तैयार हैं।

पीएम मोदी ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को यह चुनौती भी दी कि जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को फिर से लागू करके और तीन तलाक कानून को समाप्त करके दिखाए।

गौरतलब है कि जब से संसद की दोनों सदनों ने नागरिकता संशोधन बिल पर मुहर लगाई है और राष्ट्रपति ने इसे कानूनी अमलीजामा पहनाया है, तब से इसके खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। इस कानून के खिलाफ में रविवार को सबसे उग्र प्रदर्शन देखने को मिला था, जब जामिया के छात्रों के साथ पुलिस की झड़प हुई थी और कई लोग घायल हुए थे। वहीं मंगलवार को दिल्ली के सीलमपुर में भी प्रदर्शनकारियों और पुलिस में झड़प देखने को मिली।

बंगाल: नागरिकता कानून के बारे में मुस्लिमों को बताएंगे बीजेपी और आरएसएस

कोलकाता (ए.)। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) पर देशभर में विरोध प्रदर्शन के बाद बीजेपी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पश्चिम बंगाल में मुस्लिम समुदाय के बीच जाने की तैयारी कर रहे हैं। इस अभियान के जरिए मुस्लिम समुदाय को बताया जाएगा कि नए नागरिकता कानून के तहत वह सुरक्षित हैं और उनकी नागरिकता पर कोई खतरा नहीं है। नागरिकता कानून के विरोध में बंगाल के कई जिलों में हिंसक प्रदर्शन और आगजनी की घटनाएं सामने आई थीं।

'मुस्लिम समाज गलत जानकारी का शिकार'

आरएसएस ने अपने कार्यकर्ताओं से हर आस-पड़ोस के इलाके में अभियान चलाने को कहा है। पश्चिम बंगाल से जुड़े आरएसएस के एक पदाधिकारी ने कहा, 'समाज का एक वर्ग खास तौर से मुस्लिम समाज गलत जानकारी का शिकार हो गया है, जिसे जल्द ही समझाने की जरूरत है।'

दक्षिण बंगाल और कोलकाता में अभियान

सूत्रों के मुताबिक आरएसएस ने दक्षिण बंगाल और कोलकाता में नागरिकता कानून के प्रावधानों के बारे में जानकारी देने का अभियान शुरू कर दिया है। आरएसएस पदाधिकारी ने कहा, 'जिन मुस्लिमों के पास भारत में निवास करने का वैध दस्तावेज है, उन्हें चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है।'

6 जिलों में हिंसक प्रदर्शन, आगजनी

इस बीच बीजेपी इस महीने के आखिर में अपने कार्यकर्ताओं को सीएए के बारे में बताने के लिए दो दिन की वर्कशॉप आयोजित करेगी। बता दें कि नागरिकता कानून के खिलाफ बंगाल के कई जिलों में हिंसक विरोध प्रदर्शन की घटनाएं सामने आई हैं। राज्य के छह जिलों मालदा, उत्तर दिनाजपुर, मुर्शिदाबाद, हावड़ा, उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना में हालात बिगड़ गए थे। सीएम ममता बनर्जी की सख्त चेतावनी के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने रेलवे स्टेशनों को निशाना बनाए जाने के साथ ही बसों और सार्वजनिक संपत्ति को काफी नुकसान पहुंचाया।

भारतीय मूल के सांसद बने आलोक और ऋषि ने गीता पर हाथ रख ली शपथ

लंदन (रायटर)। ब्रिटेन की गृह मंत्री प्रीति पटेल सहित भारतीय मूल के तीन मंत्रियों ने प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के मंत्रिमंडल 'पीपुल्स कैबिनेट में अपने पदों को बरकरार रखा है। नवनिर्वाचित सांसद और मंत्री मंगलवार को हाउस ऑफकॉमन्स में लौट आए। ब्रिटिश कैबिनेट मंत्री आलोक शर्मा और ट्रेजरी के मुख्य सचिव ऋषि सुनाक ने मंगलवार को नए हाउस ऑफ कॉमन्स में संसद सदस्यों के रूप में शपथ ली।

आगरा में जन्मे 52 वर्षीय आलोक शर्मा जो अंतर्राष्ट्रीय विकास सचिव हैं, चौथी बार रीडिंग वेस्ट से चुने गए हैं, जबकि 39 वर्षीय ऋषि सुनाक फिर से तीसरी बार यॉर्कशायर के रिचमंड से निर्वाचित हुए हैं। बता दें कि ऋषि सुनाक इन्फोसिस के संस्थापक एनआर नारायणमूर्ति के दामाद हैं। इन दोनों ने ब्रिटेन की संसद में भगवद गीता की शपथ ली। आलोक शर्मा और सुनाक ने भगवद गीता की प्रति हाथ में रखकर शपथ ली। गीता की एक प्रति पकड़े हुए आलोक शर्मा और सुनाक ने शपथ के मानक शब्दों को कहा: मैं (सदस्य का नाम) सर्वशक्तिमान ईश्वर की कसम खाता हूं कि मैं महामहिम रानी एलिजाबेथ, उनके उत्तराधिकारियों के प्रति कानून के अनुसार सच्ची निष्ठा रखूंगा। इसलिए भगवान मेरी मदद करें।

पीपुल्स कैबिनेट में तीन भारतीय मूल के मंत्री

गौरतलब है कि चुनाव के बाद संसद के प्रथम सत्र से पहले मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक हुई। कंजरवेटिव पार्टी ने पिछले हफ्ते आम चुनाव में भारी जीत दर्ज कर बहुमत हासिल किया था। जॉनसन ने अपनी शीर्ष टीम में यथास्थिति बनाए रखने के लिए मंत्रिमंडल के कुछ खाली पदों को भरने के लिए केवल बहुत ही सीमित फेरबदल किया है, जिसे उन्होंने ''पीपुल्स कैबिनेट कहा है। तीन भारतीय मूल के मंत्री, जिन्होंने अपनी सीट वापस जीत ली है, को उनके पदों पर बरकरार रखा गया है। पटेल ब्रिटेन के गृह मंत्री के रूप में एक बार फिर से अपना कार्यभार संभालेंगी। सांसद आलोक शर्मा अंतरराष्ट्रीय विकास मंत्री बने रहेंगे। इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति के दामाद ऋषि सुनाक 'चीफसेक्रेटरी टू द ट्रेजरी के पद पर बने रहेंगे।

सीएए को लेकर घबराने की जरूरत नहीं : पटनायक

भुवनेश्वर (वार्ता)। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार को राज्य के लोगों से नागरिकता (संशोधन) कानून (सीएए) को लेकर नहीं घबराने की अपील करते हुए कहा कि इसका संबंध केवल विदेशियों से हैं, भारतीय नागरिकों से इसका कुछ लेना-देना नहीं है। श्री पटनायक ने नयी दिल्ली के लिए रवाना होने से पहले अपने आवास पर संवाददाताओं से कहा, मैं प्रदेश के नागरिकों से शांति बनाये रखने और अफ्वाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील करता हूं। उन्होंने बीजू जनता दल (बीजद) का राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) को लेकर रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि लोक सभा और राज्य सभा में बीजद सांसदों ने पहले ही यह स्पष्ट कर दिया हे कि पार्टी एनआरसी का समर्थन नहीं करती।

कैलाश विजयवर्गीय का ट्वीट, बोले – मुझे भीड़ ने घेर रखा एसपी और डीजी फोन नहीं उठा रहे

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गिय ने ट्वीट कर कहा है कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में भीड़ ने उनको घेर लिया है। उन्होंने ट्वीट में कहा कि में कानून व्यवस्था की स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि विपक्ष के नेताओं की जान सुरक्षित नहीं कही जा सकती! मुर्शिदाबाद जाते हुए नवग्राम के पास मेरी गाड़ी को हज़ारों मुस्लिमों ने घेर लिया है। उन्होंने ट्वीट में कहा है अभी भी मैं भीड़ से घिरा हुआ हूँ। मेरी गाडी के दोनों तरफ भीड़ जमा है। प्रशासन कोई सुनवाई नहीं कर रहा! स्कऔर ष्ठत्र भी फ़ोन नहीं उठा रहे! पश्चिम बंगाल में अराजक सरकार के रहते कुछ भी हो सकता है! यहाँ किसी की जान सुरक्षित नहीं है! ट्वीट के साथ उन्होंने एक वीडियो भी शेयर किया है। बता दें कि नागरिकता कानून को लेकर पश्चिम बंगाल समेत देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन चल रहा है। इसी बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने संशोधित नागरिकता कानून के विरोध में हावड़ा मैदान से कोलकाता स्थित एस्प्लेनेड तक सोमवार के बाद से तीसरा मार्च निकाला। इस दौरान ममता ने कहा कि मैं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से यह सुनिश्चित करने की गुजारिश करती हूं कि देश संशोधित नागरिकता कानून की आग में ना जले। उन्होंने कहा कि अमित शाह का काम आग बुझाना है।

दुर्लभ संयोग 1976 में एक साथ ली थी डिफेंस अकैडमी में एंट्री, 31 दिसंबर को लेफ्टिनेंट बनेगे नरवणे

44 साल बाद तीन बैचमेट तीनों सेनाओं के चीफ

–एयर चीफ भदौरिया और नेवी चीफ करमबीर और अगले आर्मी चीफ नरवणे एनडीए के 56वें बैच में थे

नई दिल्ली (ए.)। जब केबी, छोटू और मनोज ने 17-17 साल की उम्र में 1976 में नैशनल डिफेंस अकैडमी को जॉइन किया था तो शायद ही उन्हें अंदाजा रहा होगा कि एक दिन ये बैचमेट एक साथ तीनों सेनाओं के चीफ रहेंगे। तब उनमें यही समानता थी कि तीनों के ही पिता इंडियन एयर फोर्स में सेवा दे चुके थे। आज 44 साल बाद तीनों अपनी-अपनी सर्विस में शीर्ष पर हैं।

लेफ्टिनेंट जनरल मनोज मुकुंद नरवणे (अगले सेना प्रमुख) | एडमिरल करमबीर सिंह (नौसेना प्रमुख) | एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया (वायुसेना प्रमुख)

आर्मी चीफ बनेंगे लेफ्टिनेंट जनरल नरवणे

जब लेफ्टिनेंट जनरल मनोज मुकुंद नरवणे 31 दिसंबर को अगले आर्मी चीफ के तौर पर जनरल बिपिन रावत की जगह लेंगे तो वह एनडीए के अपने कोर्समेट- ऐडमिरल करमबीर सिंह और एयर चीफमार्शल राकेश कुमार सिंह भदौरिया के साथ मिलकर देश की सेनाओं के शीर्ष पर होंगे।

ऐडमिरल सिंह 31 मई को देश के 24वें नेवी चीफ बने थे और उनके वाइट यूनिफॉर्म पर हेलिकॉप्टर पायलट का विंग शोभा बढ़ाता है। एयर चीफमार्शल भदौरिया 30 सितंबर को एयर फोर्स के चीफ बने थे और उनके भी ब्लू यूनिफॉर्म पर फाइटर पायलट का विंग शान से दिखता है। एक सीनियर ऑफिसर ने बताया, 'यह बहुत ही दुर्लभ है कि एनडीए के 3 कोर्समेट अपनी-अपनी सेनाओं के प्रमुख हैं क्योंकि इसके लिए जन्मतिथि, करियर का रेकॉर्ड, मेरिट, वरिष्ठता जैसी तमाम बातें देखी जाती हैं और इन सबके साथ लक भी।' सर्विस चीफ 62 साल की उम्र तक या 3 सालों तक (जो भी पहले हो) सेवा दे सकता है और दूसरी तरफ थ्री-स्टार जनरल 60 साल की उम्र में रिटायर हो जाते हैं। इसी से जाहिर है कि तीनों बैचमेट का अपनी-अपनी सर्विस में चीफ बनना कितना दुर्लभ है।

एनडीए के 56वें कोर्स का हिस्सा थे तीनों

लेफ्टिनेंट जनरल नरवणे इस महीने के आखिर में 28वें आर्मी चीफ की जिम्मेदारी संभालेंगे। उनके ओलाइव-ग्रीन यूनिफॉर्म पर पैराट्रूपर विंग है। तीनों एनडीए के 56वें कोर्स का हिस्सा थे। एनडीए कैडेट के तौर पर 3 साल का कोर्स पूरा करने के बाद तीनों अपने-अपने सर्विस अकैडमी में पहुंचे जहां जून-जुलाई 1980 में ऑफिसर्स के तौर पर कमिशंड हुए।

नींद से जगाया तो पति ने कर दी पत्नी की पिटाई, एफआईआर दर्ज

रात को 11 बजे बाहर से आने पर दरवाजा खुलवाने के लिए उसे जगाया

अहमदाबाद (ए.)। गुजरात में अहमदाबाद के थलतेज में एक महिला पुलिस के पास अजीबोगरीब शिकायत लेकर पहुंची। उसने अपने पति पर मारपीट का आरोप लगाया है लेकिन इसके पीछे की वजह हैरान करने वाली है। महिला ने पुलिस को बताया है कि पति ने उसे इसलिए मारा, क्योंकि रात को 11 बजे बाहर से आने पर उसने दरवाजा खुलवाने के लिए पति को जगा दिया। वस्त्रपुर पुलिस को दी एफआईआर में भावना चौहान ने बताया कि वह पिछले हफ्ते अपने पैरेंट्स के घर गई थी। रविवार रात वह रात 11 बजे घर वापस आई और दरवाजा खटखटाया। उसके पति घनश्याम चौहान ने काफी खटखटाने के बाद दरवाजा खोला। पत्नी के खटखटाने से वह नाराज हो गया।

दरवाजा खोलते ही पति ने कर दी पत्नी की पीटाई

एफआईआर में कहा गया है, 'उसने दरवाजा नहीं खोला और नींद में बड़बड़ाता रहा। जब पत्नी ने चिल्लाकर दरवाजा खोलने के लिए कहा तो वह अंदर से ही अभद्र भाषा में चिल्लाने लगा। बाहर ठंड होने पर महिला उससे दरवाजा खोलने के लिए कहती रही तब जाकर उसने दरवाजा खोला और दरवाजा खोलते ही उसे नींद से जगाने के लिए मारने लगा।'

पहले नहीं देखा ऐसा केस

जब भावना ने विरोध किया तो घनश्याम ने उसे धमकी दी जो करना हो कर लो। उसने कहा कि अगर भावना में हिम्मत हो तो पुलिस में शिकायत करा दे। कुछ पड़ोसियों ने भावना को घनश्याम से बचाया और अस्पताल लेकर गए। भावना ने बाद में वस्त्रपुर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऐसा केस उनके सामने कभी नहीं आया कि किसी पति ने पत्नी को उसे जगाने के लिए पीटा हो।

■ न्यूज गैलरी

नवजात शिशु को नाली में फेंका, मामला दर्ज

रायपुर। भ्रूण हत्या के मामले एवं नवजात शिशुओं की हत्या लगातार शहर में बढ़ते जा रही है। स्वयं माता द्वारा अपने नवजात शिशु को नाली में फेंकने की जानकारी कोतवाली थाने से मिली है। वीरभद्र नगर अज्ञात महिला द्वारा अपने नवजात शिशु उम्र करीब 9 माह के नवजात शिशु की नाली में फेंका गया है।

नकली 202 नग टाइटन घड़ियां जब्त

रायपुर। नकली सामान शहर में खपाने का काम जोरशोर से जारी है। इसी कड़ी में टाइटन कंपनी की फास्ट्रेक ब्रांड मॉडल की 202 नग नकली हाथ घड़ी गोल बाजार पुलिस ने अब्दुल सलाम आयु 46 पिता अब्दुल रहमान निवासी कमासी पारा से बरामद कर जब्त किया है। रहमानिया चौक स्थित राहुल नावेल्टी दुकान के संचालक राहुल रूपचंदानी आयु 27 वर्ष पिता विजय रूप चंदानी निवासी रविग्राम गली नंबर 7 तेलीबांधा रायपुर ने उक्त सामान पुलिस द्वारा जब्त किया गया है।

एक्टिवा से बैग पार, 20 हजार की चोरी

रायपुर। अज्ञात चोर द्वारा श्रीमती सुषमा मिश्रा आयु 45 वर्ष पति महेंद्र मिश्रा के शारदा मंदिर राशन दुकान के सामने बांसटाल स्थित मकान के सामने खड़ी एक्टिवा में बैग में रखे 20 हजार रुपये बैग सहित अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

नाबालिग से अश्लील हरकत, मामला दर्ज

रायपुर। अनाचार एवं दुष्कर्म की घटनाएं राजधानी सहित पूरे प्रदेश भर में बढ़ रही हैं जिसके चलते बच्चियां, युवतियां एवं महिलाएं असुरक्षा के वातावरण में जीने पर विवश है इसी कड़ी में टिकरापारा निवासी इंद्रजीत भारती पिता राजेश भारती स्वीपर कालोनी निवासी ने दस वर्षीय अबोध बच्ची के साथ अश्लील हरकत की उक्त मामले में टिकरापारा थाने ने आरोपी के खिलाफ आठ पास्कोएक्ट एवं आईपीसी की धारा 354 के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

अज्ञात चोर ने सूने मकान से 50 हजार पार किया

रायपुर। अवधपुरी कालोनी नगरपारा निवासी भाठागांव डॉ. युवराज कौशिक के सूने मकान में मंगलवार सुबह दस बजे अज्ञात चोर ने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने के जेवरात 30 हजार एवं नगद 20 हजार रुपये की चोरी की। पुरानी बस्ती थाने ने अज्ञात चोर के खिलाफ आईपीसी की धारा 457 एवं 380 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इंजीनियरिंग कालेज सेजबहार में 24 दिसंबर को 1050 स्टाफ करेगा मतगणना

रायपुर जिले के 70 वार्डों की 140 मतगणना टेबल लगेगी

नवप्रदेश संवाददाता

गणना स्थल पर मोबाईल, इलेट्रॉनिक गैजेट व धूम्रपान प्रतिबंधित

रायपुर। नगरीय निकायों में पार्षद पद के चुनाव के बाद 24 दिसंबर को होने वाली मतगणना के लिए रायपुर जिले के 1050 मतगणना सुपरवाईजर और मतगणना सहायकों को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर में आज प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स ने बताया गया कि हर वार्ड की मतगणना के लिए दो टेबल लगाए जाएंगे तथा हर टेबल में एक मतगणना सुपरवाईजर और दो मतगणना सहायक मतों द्वारा गिनती की जाएगी । जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. एस. भारतीदासन के निर्दशन और प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी गौरव सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के निर्देशन में इस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। रायपुर नगर पालिक निगम में कुल 70 वार्डों के चुनाव हो रहे हैं। यहां 140 मतगणना टेबल लगाई जाएगी। मतगणना शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार रायपुर में होगी। मतगणना कक्ष में इन लोगों को ही मिलेगा प्रवेश मतगणना कक्ष में गणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, राज्य निर्वाचन आयोग व जिला निर्वाचन अधिकारी व्दारा प्राधिकृत अधिकारी, निर्वाचन के संबंध में डयूटी पर लगाए गए लोकसेवक, प्रत्याशी उनके अभिकर्ता और मतगणना अभिकर्ता ही प्रवेश ले सकेंगे। सहायक नोडल अधिकारी एस. के. पटले ने बताया कि मतगणना से संबंधित प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स नें काफी विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में बताया गया कि निर्वाचन कर्तव्य मतपत्रों की गणना सहायक रिटर्निंग ऑफिसर व्दारा की जाएगी। मतगणना के दौरान अलग अलग प्रपत्रों में जानकारी भरी जाएगी।

अभिकर्ता की ऐसे रहेगी भूमिका

मतगणना अभिकर्ता नियुक्त किए जाने के लिए प्रत्याशी को मतगणना के दो दिन पूर्व तक नियुक्ति पत्र प्रस्तुत कर दिया जाना चाहिए। मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना के एक घंटे पहले अपने नियुक्ति पत्र के साथ मतगणना स्थल पर उपस्थित हो जाना चाहिए। मतगणना के दौरान अभिकर्ता को उनको आवंटित टेबल से हट कर इधर ऊधर घूमने की अनुमति नहीं होगी।

इन आचरणों की अनुमति नहीं होगी

मतगणना भवन के अंदर धूम्रपान पूरी तरह से निषिध्द है। मोबाईल व इलेट्रॉनिक गैजेट लाने की भी अनुमति नहीं है। मतगणना के दौरान कोई भी व्यक्ति विच्छृखंल आचरण करेगा या प्राधिकृत अधिकारी के किसी निर्देश की अवहेलना करेगा तो उसे मतगणना भवन के बाहर भेज दिया जाएगा।

इस प्रक्रिया के तहत होगी मतगणना

मास्टर ट्रेनर्स ने बताया का मतगणना के लिए किसी एक मतदान केन्द्र में उपयोग की गई सभी मतपेटियां स्ट्रांग रुम एक साथ निकाल कर मतगणना हाल में लाई जाएंगी और गणना के लिए एक ही टेबल पर रखी जाएंगी। किन्तु एक बार में एक ही पेटी खोली जाएगी। मतपेटियों की सील का निरीक्षण के उपरांत पेटी के सभी मतपत्रों को गणना टेबल में रखा जाएगा। इसके बाद इन मतपत्रों की संख्या ज्ञात करने के उद्देश्य से 50-50 की गड्डियां बनाई जाएगी। इसके बाद इसकी संख्या को मतपत्र लेखा में अंकित किया जाएगा। इसके बाद गणना पर्यवेक्षक अभ्यर्थीवार गणना ट्रे में अभ्यर्थियों की संख्या के अनुसार गत्ते से खाने बनाएगा। इस ट्रे में एक खाना प्रतिक्षेपित (संदिग्थ) मतपत्रों के लिए भी होगा। इसके बाद अभ्यर्थीवार मतपत्रों की जांच व छटनी की जाएगी। अभ्यर्थी के पक्ष में डाले गए सभी विधिमान्य मतपत्रों को गणना ट्रे में उसके निर्धारित खाने में रखे जाएगें। मतपत्र संदिग्ध श्रेणी में रखने का अर्थ यह नही होगा की उसे खारिज कर दिया गया है। मतपत्र खारिज करने का अधिकारी केवल रिटर्निंग अधिकारी या सहायक रिटर्निंग अधिकारी का है। वे ही संदिग्ध मतपत्रों की जांच करेंगे।

वरिष्ठ पत्रकार स्व. कौशिक को प्रेस क्लब परिवार ने दी श्रद्धांजलि

कर्मठ पत्रकार स्व. कौशिक सदैव नए पत्रकारों के लिए सदा रहेंगे प्रेरणा स्त्रोत

रायपुर। सांध्य दैनिक प्रखर समाचार के कर्ताधर्ता एवं वरिष्ठ पत्रकार स्व. रविकांत कौशिक का विगत 16 दिसंबर को दिल में तकलीफ होने के कारण निधन हो गया। आज प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पत्रकार राजेश मिश्रा, फोटोग्राफर गोकुल सोनी, जावेद खान, कोषाध्यक्ष शगुफ्ता शीरीन एवं पत्रकार संजय शुक्ला, ताहिर हैदरी, ठाकुर राम साहू सहित समस्त पत्रकारों ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पत्रकारिता में स्व. कौशिक के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि वे कर्मठ पत्रकार थे। सभी से उनका अच्छा खासा जनसंपर्क था। पत्रकारवार्ता कही पर भी हो वे मौसम की परवाह न करते हुए अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते थे। बेखौफ पत्रकारिता और तीखी धार से अपने लेखन के जरिए उन्होंने समाज को नई दिशा दी। उनका निधन प्रेसक्लब परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति है। नए पत्रकारों के लिए उनके द्वारा दिया गया योगदान भविष्य में उनका मार्गदर्शन करेगा। स्व. कौशिक ने सहज सरल भाषा में जनता के दुख को अपनी लेखनी के माध्यम से व्यक्त किया।

सीबीएसई 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए समय सारिणी घोषित

रायपुर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के लिए समय सारिणी की घोषणा कर दी है। इस बार 10वीं एवं 12वीं दोनों की परीक्षा 15 फरवरी 2020 से प्रारंभ होगी। सीबीएसई ने मंगलवार की देर रात को 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के लिए समय सारिणी जारी की। जिसके अनुसार 10वीं और 12वीं की परीक्षा 15 फरवरी से प्रारंभ होगी। 10वीं बोर्ड की कुल 77 विषयों एवं 12वीं बोर्ड की कुल 116 विषयों की परीक्षाएं होंगी। इनमें कौशल आधारित समेत भाषाओं व प्रमुख विषय भी शामिल है। 10वीं बोर्ड की परीक्षा 20 मार्च को खत्म होंगी, वहीं 12वीं कक्षा की परीक्षाएं 30 मार्च तक चलेगी। परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू होगी। प्रश्न पत्र बांटने के बाद छात्राओं को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया जाएगा।

नगरीय निकाय चुनाव में मेहनत रंग लाएगी : बघेल

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कहा कि हमें विश्वास है कि उनकी मेहनत रंग लाएगी।

श्री बघेल आज पश्चिम बंगाल और झारखंड दौरे के लिए रवाना हुए। रवाना होने से पहले माना विमानतल पर उन्होंने मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव में हमारे कार्यकर्ता घर-घर जाकर एजेंडों को लेकर मतदाताओ से संपर्क कर रहे है। उन्होंने कहा कि उनकी मेहनत जरूर रंग लाएगी और जीत हमारी होगी। मुख्यमंत्री ने भाजपा संकल्प पत्र में राम नाम के मुद्दे को शामिल किए जाने के प्रश्न के जवाब में कहा कि बीजेपी के पास कोई और मुद्दा नहीं है। 15 साल में उन्होंने कुछ नहीं किया और अब वह इधर-उधर की बात कर रहे हैं। इसके अलावा वे कुछ नहीं कर सकते। श्री बघेल ने झारखंड में कांग्रेस गठबंधन को बड़ी जीत मिलने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि झारखंड में चुनाव-प्रचार का आज अंतिम दिन है। झारखंड के गुमानी में आमसभा होगी कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी भी इस सभा में मौजूद रहेंगी। श्री बघेल आज पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर होते हुए झारखंड के गुमानी जाएंगे। श्री बघेल निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 11.30 बजे पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर पहुंचेंगे।

राजकुमार कॉलेज में वार्षिकोत्सव कल से

सीएम भूपेश बघेल होंगे शामिल

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजकुमार कॉलेज रायपुर में 124वां वार्षिकोत्सव 20 तथा 22 दिसम्बर 2019 दो चरणों में संपन्न होगा जिसमें होनहार विद्यार्थियों को शैक्षणिक तथा अन्य गतिविधियों में उत्तम प्रदर्शन के लिये पुरस्कृत किया जायेगा। 20 दिसम्बर को होने वाले कार्यक्रम में राजा त्रिबिक्रम चंद्र देब ऑफ बारम्बा (चेयरमेन, राजकुमार कॉलेज सोसायटी) मुख्य अतिथि के रूप में विद्यार्थियों को पुरस्कृत करेंगे। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसी दिन शाम को वर्तमान एवं भूतपूर्व छात्रों के मध्य परंपरा अनुसार हॉकी मैच खेला जाएगा। 22 दिसम्बर पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि सीएम भूपेश बघेल के कर कमलो से विद्यार्थी पुरस्कृत किये जायेंगे। प्राचार्य, ले.क. अविनाश सिंह के द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। सांयकाल विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की जायेगी।

इंडोरस्टेडियम में सर्व मंगल आध्यात्मिक महाकुंभ कल

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य में ईश्वरीय सेवाओं के 40 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 20 दिसंबर को शाम 5 बजे बूढ़ापारा इंडोर स्टेडियम में सर्व मंगल आध्यात्मिक महाकुंभ का आयोजन किया गया है। उक्त आयोजन में माउंट आबू से परम श्रद्धेय राजयोगिनी दादी जानकी अपने आशीर्वचनों से श्रद्धालुओं को संबोधित करेंगी। उक्त जानकारी प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में संस्थान की मुख्य प्रशासिका ने दी। पत्रकारवार्ता में वार्ताकार ने बताया कि उक्त आयोजन में माउंट आबू से प्रकाशित ज्ञानामृत पत्रिका के प्रधान संपादक ब्रम्हा कुमार आत्म प्रकाश विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके करेंगी। सभा का संचालन ब्रम्हकुमारी मनोरमा दीदी करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे एवं विशिष्ट अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत होंगे। कार्यक्रम में कार्यकारी ब्रम्हाकुमार मृत्युंजय एवं क्षेत्रीय निदेशिका कमला दीदी सभा को संबोधित करेंगी। उक्त आध्यात्मिक कुंभ के आयोजन का सीधा प्रसारण 140 देशों द्वारा किया जाएगा।

बजट से पहले...

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेन्टर में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों की बजट पूर्व बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में छत्तीसगढ़ से मंत्री टीएस सिंहदेव शामिल हुए।

महंगाई | तुर्की से मगांए एक प्याज का वजन 700 ग्राम होने से बढ़ी कीमत

छत्तीसगढ़ में एक-एक प्याज बिक रही 70-70 रु. में

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर/नासिक। आयातित प्याजसे भी लोगों की आंखों के आंसू कम नहीं हो पा रहे हैं। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयातित प्याज का ये जलवा है कि एक-एक प्याज 70-70 रुपए में बिक रही है। दरअसल ये प्याज तुर्की से मंगाई गई है। इसका वजन आधा किलो से लेकर 700 ग्राम तक है। रायपुर की मंडियों में अब भी अच्छे किस्म की प्याज 100 रुपए किलो तक बिक रही है। इस हिसाब से इस तुर्की से आयातित 700 ग्राम वजनी इस एक प्याज की कीमत 70 रुपए तक पड़ती है।

लोगों के बजट अनुरूप मांग आपूर्ति में तालमेल चुनौती : अग्रवाल

आलू प्याज असोसिएशन भनपुरी मंडी रायपुर के अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने यह जानकारी दी। बताया कि फिलहाल आयातित प्याज भी प्याज के बढ़ते दामों को नियंत्रित नहीं कर सकी है। महाराष्ट्र में बड़े पैमाने पर रिटर्न मानसून की बारिश से बड़े पैमाने पर प्याज खराब हुई। इसके चलते लोगों के बजट के अनरूप मांग-आपूर्ति में तालमेल बिठाना चुनौती भर काम है।

किसने मंगाई 70 रु. की एक प्याज, अभी पता नहीं

अजय अग्रवाल ने बताया कि रायपुर की मंडी में आई 550 से 700 ग्राम वजनी ये प्याज तुर्की की है ये तो स्पष्ट है। लेकिन अभी यह नहीं पता चल सका है कि ये भारत सरकार द्वारा आयातित की गई है या किसी निजी इंपोर्टर द्वारा मंगाई गई है। अग्रवाल ने बताया कि अभी तक करीब 35 टन प्याज रायपुर की मंडियों में दाखिल हुई है। उन्होंने बताया कि अब नाफेड की ओर से भी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ये प्याज किसने मंगाई। लेकिन उन्होंने कहा कि रायपुर में ये प्याज या तो दिल्ली या महाराष्ट्र से आई होगी।

मुंबई पहुंची पर इतनी वजनी को लेकर स्पष्ट नहीं जानकारी

नवप्रदेश के नाशिक संवाददाता के मुताबिक तुर्की व मिस्त्र की प्याज मुंबई पहुंच चुकी है। लेकिन 700-800 ग्राम वजनी प्याज के बारे में स्पष्ट जानकारी सामने आने को है कि आखिर ये किसने मंगाई। एशिया की सबसे बड़ी लासलगांव प्याज मंडी में भी अब तक आयातित प्याज आने की कोई खबर नहीं है। मंगलवार को यहां अच्छी किस्म की प्याज को 1100 रुपए प्रति क्विंटल यानी 110 रुपए प्रति किलो तक दाम मिले।

क्रिसमस की तैयारियां जोरशोर से जारी, बड़ा दिन 25 को

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेश देश एवं दुनिया के आधे देशों में हैप्पी मेरी क्रिसमस का पर्व धूमधाम से मनाने की तैयारियां चल रही है। क्रिसमस 25 दिसंबर को राजधानी सहित पूरे प्रदेश में मसीह समाज द्वारा मनाया जाएगा।

मसीही समाज के सक्रिय सदस्य अजय जान ने जानकारी देते हुए बताया कि बड़ा दिन के शुभ अवसर पर शहर के प्रमुख गिरिजाघरों यथा बैरन बाजार, सीएनआई चर्च मोतीबाग, सेंट जेवियर चर्च, शंकर नगर चर्च, शिऑन चर्च राजातालाब, सेंटपाल चर्च बैरन बाजार, टाटीबंध चर्च सहित प्रदेश के सभी गिरिजाघरों में 24 दिसंबर की रात को 12 बजते ही गिरिजाघरों के बड़े घंटों के बजने के साथ ही क्रिसमस का पर्व प्रारंभ होगा। उक्त अवसर पर प्रभु यीशु के दिए संदेशों एवं जीसस के भजनों की प्रस्तुति मसीही कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। सांताक्लाज की वेशभूषा को लेकर बच्चों में खासा उत्साह है। मसीही मान्यता के अनुसार सांताक्लाज 25 दिसंबर को बच्चों के सपनों में आकर अनेकों आकर्षक उपहार बांटता है।

ज्ञातव्य है कि प्रभु यीशु मसीह का जन्म फिलीस्तीन के येरूशलम नामक स्थान में माता मरियम की कोख से हुआ था। उन्होंने बाइबिल कहा है कि वे ईश्वर के प्रतिनिधि हैं। पूरी दुनिया में शांति का संदेश देने वाला ईसा मसीह को अत्याचारी राजाओं ने क्रास पर लटका कर उनका जीवन ले लिया था। इसके बाद भी ईसा मसीह ने दंड देने वालों के लिए कहा कि हे प्रभु इन्हें माफ करना ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं।

बाइबिल में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम का उल्लेख है जब एक महिला को भीड़ में शामिल लोग उसे कुलटा कहकर पत्थर मारते हैं तब प्रभु उसकी रक्षा करते हुए पत्थर मारती हुई भीड़ से कहते हैं कि इस औरत पर पहला पत्थर वो मारे जिसने कोई पाप न किया हो।

संपादकीय

मुशर्रफ को फांसी मुकर्रर

पड़ौसी देश पाकिस्तान में वहां के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ को विशेष अदालत ने राष्ट्रद्रोह का दोषी पाकर फांसी की सजा सुना दी है। उनपर पाकिस्तान ने 2007 में आपातकाल लगाने का आरोप है जिसे राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में रखा गया है। परवेज मुशर्रफ पर भ्रष्टाचार के भी आरोप लगे थे। इन दिनों परवेज मुशर्रफ दुबई में निरवासित जीवन व्यतीत कर रहे है। पाकिस्तान में 1973 में बनाए गए नए कानून के अंतर्गत उन्हे यह सजा सुनाई गई है। विशेष अदालत के इस फैसले के खिलाफ उन्हे उपरी अदालत में अपील करने का अवसर मिलेगा या नहीं यह अभी स्पष्ट नहीं है। गौरतलब है कि परवेज मुशर्रफ ने पाकिस्तानी सेना के चीफ होने के दौरान करगील पर पाकिस्तानी सेना की घुसपैठ कराई थी। कारगिल के इस खलनायक ने पाकिस्तान का राष्ट्रपति बनने के बाद भारत के खिलाफ दुनिया भर में भारत को बदनाम करने में भी कोई कसर बाकी नहीं छोड़ थी। इस सैनिक तानाशाह ने पाकिस्तान का भी कबाड़ा कर के रख दिया था। पाकिस्तान में पूर्व राष्ट्रपतियों और पूर्व प्रधानमंत्रियों को जेल भेजना या फांसी की सजा देना कोई नई बात नहीं है। पूर्व हुक्मरानों में भुट्टों को फांसी पर लटकाया गया था। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की हवा खा रहे है। आसिफ जरदारी के खिलाफ भी मामला चल रहा है। कुल मिलाकर इस मामले में पाकिस्तान का इतिहास काला ही कहा जाएगा। जहां पूर्व हूक्मरानों को तो सजा होती है लेकिन खुंखार आतंकवादी आजाद घुमते है। हाफिज सईद हो या मसूद अजहर सभी आतंकवादी पाकिस्तान में खुले आम आतंकी प्रशिक्षण शिविर चला रहे है और निर्दोष लोगों की हत्या करा रहे है। उनके खिलाफ पाकिस्तान में कभी कोई कड़ी कार्यवाही नहीं होती विश्व समुदाय का दबाव बढ़ने पर उन्हे कुछ दिनों के लिए जेल भेजा जाता है या नजरबंद किया जाता है बाद में फिर उन्हे आजाद कर दिया जाता है। पाकिस्तान में इन दिनों जैसे हालात है। वहां एक बार फिर इमरान खान सरकार का तत्ख पलटने की संभावना बनी हुई है। यदी उनकी सरकार सत्ता से हटती है तो आगे चलकर एक दिन इमरान खान का भी पाकिस्तान के पूर्व हुक्मरानों जैसा अंजाम हो तो कोई आश्चर्य नहीं होगा।

विचार

भेदभाव का समाज

लगता है, कुछ मायनों में हमारा समाज आगे से पीछे की ओर जा रहा है। स्त्री-पुरुष समानता के मामले में हमारी रैंक तभी तो गिर रही है। इसका व्यावहारिक अर्थ यह है कि महिलाओं के साथ गैर-बराबरी बढ़ी है और उन्हें मिलने वाली सहूलियतें घटी हैं। विश्व आर्थिक मंच (डब्लूईएफ) द्वारा जारी वार्षिक जेंडर गैप रिपोर्ट में भारत को दुनिया में 112वां स्थान मिला है, जबकि पिछले साल इस सूची में हमारी जगह 108वीं थी। मंगलवार को जारी इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर में लिंगभेद कम तो हो रहा है लेकिन महिलाओं और पुरुषों के बीच स्वास्थ्य, शिक्षा, कार्यालय और राजनीति में भेदभाव अभी भी मौजूद है। आइसलैंड एकमात्र देश है, जहां महिलाओं के साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होता। हमारे लिए संतोष की बात सिर्फ इतनी है कि पॉलिटिकल एम्पॉवरमेंट के मामले में हालात थोड़े बेहतर हुए हैं। इस मामले में भारत की रैंक 18 है। लेकिन स्वास्थ्य और उत्तरजीविता (सर्वाइवल) के मामले में भारत पिछड़कर 150वीं रैंक पर आ गया है। इसी तरह भारत की गिनती उन देशों में हो रही है, जहां औरतों के लिए आर्थिक अवसर बेहद कम हैं। कंपनियों के बोर्डों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व केवल 13.8 फीसदी है। महिलाओं को हर स्तर पर भागीदारी दिलाने के लिए पिछले कुछ वर्षों में कई सारे कानून बने हैं लेकिन दिक्कत यह है कि उन्हें लागू कराने वाला अमला और समाज का एक बड़ा हिस्सा अपनी पितृसत्तात्मक सोच से उबर नहीं पाया है। समाज का ढांचा भी इसी सोच पर आधारित है। यही वजह है कि महिलाओं को आज भी उपयुक्त अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। स्वास्थ्य की बात करें तो न सिर्फ निर्धन बल्कि मध्यवर्गीय परिवारों में भी खानपान पर पहला अधिकार पुरुषों का है। उनसे जो बचता है, वही महिलाओं के हिस्से आता है। इसकी शुरुआत बचपन से ही हो जाती है। बीमारी और गर्भावस्था जैसी स्थितियों में भी स्त्रियों को पौष्टिक भोजन नहीं मिलता।

टेक ज्ञान

जैक डॉर्सी ने मार्क जकरबर्ग को किया अनफॉलो

नई दिल्ली। Twitter के सीईओ जैक डॉर्सी और Facebook के सीईओ मार्क जकरबर्ग की राय एक ही मुद्दे पर आमतौर पर बिल्कुल अलग-अलग होती है। ये दोनों दिग्गज कंपनियों के सीईओ एक बार फिर एक साथ चर्चा में आए हैं। जकरबर्ग को अनफॉलो करने से पहले डॉर्सी ने @bigtechalert नाम के एक ट्विटर अकाउंट को फॉलो किया। यह ट्विटर अकाउंट टेक कंपनियों के सीईओ की फॉलो और अनफॉलो करने की ऐक्टिविटी पर नजर रखता है। इससे माना जा रहा है कि डॉर्सी चाहते थे कि ट्विटर पर जकरबर्ग को अनफॉलो करने की उनकी ऐक्टिविटी पर दुनिया की नजर पड़े।

नागरिकता के फर्जी मुद्दे पर फंसी भाजपा

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

> यदि भाजपा सरकार भारत में जनसंख्या का धार्मिक अनुपात सही करना चाहती है, जो कि उचित है तो उसे चाहिए कि वह 'हम दो और हमारे दो' का सख्त कानून बनाए। उसका उल्लंघन करनेवालों का जीना भारत में फिर आसान नहीं होगा। मेरा राय में सरकार में इतना साहस और आत्मविश्वास होना चाहिए कि वह इस कानून को वापस ले ले। इस फर्जी मुद्दे पर देश का समय बर्बाद करने की बजाय हमारे राजनीतिक दल देश की आर्थिक स्थिति को डावांडोल होने से बचाएं तो बेहतर होगा। यदि सर्वोच्च न्यायालय इस कानून को असंवैधानिक घोषित कर दे तो वह भारत को इस निरर्थक और फर्जी संकट से बचा सकता है।

कोई कानून हमारी संसद स्पष्ट बहुमत से बनाए और उस पर इतना देशव्यापी हंगामा होने लगे, ऐसा मुझे कभी याद नहीं पड़ता। संसद के दोनों सदनों ने नागरिकता संशोधन विधेयक पारित किया, जिसके अनुसार पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आनेवाले शरणार्थियों को भारत की नागरिकता प्रदान की जाएगी। लेकिन यह नागरिकता सिर्फ हिंदुओं, सिखों, ईसाइयों, पारसियों और यहूदियों को दी जाएगी। इन देशों के मुसलमानों को नहीं दी जाएगी ? क्योंकि हमारी सरकार का दावा है कि इन पड़ौसी मुस्लिम देशों के उक्त अल्पसंख्यकों पर काफी अत्याचार होते हैं। उन्हें शरण देना भारत का धर्म है, कर्तव्य है, फर्ज है। इसी फर्ज को निभाने के लिए मोदी सरकार ने यह नया कानून बनाया है।

इसमें शक नहीं कि शरणार्थियों को शरण देना किसी भी सभ्य देश का कर्तव्य है। इस दृष्टि से यह कानून सराहनीय है लेकिन शरण देने के लिए जो शर्त रखी गई है, वह अधूरी है, अस्पष्ट है और भ्रामक है। भारतीय नागरिकता देने की शर्त यह है कि इन पड़ौसी इस्लामी देशों में गैर-मुस्लिमों पर अत्याचार होता है। मान लें कि यह आरोप सही है तो क्या उसका एक मात्र इलाज यही है कि धार्मिक अत्याचार के बहाने जो भी भारत पर लदना चाहे, उसे हम लाद लें ? भारत आनेवाले इन लाखों लोगों में से आप कैसे तय करेंगे कि कितने लोग धार्मिक उत्पीड़न के कारण शरण मांग रहे हैं ? हो सकता है कि वे बेहतर काम-धंधों के लालच में आए हों, भारत के जरिए अमेरिका और यूरोप जाने के लिए आए हों, अपने रिश्तेदारों के साथ रहने आए हों या उन सरकारों के लिए जासूसी करने के लिए भेजे गए हों। उनके पास तुरुप का बस एक ही पत्ता है कि वे मुसलमान नहीं है। बस, उनकी गाड़ी पार है। हम धार्मिक उत्पीड़न के बहाने भारत को दक्षिण एशिया का अनाथालय क्यों बना देना चाहते हैं ? इसी कारण पूर्वोत्तर के प्रांतों में बगावत की आग भड़की हुई है।

मूल प्रश्न यह है कि उत्पीड़न क्या सिर्फ धार्मिक होता है ? यदि यह सही होता तो 1971 में बांग्लादेश से लगभग एक करोड़

मुसलमान भागकर भारत क्यों आ गए थे ? पाकिस्तान के अहमदिया, शिया, बलूच, सिंधी और पठान लोग क्या मुसलमान नहीं हैं ? वे भागकर अफगानिस्तान, भारत और पश्चिमी देशों में क्यों जाते हैं ? क्या अफगानिस्तान के शिया, हजारा, मू-ए-सुर्ख, परचमी और खल्की लोग मुसलमान नहीं हैं ? वे वहां से क्यों भागते रहे ? इन तीनों देशों से बाहर भागनेवाले लोगों में हिंदू कम और मुसलमान बहुत ज्यादा क्यों हैं ? अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार घोषणा-पत्र और शरणार्थी अभिसमय के अनुसार कोई भी व्यक्ति सिर्फ धार्मिक उत्पीड़न ही नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और आनुवांशिक उत्पीड़न से त्रस्त होने पर शरण पाने का अधिकारी होता है। इसीलिए हमारा यह नागरिकता संशोधन कानून अधूरा है।

यह कानून सपाट भी है। यह सिर्फ पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों की ही चिंता करता है। क्यों करता है ? क्योंकि 1947 में बहुत-से गैर-मुस्लिम इन देशों में रह गए थे। वे मूलतः भारतीय ही हैं। यहां पहला सवाल है कि क्या 1947 में अफगानिस्तान भारत का हिस्सा था ? यदि नहीं तो उसे क्यों जोड़ा गया ? यदि उसे जोड़ा गया तो बर्मा, भूटान, श्रीलंका और नेपाल को क्यों छोड़ा गया ? बर्मा और श्रीलंका तो ब्रिटिश भारत के अंग ही थे। इन देशों के हजारों-लाखों गैर-मुस्लिम शरणार्थी भारत आते रहे हैं। उनमें तमिल, मुस्लिम, ईसाई और हिंदू शरणार्थी भी हैं। दुनिया के पचासों देशों में बसे दो करोड़ प्रवासी भारतीयों पर कभी संकट आया तो वे क्या करेंगे ?

यह ठीक है कि इस नए नागरिकता कानून से भारतीय मुसलमान नागरिकों को कोई नुकसान नहीं है लेकिन उन्हें क्या हुआ है ? वे क्यों भड़क उठे हैं ? क्योंकि इस कानून के पीछे छिपी सांप्रदायिकता दहाड़ मार-मारकर चिल्ला रही है। भाजपा ने अपने आप को मुसलमान-विरोधी घोषित कर दिया है। भाजपा जब विपक्ष में थी, तब वोट पाने के लिए यह सांप्रदायिक ध्रुवीकरण समझ में आता था। चुनावी घोषणा-पत्र में इसे डाल दिया गया था लेकिन आप अब सत्ता में हैं। किसे नागरिकता देना, किसे नहीं, यह आपके हाथ में है। इसके लिए गुण-दोष का शुद्ध और निष्पक्ष पैमाना लगाइए और बिना किसी भेद-भाव के नागरिकता दीजिए या मत दीजिए। मेरी राय में यही सच्ची हिंदुत्व दृष्टि है।

यदि हिंदुओं के वोट-बैंक को मजबूत करने के लिए यह पैंतरा मारा गया है तो बंगाल, असम, त्रिपुरा और पूर्वोतर के अन्य प्रांतों में सारे हिंदू क्यों भड़के हुए हैं ? वहां की भाजपा सरकारें क्यों हतप्रभ हैं ? यह ठीक है कि इन प्रांतों के कुछ जिलों में शरणार्थी वर्जित हैं लेकिन अभी भी राष्ट्रीय नागरिकता सूची तैयार की गई है, उसमें से 19 लाख लोग बाहर कर दिए गए। उनमें से 11 लाख हिंदू बंगाली हैं। इन सीमांत प्रदेशों में से भाजपा का सूंपड़ा साफ होने की पूरी आशंका है। यह देश का दुर्भाग्य है कि पूर्वी सीमांत के प्रांतों में कोई भी अखिल भारतीय पार्टी जम नहीं पा रही है। भाजपा के इस कानून ने देश के परस्पर विरोधी दलों को भी एकजुट कर दिया है। यह कानून बनाते समय सरकार और हमारे सांसदों ने यह भी ठीक से नहीं सोचा कि इससे अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की प्रतिष्ठा को कितनी ठेस पहुंचेगी। इस कानून के कारण मचे कोहराम के चलते गुवाहाटी में आयोजित भारतीय और जापानी प्रधानमंत्रियों की भेंट रद्द करनी पड़ गई। अमेरिकी सरकार और संयुक्तराष्ट्र के मानव अधिकार आयोग ने हमारे इस कदम की कड़ी आलोचना की है। पाकिस्तान के एक हिंदू सांसद और एक हिंदू विधायक ने इस कानून को वहां के हिंदुओं के लिए हानिकारक बताया है। बांग्लादेश, जो कि भारत का अभिन्न मित्र है, इस कानून से बहुत परेशान है। उसके विदेश मंत्री और गृहमंत्री ने अपनी भारत-यात्रा स्थगित कर दी है। इमरान खान इस कानून की निंदा करें, इसमें कोई अचरज नहीं है। मुझे डर यह है कि कहीं अफगान राष्ट्रपति अशरफ गनी और प्रधानमंत्री डॉ. अब्दुल्ला भी भारत की आलोचना न करने लगें। भाजपा ने यह कानून लाकर पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान को, जो कई मामलों में परस्पर विरोधी हैं, एकजुट कर दिया है। कहीं ये तीनों देश अपने यहां भारत-जैसा कोई जवाबी कानून ही पास न कर दें। याने वे भारत के अल्पसंख्यकों- मुसलमानों, सिखों, ईसाइयों और दलितों को नागरिकता सहर्ष देने का कानून न बना दें। दुनिया में उनकी जितनी बदनामी होगी, उतनी ही हमारी भी होने लगेगी।

नागरिकता संशोधन कानून पर हंगामा क्यों?

रमेश सर्राफ

> असम में इस बिल का विरोध कर रहे लोगों का कहना है कि नागरिकता संशोधन कानून असम समझौता 1985 का उल्लंघन करता है। इस समझौते के मुताबिक 24 मार्च 1971 से पहले ही दूसरे देशों से भारत आए लोगों को भारत की नागरिकता देने का प्रावधान है। लेकिन नए कानून के मुताबिक सीमा बढ़ाकर 31 दिसंबर 2014 कर दी गई है। लोगों का मानना है कि इससे बड़े पैमाने पर असम के लोग प्रभावित होंगे। भारतीय संविधान की छठी अनुसूची में इनर लाइन परमिट में आने वाले पूर्वोत्तर भारत के राज्यों को नागरिकता संशोधन विधेयक 2019 में छूट दी गई है।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के हस्ताक्षर के बाद 12 दिसम्बर को अधिकारिक रूप से भारत के राजपत्र में प्रकाशित होने के साथ ही नागरिकता संशोधन कानून 2019 पूरे देश में लागू हो गया है। इस कानून के लागू होने के बाद देश के कई हिस्सों में लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और कई जगह सरकारी संपत्ति को नुकसान भी पहुंचाया गया है। सरकार विरोधी राजनीतिक दल इस कानून का यह कहकर विरोध कर रहे हैं कि इसमें धार्मिक भेदभाव किया गया है।

कानून बनने से पूर्व संसद के दोनों सदनों में भी इस बिल को लेकर लंबी बहस हुई। लोकसभा में बिल के पक्ष में 311 वोट पड़े व विपक्ष में 80 वोट पडने़ से यह आसानी से पारित हो गया था। राज्यसभा में भी इस बिल के पक्ष में 125 व विरोध में 99 मत पड़े। राज्यसभा में वोटिंग के वक्त विपक्षी दलो की एकता भी बिखरती नजर आई। सपा, बसपा, टीएमसी, एनसीपी सहित कई विपक्षी दलों के कई सांसद मतदान के दौरान सदन से गैर हाजिर रहे। बीजू जनता दल, अन्नाद्रमुक, जनता दल यूनाइटेड, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी, तेलगु देशम पार्टी के साथ ही पूर्वोत्तर के क्षेत्रीय दलों के सदस्यों ने राज्यसभा में सरकार के पक्ष में मतदान किया। कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल सरकार पर आरोप लगा रहे हैं कि सरकार ने संसद में संख्या बल के आधार पर इस कानून को पास करा लिया है जबकि यह कानून पूर्णतया गलत है। सबसे पहले केरल के वामपंथी मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा की उनकी सरकार केरल में इस कानून को लागू नहीं करेगी। उसके बाद पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार ने, पंजाब, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान में कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों ने भी अपने- अपने प्रदेशों में इस कानून को लागू करने से इंकार कर दिया है। इस कानून पर संविधान विशेषज्ञों का कहना है कि सभी प्रदेश सरकारों को हर हाल में नागरिकता संशोधन कानून 2019 को लागू करना पड़ेगा। गृह मंत्री अमित शाह का कहना है कि नागरिकता संशोधन

कानून 2019 पूर्णतया संवैधानिक है। इस कानून के अनुसार हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के जो सदस्य 31 दिसंबर 2014 तक पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत आये हैं और जिन्हें उनके देश में धार्मिक उत्पीडऩ का सामना करना पड़ा है उन्हें गैर कानूनी प्रवासी नहीं माना जाएगा। बल्कि उनको सरकारी नियमों का पालन करते हुए विधि सम्मत आवेदन करने पर भारतीय नागरिकता दी जाएगी। गृह मंत्री ने कहा की नागरिकता संशोधन कानून कहीं से भी मुसलमानों के खिलाफनहीं है। इस कानून से किसी मुसलमान को डरने की जरूरत नहीं है। पूर्वोत्तर राज्यों की आशंकाओं को दूर करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि इस कानून से किसी के भी हित प्रभावित नहीं होंगे। उन्होंने कहा मौजूदा सरकार पूर्वोत्तर के लोगों की सांस्कृतिक, सामाजिक और भाषाई पहचान बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। अब इस कानून में भारत की नागरिकता लेने के लिए 11 साल तक भारत में रहने की अवधि को भी घटाकर 6 साल तक कर दिया गया है।

नागरिकता संशोधन कानून को लेकर देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इस कानून के विरोध में दिल्ली के जामिया मिलीया यूनिवर्सिटी व अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के आक्रोशित छात्र सडक़ो पर उतर आये। असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सो में विरोध प्रदर्शन जारी है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह कानून मुस्लिमों के खिलाफ है। धर्म के हिसाब से यह कैसे तय किया जा सकता है कि किसे नागरिकता देनी है और किसे नहीं। सरकार विरोधी पार्टी और मुस्लिम संगठनों का कहना है कि यह कानून भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का उल्लंघन कर रहा है। विपक्षी दलों के नेताओं का कहना है कि भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष देश में धर्म के आधार पर नागरिकता कैसे दी जा सकती है। हालांकि पूर्व में इस अधिनियम में अब तक 1986, 1992, 2003, 2005 और 2015 में पांच बार बदलाव किया जा चुका है। नागरिकता संशोधन कानून का असम में सबसे तीव्र विरोध हो रहा है। पहले 3 दिनों तक तो असम के कई हिस्सो में हिंसक प्रदर्शन हुए। लेकिन अब स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। असम में विभिन्न संगठनों के लोगों का शांतिपूर्ण आंदोलन जारी है। कानून के विरोध में असम जातीयतावादी युवा छात्र परिषद ने गुवाहाटी में 36 घंटे का अनशन किया है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कैसा देखो है बना

कैसा देखो है बना, मीत घोषणा- पत्र। अपनी चर्चा हो रही, यत्र, तत्र, सर्वत्र।। यत्र, तत्र, सर्वत्र, खुशी लोगों में छाई। होगी निश्चय जीत, करूंगा खूब कमाई।। लूंगा ठग मैं वोट, पिला मदिरा, दे पैसा। फिर लोगों से 'राज', कहूंगा रिश्ता कैसा।।

– राजकुमार धर द्विवेदी

गाड़ी बँगला दौलत शोहरत के चकमक

गाड़ी बँगला दौलत शोहरत के चकमक वैभव से छनकर मुझको जब अपना कहतें हैं अपने मायावी लगतें हैं। पंथ निरखती भूरी आँखे बुझ जातीं जब अहह अन्ततः तब उनकी चर्चा और किस्से कितने दुनियावी लगतें हैं।

– ममता अमर

खास पाती

नित प्रत्यूष लिए घट रीता

नित प्रत्यूष लिए,घट रीता, श्याम- मिलन की आस। सखी! देख पनघट है खाली, कौन बुझाये प्यास? अजब छाई खामोशी पनघट, लहरे सभी उदास। गगन अकेला दूर दूर तक, कौन बुझाये प्यास? श्वेत वसन तन शोभित नूतन, नीला है आकाश। श्याम गये निज धाम सखीअब, कौन बुझाये प्यास? कमल नयन व्याकुल मतवाले, वेणी है निर्बास। वेणी बीच प्रसून सिसकता, कौन बुझाये प्यास? सागर सलिल सिकत शीतल अति, श्याम बिना क्या रास? रीता घट उदास पग पैंजनियाँ कौन बुझाये प्यास? कौन बुझाये प्यास ? सखी अब कौन बुझाये प्यास?

– हेमराज सिंह

राष्ट्र हित में किए गए कार्य के कारण

राष्ट्र हित में किए गए कार्य के कारण अगर कुछ लोग तिलमिला रहे हैं ,तो उनकी राष्ट्रभक्ति पर ही एक प्रश्नवाचक चिन्ह है!!, देश की सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना उनके पर्याय पर संदेह उत्पन्न करता है। अभिव्यक्ति की आजादी और आंदोलन की आड़ लेकर भीड़ तंत्र के पीछे से जितने भी लोग राजनीति कर रहे हैं, वह भी कड़े दंड के भागी हैं। - **प्रवीण माटी**

आ गयी हूँ वक्त पे फिर उसी मुकाम पर

मैं आ गयी हूँ वक्त पे फिर उसी मुकाम पर मेरी आबादियों के काफिले है जिस दुकान पर भूली नहीं हूँ कल ,भूली नहीं वो पल मैं जब मंजिलों के रास्ते, दिखते न थे उड़ान पर मैं हौसलों को थामे खड़ी, ख्वाबों की जमीं न थी गर्दिशों में देखकर, कोसता जहान भर खबर पूछते है आज वो जिनको कल खबर न थी जिन्होंने गजभर जमीं न दी , आज बैठा रहे मचान पर ।

– अहाना अर्चना पांडे

एक अर्धसत्य सा ही तो रहता जीवन

एक अर्धसत्य सा ही तो रहता है जीवन एक नवविवाहिता का बहुत कुछ छिपा होता है भविष्य के गर्भ में पीहर पीछे छूट जाता है विदा करके फिर पीहर से अपनापन खत्म सा कर देते हैं ससुराल और पीहर के बीच झूलती वो लड़की नहीं समझ पाती कौन सा घर उसका अपना है करती हरपल खुद को पराया सा महसूस ससुराल में क्या ये उसका अपना घर है , जहाँ नहीं ले पाती एक भी निर्णय और न ही लिया जाता किसी निर्णय में उसकी राय एक अर्धसत्य और सत्य के बीच झूलती बिता देती पूरा जीवन। – **सीमा राय द्विवेदी**

दिल ने न जाने क्यू दुबारा बगावत की

मेरे दिल ने न जाने क्यूँ दुबारा से बगावत की खुदा से दूर हूँ लेकिन खुदा ने ही हिफ़ाजत की कोई भी माप न पाएगा गहराई मुहब्बत की समंदर सी है गहराई मेरी उसकी मुहब्बत की।

– जया पाटिल

तुझे पाऊँ वो मन्नत से कम नहीं

हे कान्हा... तुझे पाऊँ वो मन्नत से कम नहीं तुझे सांसों में महसूस करूँ वो जन्नत से कम नहीं। काश तूने मुझे फूल बनाया होता। फिर तेरे हार में सजाया होता। जब गिरते हार के फूल तेरे चरणों में। तो गिरने का मजा ही कुछ और आया होता। **श्री मंजू**

मज़ा आता है ज़ालिम को हँसाकर

मज़ा आता है ज़ालिम को हँसाकर फिर रुलाने में। बहुत ही दर्द होता है हमें आँसू बहाने में। नहीं मालूम लोगों को खुदा के नेक हम बंदे , ज़माना भी लगा है आज जिसको ही मिटाने में। - **'ऐनुल' बरौलवी**

लघु कथा

जरूरत

एक दिन रास्ते से गुजरते हुए बस यूं ही देखते हुए गुजर रहा था जिन लोगों ने कूड़ा समझकर डाल दिया था, कुछ लोग उसे इकट्ठा कर रहे थे, यही उनकी रोजीरोटी थी, एक कपड़ों की दुकान पर पहुंचा, सभी लोग अपनी मनपसंद रंग साईज खोज रहे थे, एक छोड़ रहा था, दूसरा उसे खरीद रहा था, समानता कहीं न थी, जो दिखाई पड़ रही थी वो थी जरूरत. जरूरत की चीज़. प्रकृति की एक श्रृंखला होती है जो बनावटी नहीं स्वाभाविक होती है, एक दूसरे को जोड़ना. शायद आदमी यह कला नहीं जानता, वह मस्तिष्क लगाता है. और अपनी खुद की प्रवृति भूल जाता है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1154- किंग हेनरी द्वितीय इंग्लैंड के सम्राट बने। 1842- अमेरिका ने हवाई को प्रांत के रूप में मान्यता दी। 1860- 1848 से 1856 तक भारत के गवर्नर जनरल रहे लार्ड डलहौजी का निधन। 1899- मानवाधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले अमेरिकी नेता मार्टिन लूथर किंग सीनियर का जन्म। 1919- अमेरिका में मौसम विज्ञान सोसायटी की स्थापना। 1927- उत्तर प्रदेश ऑटोमोबाइल संघ की स्थापना। 1927- स्वतन्त्रता सेनानी राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाकुल्लाह खां और रोशन सिंह को अंग्रेजों ने फांसी दे दी। 1934- भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल का जन्म। 1941- जर्मन तानाशाह एडोल्फ हिटलर ने सेना की पूरी कमान अपने हाथ में ले ली। 1969- पूर्व क्रिकेटर नयन मोंगिया का जन्म। 1974- ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट खिलाड़ी एवं कप्तान रिकी पोंटिंग? का जन्म। 1983- ब्राजील के शहर रियो डि जेनेरियो से फुटबॉल के फीफा विश्व कप की चोरी।

भाजपा के शहरी एजेंडे में वादों का भंडार

■ जिस सिवरेज को 33 साल में पूरा नहीं कर सके उसे एक अमृत मिशन, प्रधानमंत्री शहरी आवास जैसे केन्द्र की योजनाओं पर फोकस

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। नगर निगम चुनाव के तहत भाजपा ने शहर विकास के लिए संकल्प पत्र जारी किया।पत्र में खास बात यह है कि जिस सिवरेज योजना को भाजपा शासन काल में 11 वर्ष में भी पूरा नहीं किया जा सका उसे भाजपा एक साल में पूरा करने का वादा किया है। केन्द्र की योजनाओं पर भाजपा ने शहर विकास को फोकस किया है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी प्रेमप्रकाश पांडेय ने सकंल्प पत्र जारी किया जिसमें बिलासपुर नगर निगम क्षेत्र में शामिल नए इलाकों में मूलभूत सुविधाएं जैसे सड़क, स्ट्रीट लाइट, पानी, सफाई प्रदान करने नए स्तर पर सफाई ठेका देने की बात कही गई है। वहीं राज्य स्तरीय संकल्प पत्र के आधार पर ही नगर निगम सीमा क्षेत्र में शामिल इलाकों में भी संपत्ति कर में रियायत देने की बात की गई है। पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल हालांकि यह मानते हैं कि अभी बिलासपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में शत-प्रतिशत नल कनेक्शन संभव नहीं हो पाया है । इसकी उपलब्धता 60त ही है। शत प्रतिशत नल कनेक्शन देने के साथ उन्होंने मिशन अमृत योजना के जरिए सभी घरों में 24 घंटे सातों दिन शुद्ध पेयजल देने का वादा किया है। आमतौर पर व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में लगे नल कनेक्शन से 800 रुपये का भारी-भरकम शुल्क लिया जाता है जबकि वे सामान्यतः पानी का कम इस्तेमाल करते हैं। इस शुल्क में रियायत देने की बात भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र में शामिल है। एक बार फिर अमर अग्रवाल ने भारतीय जनता पार्टी के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि हर आवास हीन को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर और भूमि का पट्टा प्रदान किया जाएगा। बिलासपुर नगर निगम में यातायात व्यवस्था को सुगम और व्यवस्थित बनाने की बात कहते हुए उन्होंने बाईपास सड़क निर्माण का भी दावा किया। अमर अग्रवाल ने कहा कि नए दौर में ई रिक्शा, ई ऑटो और बिजली से चलने वाले कारों की संख्या लगातार बढ़ेगी। इसी के कारण नगर निगम सीमा क्षेत्र में जगह-जगह ई रिचार्ज पॉइंट बनाए जाएंगे। इस घोषणापत्र में एक बड़ा ऐलान भी शामिल है जिसके अनुसार भवन निर्माण हेतु अनुज्ञा के नियमों का सरलीकरण करने की बात की गई है। वर्तमान में भवन निर्माण के लिए नक्शा पास कराने और अन्य औपचारिकताओं को पूरा करने में लोगों के पसीने छूट जाते हैं । इन नियमों को सरल करने की बात घोषणा पत्र में कही गई है। वही सभी जोन में सामाजिक और धार्मिक आयोजन के लिए मंगल भवन बनाने की बात भी इस 32 सूत्रीय घोषणा पत्र में शामिल की गई है। बिलासपुर की जीवनदायिनी अरपा नदी को स्वच्छ बनाने के लिए इसमें जगह-जगह खुलने वाले बड़े 7 नालों के पानी को नाली बनाकर शहर के बाहर छोड़ने की बात भी इस संकल्प पत्र में शामिल है। अगर ऐसा किया जाता है तो फिर बिलासपुर में पेयजल का संकट भी समाप्त होगा और अरपा नदी को भी स्वच्छ रखा जा सकेगा । संकल्प पत्र पेश करते हुए पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने कहा कि बिलासपुर में कई अधूरे निर्माण कार्य जारी हैं , जिनमें अमृत मिशन, स्मार्ट सिटी, सीवरेज, ई लाइब्रेरी, तारामंडल, फ्लाईओवर, पुल, स्मार्ट सड़क आदि शामिल है जिन्हें प्राथमिकता से पूरा करने का वादा संकल्प पात्र में किया गया है। प्रदेश की सरकार चाहे भी तो इस मद की राशि आवंटन करने से नहीं रोक सकती। बिलासपुर नगर निगम में शामिल राजकिशोर नगर में अलग से पानी टंकी और पाइप लाइन विस्तार की बात भी की गई है। मुक्तिधाम के उन्नयन की बात हो या फिर तालाबों के संवर्धन और सौंदर्यीकरण के दावे, सबकुछ इस संकल्प पत्र में शामिल है। एक बार फिर बिलासपुर नगर निगम क्षेत्र में निशुल्क वाईफाई सेवा देने की बात भारतीय जनता पार्टी ने अपने संकल्प पत्र में कही है। नए खेल मैदान और उद्यानों के निर्माण की बात भी घोषणा पत्र में शामिल है। वहीं सभी जोन में सर्व सुविधायुक्त हाट बाजार के निर्माण की बात एक बार फिर से कही गई है। पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने कहा कि बिलासपुर के अधिकांश क्षेत्रों में सार्वजनिक यूरिनल उपलब्ध नहीं है जिससे व्यापारियों और आम लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बिलासपुर नगर निगम में भाजपा की सरकार बनने पर बाजार क्षेत्रों में सार्वजनिक मूत्रालय बनाने की बात कही गई है। वही डिजिटल इंडिया की तर्ज पर जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड ,सफाई आदि सेवा को मोबाइल ऐप के जरिए उपलब्ध कराते हुए घर पहुँच सेवा उपलब्ध कराने की बात की गई है। युवाओं को रोजगार प्रदान हेतु कैरियर काउंसलिंग एवं सेवा केंद्र बनाने की बात भी इसमें शामिल है । प्रदेश स्तरीय संकल्प पत्र की तरह गरीबों के लिए श्रद्धांजलि योजना की राशि 2000 से बढ़ाकर 4000 रु की जाने की बात इस संकल्प पत्र में भी शामिल है।

पूर्व सीएमएचओ मधुलिका सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । सीएमएचओ कार्यालय में घोटाले को लेकर आज प्रार्थी पक्ष और एडवोकेट द्वारा सरकंडा थाना पहुंच आरोपी पूर्व सीएमएचओ डॉक्टर मधुलिका सिंह के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराई गई है मामले में सरकंडा थाना टीआई द्वारा हाई कोर्ट के आदेश के आधार पर शिकायत दर्ज कर ली है।

ज्ञात हो कि तत्कालीन सीएमएचओ मधुलिका सिंह पर दवा खरीदी, मितानिनों की नियुक्ति समेत बड़े पैमाने में घोटाला किए जाने का आरोप है उक्त मामले में चीफजस्टिस पीआर रामचंद्र मेनन व जस्टिस पीपी साहू के युगलपीठ में हुई। कोर्ट ने इस मामले में से सम्बंधित दस्तावेज पुलिस महकमे के आला अफसरों आईजी और एसपी को देने कहा गया था।

हाईकोर्ट की तरफ से कहा गया है कि राज्य शासन भी इस मामले में दोषी के खिलाफ विभागीय जांच, वसूली व अन्य कार्रवाई करें। इसके अलावा याचिकाकर्ता को आपराधिक और सर्विस मेटर दायर करने की भी छूट हाईकोर्ट ने दी है। पूर्व सीएमएचओ पद पर आसीन डॉ मधुलिका सिंह पर 4 करोड़ 90 लाख के घोटाले करने का आरोप था। जिसमे 6 सितंबर को याचिकाकर्ता एस संतोष कुमार और दिलीप यादव द्वारा हाईकोर्ट में जनहित याचिका लगाई गई थी। जिसमे डॉ मधुलिका सिंह पर दवा खरीदी, मितानिनों की नियुक्ति समेत बड़े पैमाने में घोटाला किए जाने का आरोप था।

हाईकोर्ट में ढाई करोड़ का घोटाला सिद्ध हुआ

बिलासपुर पूर्व सीएमएचओ कार्यालय में हुए घोटाला को लेकर दायर याचिका में योगेश्वर शर्मा ने याचिकाकर्ता के पक्ष से पैरवी की। जिसमे तत्कालीन सीएमएचओ मधुलिका सिंह दवा खरीदने, मितानिनों की नियुक्ति करने सहित अन्य कामों में 4.90 करोड़ रुपए का घोटाला किया का आरोप था। जिसमें हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान ढाई करोड़ का घोटाला सिद्ध पाया। साथ ही कोर्ट को यह भी बताया गया कि वे कई सालों से यहां दो-दो पदों में पदस्थ रही हैं।

नशा के विरूद्ध जागरूकता राष्ट्रीय पुरस्कार प्रविष्टियां 19 तक

बिलासपुर। भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा संचालित परियोजना, मद्यपान और नशीले पदार्थ (दवा) दुरूपयोग की रोकथाम के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार योजना अंतर्गत नशीले पदार्थ की रोकथाम और इसके पीड़ितों के पुनर्वास के क्षेत्रों में प्रयासों और उत्कृष्ट कार्य को मान्यता देने के लिये संस्थागत श्रेणी यथा एकीकृत पुनर्वास केन्द्र, पंचायत अथवा नगरीय निकाय, शैक्षणिक संस्था विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय, व्यसन मुक्ति अनुसंधान, सर्वोत्तम जागरूकता अभियान, स्व-सहायता समूह, गैर सरकारी संगठन, न्यास अथवा सोसाइटी, समुदाय आधारित संगठन तथा व्यक्तिगत श्रेणी अंतर्गत मनोचिकित्सक, उपचार व पुनर्वास, व्यवसायी, मनोवैज्ञानिक, कौशल प्रशिक्षक आदि सहित सामान्य सेवा अथवा विशेष मेडिकल चिकित्सक अथवा कार्यकर्ता, छात्र नेता आदि, जैसे गैर-व्यावसायिक व्यक्ति के लिये मद्यपान अथवा नशीले पदार्थ (दवा) दुरूपयोग निवारण तथा व्यसनी लोगों के लिये जागरूकता अभियान एवं पुनर्वास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया गया हो विभिन्न 7 श्रेणी हेतु प्रविष्टि 19 दिसंबर 2019 तक संबंधित संस्थाओं, व्यक्तियों से आमंत्रित किया गया है।

कृषि मास मीडिया समिति की बैठक 26 को

बिलासपुर । कृषि मास मीडिया समिति की बैठक 26 दिसंबर 2019 को संभागीय संयुक्त संचालक कृषि बिलासपुर कार्यालय में दोपहर 12 बजे आयोजित होगी। इस बैठक में जनवरी 2020 में आकाशवाणी केन्द्र बिलासपुर के माध्यम से किसानवाणी कार्यक्रम के अंतर्गत प्रसारण होने वाले विषय एवं वार्ताकार तय किये जायेंगे।

हत्या के बाद जली हुई मिली थी महिला की लाश प्रेमी ही निकला हत्यारा

बिलासपुर । गौरेला थाना क्षेत्र के इलाके में बेलगहनाटोला में अपने पिता से अलग रहने वाली महिला सरिता भरिया की लाश उसकी झोपड़ी के पास ही जली हुई हालत में मिली थी, जहाँ खून के छींटे मिले थे, जिससे आशंका जताई जा रही थी कि महिला की किसी ने पहले हत्या की होगी फिर आग लगाई गई होगी। मामले में गौरेला पुलिस ने छानबीन करते हुए 48 घंटो में ही इस अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझा दिया है।

दरअसल मृतिका सरिता भरिया अपने परिवार से अलग बेलगहनाटोला में रहती थी, जिसके घर कई लोगो का आना जाना था घटना दिनाँक को भी एक संदेही को उसके घर आने की जानकारी पुलिस को मिली जिसके बाद मामले में यह खुलासा हुआ ही वह संदेही मृतिका का प्रेमी था, पुलिस ने मृतिका और संदेही के फोन कॉल के डिटेल के आधार पर तथ्य एकत्र किए तो मामला सामने आ गया फिर संदेही मोगली चौहान निवासी गौरेला की तलाश की गई और उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो हत्या की वजह सामने आ गई। आरोपी युवक मोगली ने बताया कि महिला के घर कई लोगो का आना जाना लगा हुआ था, जिससे वह नाराज था, जब उसने इस बात पर एतराज जताया तो महिला सरिता भरिया उल्टे उससे ही विवाद करने लगी और डंडे से मारने लगी, चूंकि घटना दिनांक 15 दिसंबर की रात दोनों ने ही शराब पी थी तो यह विवाद और बढ़ गया, गुस्से में आकर उसने पहले गला दबाकर कर उसकी हत्या कर दी, फिर डर से उसने पेट्रोल डालकर उसे आग के हवाले कर दिया।

मामले में पुलिस ने सही संदेही की पहचान की और उसे पकड़कर पूछताछ की तो प्यार में तकरार के बाद चरित्र शंका पर हत्या का खुलासा हुआ, जिसमे गौरेला पुलिस ने आरोपी मोगली चौहान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाने में एसपी, एडिशनल एसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी अमित पाटले सहित थाना स्टॉफने गंभीरता दिखाई और 48 घंटे के भीतर आरोपी को सलाखों के पीछे भेज दिया।

अपोलो में हुआ शेख गफ्फार का एन्जोप्लास्टी

बिलासपुर । बीडीए के पूर्व अध्यक्ष और नगर निगम के वार्ड क्रमांक 29 से चुनाव लड़ रहे शेख गफ्फर को आज दोपहर 12 बजे के करीब बेचैनी महसूस हुई। इलाज के लिए अपोलो ले जाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने हार्ट अटैक होना पाया। लगभग दो बजे से शेख गफ्फार का एन्जोप्लास्टी किया गया। डॉक्टरों का कहना है कि स्थिति अब नियंत्रण में है। मिली जानकारी के मुताबिक शेख गफ्फार रोज की तरह कल देर रात तक चुनावी कार्यक्रम में व्यस्त रहे। आज सुबह से ही लोगों का आना-जाना शुरू हो गया था। दोपहर 12 बजे के करीब प्रचार के दौरान ही उन्हें बेचैनी महसूस हुई, तब उन्होंने अपने पारिवारिक लोगों को इस बात की जानकारी दी, और तुरंत उन्हें अपोलो ले जाया गया। तब तक बिलासपुर शहर के कांग्रेस जनों को भी इसकी जानकारी हो गई। कई लोग अपोलो अस्पताल पहुंच चुके थे। तत्काल अपोलो में इलाज प्रारंभ हो गया। दोपहर दो बजे एन्जोप्लास्टी की गई। अपोलो के सूत्रों का कहना है कि अभी स्थिति सामान्य है लेकिन कुछ दिन अस्पताल में ही रहना होगा।

रेलिंग से टकराकर ऑटो पलटी, एक छात्रा गंभीर

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। सुबह कोटा क्षेत्र की तीन छात्राएं अर्धवार्षिक परीक्षा देने के लिए कन्या शाला आई थी । जहां से वे अपने घर ऑटो से वापस लौट रही थी। इसी दौरान ऑटो रतनपुर कोटा मार्ग के मेंड्रा पारा पास में सड़क से लगे रेलिंग में अनियंत्रित होकर टकरा कर पलट गई । जिसमें एक छात्रा को गंभीर चोटे आई है । वही 2 को मामूली चोटे आई है । घटना की जानकारी लगते ही रतनपुर पुलिस सभी छात्राओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया । जहां पर उनका उपचार जारी है ।

इस संबंध में रतनपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि कुमारी रोशनी पोटाम पिता साधराम पोटाम उम्र 17 वर्ष छेरका बांधा की निवासी है । जोकि कन्या शाला में कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा , दीपांशी साहू पिता राम जी उम्र 17 वर्ष लारी पारा की निवासी और आरती साहू पिता दलेश्वर साहू उम्र 17 वर्ष भी लारी पारा की निवासी है । तीनों छात्राएं कन्या शाला में कक्षा ग्यारहवीं में पढ़ाई करती है । सुबह अर्धवार्षिक परीक्षा देने के लिए रतनपुर कन्या शाला आई थी । परीक्षा समाप्त बाद स्कूल से छुट्टी होने के पश्चात ऑटो क्रमांक सीजी 10 एयू 2414 में बैठकर अपने घर वापस लौट रही थी । इसी दौरान ऑटो रतनपुर कोटा मार्ग के मेंड्रा पारा पास में सड़क किनारे लगे रेलिंग में तेज रफ्तार में होने के चलते अनियंत्रित होकर टकरा कर पलट गई । जिसमें कुमारी रोशनी को गंभीर चोटे आई है । वही दीपांशी साहू और आरती साहू को मामूली चोट आई है । घटना की सूचना मिलते ही रतनपुर पुलिस सभी घायलों को समुदायिक स्वास्थ्य रतनपुर में लाकर भर्ती कराया । इस दौरान दीपांशी साहू और आरती साहू अपना मुलाहिजा कराने के लिए इंकार कर दीया फिलहाल रतनपुर पुलिस प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर इस मामले की जांच में जुटी है ।

एसईसीएल शाखा को 29वें क्षेत्रीय सम्मेलन में उत्कृष्ट गतिविधियों के सम्मानित

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। फोरम ऑफ विप्स की एसईसीएल शाखा को ओएनजीसी ऑफिसर्स क्लब अहमदाबाद में आयोजित विपस पश्चिम क्षेत्र के 29वें क्षेत्रीय सम्मेलन में उत्कृष्ट गतिविधियों हेतु द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 16दिसंबर को ओएनजीसी ऑफिसर्स क्लब के सभागार में श्रीमती बीजलपटेल, महापौर नगर निगम अहमदाबाद के मुख्य आतिथ्य एवं संदीप सहगल कार्य. निदेशक ओएनजीसी अहमदाबाद की अध्यक्षता में आयोजित इस क्षेत्रीय सम्मेलन में एसईसीएल विप्स की समन्वयिका श्रीमती अनुपमा आनंद टेम्भुर्णीकर प्रबंधक (कार्मिक) ने एसईसीएल की ओर से यह पुरस्कार प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि इस एक दिवसीय सम्मेलन में विपस पश्चिम क्षेत्र की लगभग 130 विप्स सदस्याओं ने भाग लिया। इस सम्मेलन में उद्घाटन समारोह के अलावा चार कार्यसत्र भी आयोजित किए गए जिनमें सुश्री जमोईउन्नी द्वारा 'लर्न, अनलर्न एंडरीलर्न' विषय पर, सुश्री मिली शर्मा द्वारा 'पर्सनलब्रान्डिंग'' विषय पर, सुश्री निरजा अरूण द्वारा 'क्लाइंब द सक्सेस लैडर टुगेदर' विषय पर एवं सुश्री जानकी वसंत द्वारा 'मेंटरिंग इन चेंजिंग सोशलनॉर्म्स' विषय पर अत्यंत प्रभावी ढंग से विचार रखे गए। 'मेंटरिंगविथ जील रोलिंग द व्हील' विषय पर आयोजित इस 29वें क्षेत्रीय सम्मेलन में एसईसीएल विपस को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त होने पर एसईसीएल विप्स की सदस्याओं ने अध्यक्ष सहप्रबंध निदेशक ए.पी. पण्डा एवं निदेशक (कार्मिक) डॉ. आर.एस. झा से सौजन्य भेंट की। इस पर इन्होंने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।

प्रतिक्रिया पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय ने मुख्यमंत्री द्वारा नागरिकता अधिनियम पर किये टिप्पणी पर दी प्रतिक्रिया

तो फिर मुख्यमंत्री निवास प्रमाण पत्रों की अनिवार्यता को खत्म करें

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । देश के एक एक नागरिक को 1955 अधिनियम के तहत नागरिकता का अधिकार है। कांग्रेस सरकार ने ही आधार कार्ड में अंगूठा लेने का चलन शुरू किया है। मुख्यमंत्री इस मुगालते में ना रहे कि सीए को प्रदेश में लागू नहीं किया जा सकता है। सीएम को मालूम होना चाहिए कि कानून संविधान के समवर्ती सूची के तहत बनाया गया है। उन्हें ही नहीं उन जैसे किसी भी सरकार को लागू करना ही होगा। कांग्रेस पार्टी भ्रम फैला रही है कि एनआरसी प्रमाण पत्र देना होगा। जबकि देश में 1955 के अनुसार ही नागरिकता का कानून लागू है। श्री बघेल को गलत लग रहा है तो वे प्रदेश के स्कूल, कालेज व सरकारी नौकरियों में अनिवार्य रूप से मांगे जाने वाले निवास प्रमाण पत्र की अनिवार्यता को खत्म करने की घोषणा करें ।

नगर निगम बिलासपुर चुनाव प्रभारी प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश के सीएम को मालूम होना चाहिए कि देश में 1955 अधिनियम के तहत ही नागरिकता हासिल है। एनआरसी में प्रमाण पत्र देने को लेकर कांग्रेस पार्टी देश को भ्रमित कर रही है। कहते हैं कि महात्मा गांधी ने दक्षिण अफ्रीका में काले कानून के खिलाफ अंगूठा देने से इंकार किया था। सवाल उठता है कि आखिर आधार कार्ड में अंगूठा लेने का चलन किसने शुरू किया है। एनआरसी में नागरिकता प्रमाण पत्र के सवाल पर प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री को चाहिए कि प्रदेश के बच्चों को निवास प्रमाण जारी करने का अधिकार खत्म कर देना चाहिए। यदि ऐसा नहीं कर सकते हैं तो भ्रम फैलाना बंद करें। क्योंकि सीए समवर्ती सूची का विषय है। इस कानून को लागू करने से कोई राज्य नहीं बच सकता है। प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एनआरसी को राजनैतिक मुद्दा बनाकर एक विशेष वर्ग में भय पैदा कर रही है। देश का साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने का अभियान चला रही है। पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश की जनता को मुख्यमंत्री गुमराह कर रहे हैं। बताना जरूरी है मुख्यमंत्री ऐसा चुनाव को ध्यान में रखकर बयान दे रहे हैं। जबकि जनता उनकी बातों को नजरअंदाज कर भाजपा को जीताएगी। मुख्यमंत्री का दावा है कि आरएसएस कार्यालय में अखण्ड भारत का नक्शा लगा है। क्या अखण्ड भारत रहने वालों को देश की नगारिकता देने को तैयार है। प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि पहली बात यह कि सीएम कानून में स्पष्ट है कि पाकिस्तान,बंग्लादेश, अफगानिस्तान इस्लामिक राष्ट्र हैं। यदि अल्पसंख्यक शरणार्थी बनकर यहां है तो उन्हें भारत की नागरिकता दी जाएगी। हां अखण्ड भारत की परिकल्पना हमारी है। स्थिति परिस्थिति आएगी जब भारत एक होगा तो उस समय की स्थिति उसी के अनुरूप होगी। क्या उन्हें नागरिकता देंगे..या नहींप्रेम प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि अखण्ड भारत का निर्माण होगा सबको अधिकार भी मिलेगा।

राजस्व मामले में नोटिस

न्यायालय तहसीलदार केशकाल तहसील केशकाल, जिला-कोंडागांव राजस्व प्रकरण क्रमांक-201911201000013 मामले का विषय- ब-121 (विविध सामान्य राजस्व मामले)

पक्षकारों का विवरण

आवेदक- बुधराम

अनावेदक- लखमू, लछमन, झिरगो, जयमी, बतीबाई, वियनबाई

भूमि का विवरण जिसके संबंध में विवाद विचाराधीन है

जिला-कोंडागांव तहसील केशकाल प.ह.नं. 000 ग्राम/खसरा (रकबा)/ साल्हेभाठ आवेदक/ अनावेदक/ गवाह जिसे नोटिस जारी किया जा रहा है। नाम- बुधराम पिता- चुडूर, पता साकिन साल्हेभाट प.ह.नं. 21 तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव (छ.ग.) आपको सूचित किया जाता है कि उपयुक्त मामले की सुनवाई की तारीख 20/12/2019 दिन के 11 बजे स्थान- न्यायालय तहसीलदार केशकाल पर होगी।

नोटिस दिनांक 14/12/2019

सील राजस्व अधिकारी

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
बलरामपुर वनमण्डल बलरामपुर (छत्तीसगढ़)

नीलाम सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बलरामपुर वनमण्डल के अंतर्गत काष्ठागार वाड्रफनगर में रखी ईमारती लकड़ी को निम्नलिखित तिथि व समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा नीलाम किया जावेगा। इच्छुक पंजीकृत व्यापारियों एवं अन्य क्रेताओं को सलाह दी जाती है कि नीलाम में भाग लेने के पूर्व काष्ठागार में रखी काष्ठ का भली भांति अवलोकन कर लेवें। नीलाम में संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी काष्ठागार वाड्रफनगर से प्राप्त की जा सकती है। नीलाम में रखी काष्ठ का वास्तविक मात्रा अधिसूचित मात्रा से भिन्न हो सकती है :-

नीलाम स्थल - काष्ठागार वाड्रफनगर

नीलाम दिनांक व समय - 28.12.2019 प्रातः 09.30 बजे से

क्र.	प्रजाति विवरण	नया काष्ठ		पुराना काष्ठ	
		लट्ठा घ.मी.में	बल्ली/डेंगरी नग में	लट्ठा घ.मी.में	बल्ली/डेंगरी नग में
1	2	3	4	5	6
A	ईमारती काष्ठ				
1	सागौन			1.971	88
2	साल	300.000	-	13.102	2013
3	साजा	18.027	-	-	136
4	हल्दु, मुण्डी, बांसा	-	-	-	7
5	धावड़ा	2.175	-	-	55
6	अन्य मिश्रित	-	-	-	544
	G-Total	**320.202**	**0**	**15.073**	**2843**
B	मिश्रित जलाऊ	2.00मी.x1.25मी.x0.80 मी.		206 चट्टा	
C	राजसात वाहन				
	वाहन का प्रकार	वाहन का पंजीयन क्रमांक		वाहन कहां स्थित है?	
(1)	मार्शल	UP50B/9090		पुराना परिक्षेत्र कार्यालय कैम्पस रामानुजगंज में खड़ा है।	
(2)	मोटर सायकल होण्डा लिवो	CG15CZ/1291		पुराना परिक्षेत्र कार्याल कैम्पस रामानुजगंज में खड़ा है।	

टीप :- क्रेता को पैन एवं टिन नंबर तथा रजिस्ट्रेशन वर्ष 2019 एवं जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन नंबर की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

वनमण्डलाधिकारी
बलरामपुर वनमण्डल बलरामपुर

जी-75820/3

न्यूज गैलरी

ट्रक चालक पर कार्रवाई

महासमुंद। अव्यवस्थित रूप से सड़क किनारे ट्रक खड़ी करने पर पुलिस ने वाहन जब्त कर लिया। पुलिस ने बताया कि सोमवार शाम 7.30 बजे परसदा के पास चालक ने ट्रक खड़ी कर दिया था जिससे राहगीरों को आने-जाने में परेशानी हुई। पुलिस ने ट्रक चालक युवराज साहू के खिलाफ धारा 283 के तहत अपराध दर्ज किया है।

युवक से शराब बरामद

महासमुंद। पिथौरा क्षेत्र के बल्लू ढाबा के पास सोमवार रात पौने 8 बजे पुलिस ने सेवैया कला निवासी हुसराम बघेल के कब्जे से 3.960 लीटर देशी शराब बरामद की। जिस पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

पिता से मारपीट

महासमुंद। जमीन बंटवारे की बात पर युवक ने पिता की पिटाई कर दी। पटेवा क्षेत्र के जोगीडीपा निवासी सहसराम जांगड़े के मुताबिक सोमवार शाम 7.30 बजे उसका पुत्र शैलेंद्र घर पहुंचा और जमीन बंटवारे की बात पर जमीन पर पटक दिया। जिससे उन्हे चोंटे आई है। पुलिस ने युवक के खिलाफअपराध दर्ज किया है।

20 को मतदान सामग्री वितरण

महासमुंद। नगरीय निकाय निर्वाचन 2019 के तहत आगामी 20 दिसम्बर को महासमुन्द नगरपालिका परिषद् के निर्वाचन के लिए कृषि उपज मंडी पिटियाझर से मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा। मतदान सामग्री प्रदाय एवं वापसी के लिए गठित कर्मचारियों को मतदान सामग्री वितरण करने तथा सामग्री वापसी के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

गीता प्रवचन 25 से

महासमुंद। वृंदावन स्कूल इमलीभाठा के पास गीता ज्ञान यज्ञ एवं अलविदा तनाव शिविर का आयोजन 25 दिसंबर से किया गया है जो 31 दिसंबर तक चलेगा। सात दिवसीय शिविर रामायण, महाभारत एवं श्रीमद भागवत गीता पर आधारित होगा। सुबह 7 से साढे 8 बजे तक म्यूजिकल एक्सरसाइज एवं मेडिटेशन तनाव मुक्ति शिविर और शाम 4 से6 बजे तक गीता प्रवचन बीके आस्था दीदी द्वारा दिया जाएगा।

गुरूघासी जयंती पर निकाली शोभायात्रा

महासमुंद। गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर मंगलवार को सतनामी समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा बागबाहरा रोड स्थित सांस्कृतिक भवन से प्रारंभ होकर बरोंडा चौक, अंबेडकर चौक, एकता चौक होते बेचमा भाठा स्थित सतनाम भवन में समापन हुई। इस दौरान पंथी नृत्य दल सेवातीकोल्दा और कछारडीह राऊत नांचा आकर्षक का केंद्र रहा।

दो लोगों से 49 लीटर शराब बरामद

महासमुंद। आबकारी विभाग की टीम ने 12 दिसम्बर को ग्राम टोंगोपानी में बाबूलाल पटेल से एक सफेद प्लास्टिक बोरी में 220 पाउच उड़ीसा निर्मित जेब्रा छाप 44 लीटर मदिरा जब्त की। आरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) के तहत जेल भेजा गया। इसी प्रकार 11 दिसंबर को ग्राम छिन्दौली, टूरीडीह मार्ग पर 29 पाव विदेशी मदिरा शराब कुल 5.22 लीटर जब्त कर आसाराम के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई।

पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन

महासमुंद। विशेष ग्राम सभा में उपस्थित सभी ग्रामवासियों को संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों ने शासन द्वारा पंजीकृत किसानों से प्रति एकड़ 15 क्विंटल के मान से धान की खरीदी किए जाने के संबंध में जानकारी दी गई।

लोक चेतना के साथ शास्त्रीय संगीत का सुंदर समन्वय देख कार्यक्रम में प्रसन्न हुई राज्यपाल सुश्री उइके

ललित कला के क्षेत्र में इंदिरा कला संगीत महाविद्यालय खास पहचान

- इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय का पंद्रहवां दीक्षांत समारोह सम्पन्न, कुलाधिपति एवं राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उईके ने छात्र-छात्रों को दी उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं
- उस्ताद जाकिर हुसैन एवं ऋषि वशिष्ठ जैसे सम्मानित अतिथियों ने भी ली दीक्षांत समारोह के अवसर पर स्नातकों को दी उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं

राजनांदगांव। इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय में लोक और शास्त्र का सुंदर समन्वय है। अपनी लोक चेतना के साथ शास्त्रीय संगीत को बढ़ावा देने का यह यशस्वी उपक्रम छत्तीसगढ़ को ललित कला के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खड़ा करता है। यह संबोधन कुलाधिपति एवं राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उईके ने इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के पंद्रहवें दीक्षांत समारोह के अवसर पर व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि संगीत के क्षेत्र में जाकिर हुसैन जी जिन्होंने भारत का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया है। वे हमारे बीच इस अवसर पर मौजूद हैं। मैंने देखा कि जो सहजता और सरलता मैंने आपके भीतर देखी, वहीं आपकी शक्ति है। उनकी इस सहजता से विद्यार्थियों को सीखना चाहिए। इसी भावना ने उन्हें इतना बड़ा मुकाम दिया है। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में मैंने जो सीखा, उसके बुनियाद पर मैं आपके बीच खड़ी हूं। जैसा कि मैं श्री जाकिर हुसैन जी को सुन रही थी, उन्होंने बताया कि 3 साल की आयु से वे संगीत सीख रहे हैं और अब भी शिष्यवृत्ति उनमें मौजूद है। यह सीखने की बात है। ऐसा ही आचरण हम सबका होना चाहिए। यह हमारे लिए गौरव की बात है कि इस छोटे से शहर में लघु भारत दिखता है। हम स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर जी एवं रानी पद्मावती देवी जी के प्रति आभारी हैं, जिन्होंने ललित कला के प्रति समर्पित यह संस्थान हमें सौगात के रूप में दिया।

इस अवसर पर पद्मश्री एवं पद्मभूषण से सम्मानित देश के जाने माने तबला वादक जाकिर हुसैन को मानद डॉक्टरेट की उपाधि से कुलाधिपति सुश्री अनुसुईया उईके ने सम्मानित किया। इस मौके पर श्री हुसैन ने कहा कि इस सम्मान से मैं अभिभूत हूं। मेरे पिता ने मुझे सिखाया कि हमेशा अपने भीतर शिष्य की प्रवृत्ति रखना। सीखने की ललक रखना और मैं हमेशा उनकी यह बात सूक्त वाक्य के रूप में रखता हूं। उन्होंने कहा कि दुनिया में आने पर पहली सांस से लेकर आखरी सांस तक हर क्षण सीखना है। परफेक्शन प्राप्त नहीं किया जा सकता, केवल हर क्षण इसकी कोशिश होनी चाहिए। बुद्ध जैसा निर्वाण दुर्लभ है। उन्होंने कहा कि जीवन के कण-कण में संगीत है। जीवन के इस गीत को लय में गा लें तो इससे बेहतर कुछ नहीं। उल्लेखनीय है कि श्री हुसैन को 2 बार ग्रेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने 3 वर्ष की अल्पायु में ही अपने पिता उस्ताद अल्लारक्खा खान से तबले की तालीम गृहण की। इस मौके पर प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। साथ ही शोध छात्र-छात्राओं को भी डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि सीसीआरटी नई दिल्ली के निदेशक ऋषि वशिष्ठ ने कहा कि कलाएं हमें ताकत देती हैं कि हम अपने शर्तों पर जीवन जी सकें। हममें दृढ़ता और विश्वास पैदा करती हैं।

गंडई के 6 वार्डों में सियासी हलचल

- चुनाव आयोग का मतदाता जागरूकता अभियान, सालो के बाद देखने को मिला मतपेटी

नवप्रदेश संवाददाता

गंडई पंडरिया। भाजपा कांग्रेस व निर्दलीय प्रचार मे व्यस्त है । वही चुनाव आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत वोटिंग देने की विधि मतदाता को बताई जा रही है । दस से कम प्रत्याशी होने पर मतपत्र को एक बार मोड़ना है ज्यादा होने पर दो बार मोड़कर डालना है चुनाव आयोग ने साहेब लाल जंघेल मास्टर ट्रेनर शिक्षा विभाग , सुनील ठाकुर वन विभाग , सुखदेव सिंह पुशाम , अमीन पटवारी जल संसाधन विभाग की ड्यूटी लगाई गई है । मतदाता को जानकारी देने के बाद रजिस्टर में उनके हस्ताक्षर लिए गए मिली जानकारी के अनुसार 2 दिनों में 105 लोगों को मतदान की विधि के विषय में जागरूक किया गया

बुढ़ा देव वार्ड क्रमांक : संगठन के मंझे हुए नेता व युवा चेहरे के बीच सीधा मुकाबल

वार्ड 4 जिसे बूढ़ादेव वार्ड के नाम से जाना जाता है चुनाव मे कांग्रेस के युवा प्रत्याशी सूरज नामदेव का सीधा मुकाबला भाजपा प्रत्याशी राकेश ताम्रकार से है। वार्ड में कुल मतदाता 565 हैं मोहल्ले के हिसाब से देखें तो गोड़ पारा में 119, मरार पारा में 65, सोनी पारा में 153, नामदेव पारा में 104, और केवट पारा में 107, मतदाता शामिल हैं भाजपा के राकेश ताम्रकार संगठन के बेहद मंझे हुए नेता है । भाजपा के सभी गुट के तालमेल उनके लिए फायदेमंद है। वर्तमान में भाजपा के नारायण शर्मा पार्षद हैं वार्ड ओबीसी के लिए आरक्षित हो गया लिहाजा पूर्व पार्षद नारायण शर्मा को 5 से टिकट ना देना वार्ड में चार भाजपा को नुकसान पहुंचा सकता है। सूरज नामदेव युवा चेहरा है मिली जानकारी के अनुसार में उनकी तैयारी कई माह पूर्व की है सोनी पारा के बाद उससे ज्यादा नामदेव मोहल्ले में मतदाता है।

इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक

इंदिरा गांधी वार्ड ऋमांक 5 की भी राजनीतिक महोल देखने को मिल रहा है । सभी प्रत्याशी चुनाव प्रचार मे ज़ोर शोर से भिड़े हुये है । इस वार्ड मे 5 प्रत्याशी मैदान मे है और इस वार्ड मे मुक़ाबला टक्कर का नजर आ रहा है । इस वार्ड मे 4 प्रत्याशी पार्षद रह चुके है । वार्ड 05 के पूर्व पार्षद निर्मला साहू भाजपा से जो की वार्ड 4 से पार्षद रह चुके है वही कांग्रेस से मालती साहू मैदान मे है जो की 1 साल पहले से प्लानिंग थी । वही निर्दलीय वर्तमान पार्षद संजु यादव की पत्नी भी मैदान मे है , भाजपा के दिग्गज नेता नारायण शर्मा की पत्नी सरोज शर्मा भी उगता सूरज छाप से चुनाव लड़ रहे जो की वार्ड 4 के वर्तमान पार्षद है । वार्ड 6 के पार्षद शानू खान की पत्नी भी वार्ड 5 से निर्दलीय प्रत्याशी है । वार्ड की भौगोलिक स्थिति रानीबाग़ीचा, कोपेभाठा से रानीबाग़ीचा जाने वाले मार्ग दायीं ओर से नहर होते हुए गांधी चौक पहुँचने वाले मार्ग की दायीं ओर का भाग शामिल है । वार्ड में कुल मतदाता 707 है । वार्ड आदिवासी, हरिजन, सोनी, साहू, ताम्रकार व अग्रवाल मतदाता शामिल है ।

माँ गंगई देवी वार्ड क्रमांक: दो बार के पार्षद व भाजपा के दिग्गज मैदान में

वार्ड की पहचान गंगई मंदिर से है सर्वधर्म अधिक दुकाने भी इसी वार्ड में है निकाय का कार्यालय भी वार्ड में आता है।1 प्राथमिक शाला 1 माध्यमिक शाला भी वार्ड में है गंगई मंदिर वार्ड में वर्तमान में कांग्रेस की सलमा बेगम अली पार्षद है वर्तमान में वार्ड में दोनों प्रमुख दलों ने पिछड़ा प्रत्याशी उतारा है कांग्रेस ने पूर्व पार्षद लियाकत अली व भाजपा से पूर्व पार्षद व एल्डरमैन रहे राजेश मेहता को टिकट दी है वार्ड 7 में कुल 661 मतदाता है वार्ड के केवट पारा, देवकी नगर, पुराना वेयर हाउस, हॉस्पिटल पारा गंगई मंदिर मोहल्ला, विश्राम गृह व अटल आवास का क्षेत्र आता है। भाजपा के लिए अभिषेक सिंह बैठक ले चुके हैं राजेश मेहता सांसद संतोष पांडे के करीबी है राजेश मेहता भाजपा का निर्विवाद चेहरा है भाजपा के दिग्गज नेता व पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल व युवा मोर्चा के अध्यक्ष राकेश ठाकुर का गृह निवास भी इसी मोहल्ले मे है। कांग्रेस के प्रत्याशी लियाकत अली को वार्ड में बेहद सक्रियता माना जाता है कांग्रेस के पूर्व पार्षद व मोहम्मद अकबर के करीबी सुरेंद्र जायसवाल का भी वार्ड निवास है।

डॉक्टर अंबेडकर वार्ड क्रमांक 15

भाजपा के अनुभवी और कांग्रेस के युवा, निर्दलीय के रूप में विधायक प्रतिनिधि मैदान में है । कांग्रेस का युवा नेता दिलीप ओगरे चुनाव लड़ रहे हैं अंबेडकर वार्ड 15 में भाजपा के कद्दावर नेता, पूर्व मंडी अध्यक्ष व पूर्व पार्षद व एल्डरमैन जीवनदास रात्रे चुनाव लड़ रहे हैं, निर्दलीय प्रत्याशी में पूर्व पार्षद पति चुन्नू कुर्रे और विधायक प्रतिनिधि चंद्रेश महिलांगे मैदान में है। वार्ड में कुल 536 मतदाता है वार्ड की भौगोलिक स्थिति को देखें तो कुम्हारी से साल्हेवारा स्टेट हाईवे आता है।

गुरु घासीदास वार्ड क्रमांक 8

कांग्रेस के अजीतगढ़ को अपनों की चुनौती वार्ड में 3 प्रत्याशी मैदान में है कांग्रेश के पंजा छाप में भुनेश्वरी रात्रे, भाजपा के कमल छाप में निराशा कुर्रे, निर्दलीय पार्षद शिव कुर्रे की पत्नी सुनीता कुर्रे दो पति छाप में है । वार्ड 8 अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित है ।

ग्रुप डांस सरगम ग्रुप महासमुंद, युगल में जय छत्तीसगढ़ लोक कला मंच टीम जीती

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। ग्राम लाहोद के मां चण्डी दुर्गोत्सव समिति के तत्वाधान में जय गौरा-गौरी डांस प्रतियोगिता का आयोजन गत दिनों शासकीय हाई स्कूल प्रागंण में रखा गया था। जय गौरा-गौरी प्रतियोगिता में आसपास सहित दुर-दराज के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। वही देर रात तक चले डांस प्रतियोगिता का आनंद लेने आसपास के गांव से ग्रामीण पहुंचे हुए थे। जिसमें सामूहिक डांस प्रतियोगिता में सरगम डांस ग्रुप महासमुंद व एकल-युगल में जय छत्तीसगढ़ लोक कला मंच पामगढ़ प्रथम स्थान प्राप्त किए।

जय गौरा-गौरी डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव रहे। अध्यक्षता ग्राम पंचायत के सरपंच रूपाऊदास कोसले के द्वारा किया गया। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष पवन साहू, उपसरपंच जमूना साहू, जनपद सदस्य प्रतिनिधि रमेश साहू, उपसरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र साहू पुष्पेश साहू, विकास साहू, हरिश साहू, हरिश देवांगन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

कन्ज्यूमर बिलिंग के कार्यो की ईडी पटेल ने की समीक्षा

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूषन कम्पनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेषक संजय पटेल ने सर्किलए संभागीय एवं उपसंभागीय कार्यालयों में कन्ज्यूमर बिलिंग से संबधित कार्यो की बिलिंग पंजी का अवलोकन करते हुए बिन्दुवार जानकारी लेकर इसे निर्धारित समय.सीमा में पूर्ण करने के निर्देष दिए। उन्होने इससे संबधित कार्यो की समीक्षा करते हुए लेखाधिकारी कार्यालय के उपस्थित कर्मचारियों को बिलिंग से संबधित सभी कार्यो का लेखा-जोखा सजग रहकर दी गई समयावधि में संवेदनषीलता के साथ पूर्ण करने की नसीहत दी। श्री पटेल ने वृत्तए संभागीय एवं उपसंभागीय कार्यालयों से प्रेशित माहभर के सभी बिलिंग संबंधी रिकार्डो की विस्तृत जानकारी ली तथा मौजूदा बिलिंग प्रणाली में प्रविश्ठियों को सही रखते हुए षत्प्रतिषत प्रोग्रेस बनाये रखने के निर्देष प्रसारित किये। कार्यपालक निदेषक ने बैठक में उपस्थित कर्मचारियों सें दो टूक कहा कि कन्ज्यूमर बिलिंग से संबधित कार्यो में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाष्त नही की जायेगी।

ग्राहक बनकर पहुंचे युवकों ने ज्वेलरी दुकान से की चोरी

- सीसीटीव्ही में नजर आए चोर, तलाश में जुटी पुलिस

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। झलप स्थित एक ज्वेलरी दुकान से मंगलवार दोपहर सामान खरीदने के बहाने पहुंचे दो युवकों ने जेवरातों का डिब्बा चुरा कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। वार्ड 5 झलप निवासी महेन्द्र कंसारी पिता गोरेलाल (35) ने बताया कि उनकी शांति ज्वेलर्स के नाम की दुकान है। दोपहर 12 बजे दो युवक उनके दुकान पहुंचे और अंगूठी व हार दिखाने कहा। दुकान में भाभी अनिमा कंसारी थी। सामान दिखाते समय एक व्यक्ति बातों में उलझाए रखा। इसी दौरान एक व्यक्ति ड्राज में रखे एक डिब्बे को चुरा लिया। थोड़ी देर बाद दोनों बिना सामान खरीदे ही दुकान से चले गए। जब ड्राज में रखा डिब्बा नहीं दिखा तो, चोरी होने की आशंका हुई। तत्काल दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा। जिसमें सामान खरीदने आए दो व्यक्ति में से एक ड्राज से डिब्बा निकालते हुए दिखा। पुलिस के अनुसार चोरी हुए डिब्बे में सोने का एक हार, दो नग लॉकेट व तीन नग फुल्ली थी। जिसकी कीमत करीब 35 हजार रूपए है।

निगम कर्मचारी अनिल श्रीवास्तव को सेवानिवृत्त होने पर दी गई बिदाई

राजनांदगांव। नगर निगम के सभागृह में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में लोककर्म विभाग में भृत्य के पद पर कार्यरत एवं टाऊन हाल उद्यान प्रभारी अनिल श्रीवास्तव को सेवानिवृत्त होने पर आयुक्त चंद्रकांत कौशिक की उपस्थिति में बिदाई दी गयी। कार्यक्रम में आयुक्त चंद्रकांत कौशिक सहित कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके व दीपक जोशी, सहायक अभियंता जयनारायण श्रीवास्तव, कामना सिंह यादव व आरके साहू, प्र. सहायक अभियंता अतुल चोपडा व संदीप तिवारी, लेखा अधिकारी यूएस वर्मा, समाज कल्याण अधिकारी भूपेश वाडेकर, उप अभियंता प्रणय मेश्राम, सुषमा साहू, गरिमा वर्मा, पिंकी खाती, स्थापना प्रभारी आरबी तिवारी,प्र. कार्यालय अधीक्षक अशोक चौबे द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारी अनिल श्रीवास्तव को माला पहनाकर,गुलाल लगाकर, शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया तथा श्री श्रीवास्तव को 70 हजार रूपये का अवकाश नगदी करण का चेक आयुक्त श्री कौशिक द्वारा दिया गया।

निकाय चुनाव के लिए अधिकारियों को दी जिम्मेदारी

महासमुंद। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने मंगलवार को यहां कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर जैन ने नगरीय निकाय निर्वाचन 2019 के अंतर्गत सभी नगरीय निकायों में पीठासीन अधिकारियों के प्रशिक्षण, सामग्री वितरण-वापसी सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मतदान दलों के लिए वाहन की व्यवस्था जिला स्तर से की जाएगी और इसके लिए पीएमजीएसवाई एवं जिला परिवहन अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है। जिले में चल रहे धान खरीदी के संबंध में जिलास्तरीय नोडल अधिकारियों को निरीक्षण के दौरान ध्यान रखने वाले महत्वपूर्ण बिन्दुओं के अनुसार सतर्क रह कर निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

अनुठा आयोजन 28 कि.ग्राम गोबर एकत्र कर लाने वाली महिला प्रतिभागी को किया गया पुरूस्कृत

हरदी पंचायत में गोबर एकत्रिकरण प्रतियोगिता का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। छत्तीसगढ़ शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरूवा, बाड़ी छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी के तहत सुराजी कार्यक्रम को अत्यधिक समतिकरण बनाने एवं कृषि उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए एक अभिनव पहल करते हुवे गोबर एकत्रीकरण आव्हान प्रतियोगिता का आयोजन कर 10 कि.ग्राम से अधिक गोबर लाने वाले हितग्राहियों को ग्राम पंचायत द्वारा 100-100 रू. देकर पुरूस्कृत किया गया। हरदी पंचायत के पंचायत सचिव हरिकिशन वर्मा द्वारा जानकारी दिया गया कि जिला पंचायत बलौदाबाजार के आदेशानुसार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के उचित निपटान एवं कृषि उत्पाद को और अधिक उत्पादक बनाने जैविक खाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत हरदी में सरपंच श्रीमति लता वर्मा के मुख्य आतिथ्य में गोबर एकत्रीकरण आव्हान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 15 महिला-पुरूष ने भाग लिया तथा उक्त प्रतियोगिता में सती बाई पटेल 28 कि.ग्राम को प्रथम, पार्वती रात्रे, 26 कि.ग्रा. को द्वितीय, लता बाई वर्मा 22 कि.ग्रा. को तृतीय, कुमारी यादव चतुर्थ 17 कि.ग्राम, केशनी बाई वर्मा 15 को पंचम पुरूस्कार के रूप में 100-100 रूपये का नगद पुरूस्कार दिया गया। यह आयोजन प्रत्येक सप्ताह ग्राम पंचायत के पदाधिकारी, गोठान समिति, महिला स्व सहायता समूह के द्वारा किया जावेगा। इस गोबर एकत्रीकरण कार्यक्रम में नोडल अधिकारी हरेराम ध्रुव, पंचायत सचिव हरिकिशनवर्मा, सरपंच लता बाई रामप्रसाद वर्मा, रोजगार सहायक चन्द्रकांत, ग्राम प्रमुख कमलनारायण प्रजापति, सीताराम वर्मा, कौशल्या ध्रुव बिरझू राम यादव, आनदी यादव सहित सभी प्रतिभागी एवं ग्रामवासी ने हिस्सा लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया गया।

सिरपुर में पर्यटकों को जल्द मिलेगी टूर गाईड की सुविधा

महासमुंद। पुरातात्विक नगरी पहुंचने वाले पर्यटकों को जल्द ही गाइड की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। ताकि यहां आने वाले पर्यटक गाइड के जरिए यहां मौजूद पुरातात्विक स्थल के बारे में जान सकें। युवाओं को गाइड बनाने के लिए प्रशिक्षण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 17 से 31 दिसंबर तक आयोजित इस 15 दिनी प्रशिक्षण में क्षेत्र के 14 युवाओं को सिरपुर के बारे में पूरी जानकारी दी जाएगी। साथ ही उन्हें बताया जाएगा कि कैसे वे पर्यटकों को यह जानकारी बताएं।

प्रशिक्षण देने का जिम्मा सेवानिवृत्त उत्खनन अधिकारी अरूण कुमार शर्मा के पास है। प्रशिक्षण के पहले दिन उन्होंने युवाओं को बताया कि सिरपुर का पौराणिक नाम श्रीपुर था, जो विभिन्न प्रकार के व्यापार का केन्द्र रहा एवं अतीत में वैभवशाली नगर रहा। उन्होंने बताया कि जल मार्ग से उस समय नावों से सामग्री परिवहन किया जाता रहा है। जिसका उदाहरण छुरा ब्लाक के सिरकट्टी (महानदी तट) पर बंदरगाहनुमा स्थल का विद्यमान होना है।

पहाड़ी क्षेत्रों में बढ़ा भालुओं का आतंक, दहशत में जी रहे वनवासी

नवप्रदेश संवाददाता

सक्ती। वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जोंगरा, मसानियां कला, जुड़गा, चवरबहार, उपकाचुंआ, पनारी, घुईचुंवा, सहित पहाड़ी क्षेत्र के अनेको स्थानो पर विगत लंबे समय से भालूओं का हमला लगातार देखने को मिल रहा है और इन भालुओ के आतंक से पहाड़ी क्षेत्र मे रहने वाले ग्रामीण जन भयभीत है। ठण्ड के मौसम मे अधिकतर देखा गया है कि पहाड़ी क्षेत्रों के गांव मे भालु बेर, खेत के मेड़ो मे भुकवा दियार, खाने के लिए आते है और सुबह बदली रहने के कारण ये पहाड़ की ओर नही जा पाते और भालु गांव मे ही डेरा जमा लेते है। पहाड़ी क्षेत्रो मे इन वन्य प्राणियो सहित भालुओ की भोजन एवं पानी व्यवस्था नही होने के कारण पहाड़ी क्षेत्रो को छोड़कर गांव की ओंर भालु पलायन कर रहे विगत दिनो जिला कलेक्टर सोनमणी बोरा के द्वारा जमावन्त परियोजना प्रोजेक्ट तैयार अवगत कराया गया था जिसके अंतर्गत लाखो रूपये आने के बाद भी जामवन्त परियोजना पूर्ण नही हो चुकी है समय रहते यह कार्य पूरा हो जाता तो वन्य प्राणी सहित भालुओ की भोजन व्यवस्था के लिए फलदार वृक्ष अगर लगाएं जाए तो इन भालुओ को भोजन की व्यवस्था हो सकती है परन्तु शासन प्रशासन के द्वारा इस ओर ध्यान नही दिया जा रहा है जिसके चलते आए दिन ग्रामीणो के उपर भालुओ का आतंक दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहा है इसके चलते ग्रामीणो मे दहशत बनी हुई।



भालू के हमले से आश्रित गांव मुड़ाभाटा में 17 दिसंबर की रात 9 बजे के लगभग भालू गांव में घुस गया और गांव के एक परिवार को अपना शिकार बना लिया, मिली जानकारी के अनुसार मुड़ाभाटा निवासी संतलाल उरांव पिता गोड्डो उरांव उम्र 56 साल के घर के आंगन में रात 9 बजे के लगभग भालू घर मे घुस गया और अचानक संतालाल के ऊपर भालू के द्वारा हमला कर दिया गया। संतालाल की आवाज सुनकर उसकी पत्नी बैसाखा बाई उरांव एवं उसके भाई बरातू उरांव मौके पर पहुंचे उन्होने देखा कि भालू संतालाल के उपर हमला कर रहा है। जिसपर उसकी पत्नी एवं भाई के द्वारा भालू को भगाने लगे मगर भालू ने बैसाखा एवं बरातू के ऊपर पर भी हमला करने की कोशिश करने लगा परिवार की आवाज सुनकर आस-पड़ोस के व्यक्तिो के द्वारा भालु को भगाया गया। गंभीर रूप से घायल संता लाल के कंधे, हाथ की कलाई पर भालू द्वारा हमला किया गया वही उसकी पत्नी बैसाखा बाई उराव के चेहरे पर भी हमला कर घायल कर दिया है तथा बरातू राम उरांव के भी सिर में हमला किया है।

वही संता लाल के पड़ोसी संतोष सिदार ने बताया कि भालू कल रात से गांव मे आया हुआ था और हमारे द्वारा वन विभाग को इसकी सुचना दी गई थी परन्तु वन विभाग के कर्मचारी पिड़ित परिवार से पूछताछ कर चले गए। उनके द्वारा गांव से भालु को भगाने की न ही पकड़ने की कोशिश की गई और अभी भी हमारे गांव मे हिसंक भालु छुपा हुआ है। वन विभाग का अमला इस ओर ध्यान नही दे रहा है जिसके चलते कोई बड़ी घटना घट सकती है और हम सभी ग्रामवासी दहशत में है।

'' इस संबंध मे डॉ. अनिल चैधरी द्वारा बताया गया कि 17 दिसम्बर की रात्रि लगभग 11 बजे के आस-पास तीन व्यक्तियों को घायल अवस्था मे 112 के माध्यम से लाया गया था इन लोगो पर भालु के द्वारा हमला किया गया है और इनका उपचार जारी है।

न्यूज गैलरी

भाजपा से बगावत करने वाले दो लोगों को 6 साल का निष्कासन

काँकेर। नगरीय निकाय चुनाव के दौरान पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ बागी प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ने वालो को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष विक्रम उसेण्डी ने तत्काल प्रभाव से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षो के लिए निष्कासित किया गया है।निष्कासित होने वालो में बरदे भाठा से निर्दलीय प्रत्याशी ईश्वर नाग संजय नगर से निर्दलीय प्रत्याशी चित्रलेखा जैन को 6 साल के लिए निष्कासित किया गया है।इसके अलावा जिला भाजपा के महामंत्री आलोक ठाकुर को कारण बताओ नोटिस ज़ारी किया गया है।

आमने-सामने भीड़ंत से तीन युवक गंभीर रूप से घायल

सक्ती। पुलिस सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार थाना सक्ती अंतर्गत ग्राम पंचायत मुड़ाभाठा जोंगरा के पास दो मोटरसायकल सीजी 11 एई 2802 होण्डा शाईन एवं सीजी 11 सी 6675 स्प्लेण्डर प्लस के आमने-सामने के भीड़ंत से तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये इसकी सूचना ग्रामवासियो द्वारा 112 को दी गई 112 की टीम के द्वारा तीनो युवको को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सक्ती लाया गया जहां उपचार के दौरान सक्ती के कसेरपारा वार्ड क्र. 02 निवासी प्रथम पिता रंजित कसेंर उम्र 14 वर्ष की ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई वही एक युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए बिलासपुर सिम्स रिफर किया गया एक का उपचार पश्चात उसे भी अन्यत्र भेंजा गया मिली जानकारी अनुसार सक्ती निवासी प्रथम कसेर जेबीडीएव्ही स्कुल मे अध्ययनरत था और स्कुल की छुट्टी होने स्कुल मे पढ़ने वाले छात्र के यहां जन्मदिन मनाने के लिए जाने की बात सामने आई है अपने परिवार का एकलौता पुत्र प्रथम था इस घटना की जानकारी मिलते ही कसेर पारा मे शोक की लहर दौड़ गई और पूरे मोहल्ले वासी उसे देखने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचने लगे मृतक युवक प्रथम कसेर के विवेचना पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम पश्चात शव परिजनो को सौप दिया गया ।

''इस संबंध मे विवेचक एस आई सूर्यवंशी ने बताया कि मोटर सायकल भीड़ंत में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई वही एक गंभीर हालत के व्यक्ति को बाहर भेजा गया है आमने-सामने भींड़ंत होने वालो मे सक्ती निवासी व्यक्ति का ही नाम प्राप्त हुआ है तथा दूसरे मोटरसायकल मे सवार व्यक्ति का नाम पता नही चल पाया है उसे तत्काल ईलाज हेतु बाहर भेजा गया है''

अमोड़ा खरीदी केन्द्र के प्रभारी प्रबंधक हटाये गये

कांकेर। नरहरपुर विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र अमोड़ा के प्रभारी प्रबंधक नम्मूराम शोरी को धान उर्पाजन कार्य में अनियमितता बरतने एवं सही तरीके से कार्य का क्रियान्वयन नहीं करने के कारण प्रभारी प्रबंधक पद से पृथक किया गया हैं तथा लेखापाल नागेश्वर नाग को आगामी आदेश तक प्रभारी प्रबंधक नियुक्त किया गया है।

मटियारा ने कबीरधाम पहुँचकर मछुआरा समाज की ली बैठक

काँकेर। बुधवार को मल्लाह समाज भवन कबीरधाम में नगरी निकाय चुनाव के संबंध में मछुआरा समुदाय का बैठक आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह भरत मटियारा पूर्व अध्यक्ष मछुआ कल्याण बोर्ड छ.ग मुकेश मल्लाह अध्यक्ष मल्लाह समाज दीना मल्लाह सचिव मल्लाह समाज सचिव - नेताजी मछुआ सह. समिति गुड्डू निषाद अध्यक्ष निषाद समाज सुरेश निषाद,भागीरथी मल्लाह,संजय मल्लाह,रामपाल निषाद और बड़ी संख्या में मछुआरे समुदाय से महिला एवं पुरुष उपस्थित थे

प्रभारी समिति प्रबंधकों को हटाने के निर्देश

कांकेर। निरीक्षण के दौरान धान खरीदी कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता बरतना पाया जाने के कारण धान खरीदी केन्द्र अमोड़ा के प्रभारी समिति प्रबंधक नम्मूराम शोरी और धान खरीदी केन्द्र चारामा के प्रभारी समिति प्रबंधक अजय वर्मा को कलेक्टर श्री के.एल. चैहान ने उन्हें तत्काल हटाने के लिए उप पंजीयक सहकारी संस्थायें कांकेर को निर्देशित किया है।उल्लेखनीय है कि धान खरीदी कार्य का कलेक्टर श्री के.एल. चैहान और पुलिस अधीक्षक श्री भोजराम पटेल सहित अन्य जिला अधिकारियों द्वारा धान खरीदी केन्द्रों के सत्त निरीक्षण किया जा रहा है एवं सुचारू रूप से धान खरीदी के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है एवं दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं।

अभिषेक सिंह ने की भाजपा उम्मीदवार को जिताने की अपील

नवप्रदेश संवाददाता

डोंगरगढ़ । राजनांदगांव जिला के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह मंगलवार शाम को नगर पालिका चुनाव में भाजपा पार्षद उम्मीदवार वार्ड नं 13 अमित छबड़ा 14 से मुकेश रामटेके 15 से परविंदर सिंह मोंटी के पक्ष में गुरुद्वारा के पास एक नुक्कड़ सभा हुई । श्री सिंह ने कांग्रेस सरकार को वादा खिलाफी बताते हुए केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों को आम जनता को बताया वहीं मोदी सरकार जो कहते है उसे पूरा करते है, सभा में उपस्थित लोगो से श्री सिंह कहा कि डोंगरगढ़ नगर पालिका में पूरा 24 वार्डो में भाजपा पार्षद भेजकर कांगेस सरकार को सबक सिखाये । वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवाज खान द्वारा आय से अधिक संपत्ति की शिकायत को चुनावी हथकंडा बतया । सभा में वार्ड नं. 13,14,15 के उम्मीदवार सहित शुभम गौली, हरविंदर सिंह मंगे, लाला गौली, डिम्पी, गगन लारोकर, रिषभ, प्रिंस कक्कड़, लक्ष्मी यादव, गीता मानिकपुरी, उत्तम यादव, सहित भाजपा कार्यकर्ता, सहित वार्डवासी उपस्थित थे ।

12 से 23 दिसंबर तक होगी परीक्षाएं

खरोरा। मां शारदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में अर्धवार्षिक परीक्षा दिनांक 12/12/ 19 से 23 /12/19 तक चली। इस परीक्षा में कक्षा पी. पी. वन से कक्षा बारहवीं तक परीक्षा में 300 छात्र/ छात्राएं सम्मिलित हुई । यह जानकारी संस्था के प्राचार्य श्री डी.एल.प्रजापति ,राम जी, दीपक कुम्भकार, सोहन यादव एवं कार्यालय श्री पी. एन. साहू ने जानकारी दी।

धान खरीदी केन्द्र खैजा में 72 क्विंटल धान जप्त

जंजगीर-चांपा।धान खरीदी सतर्कता दल द्वारा सोमवार को बलोदा विकास खंड के धान खरीदी केन्द्र खैजा में करीब 72 क्विंटल धान जप्त करने की कार्रवाई की गई। बलोदा धान खरीदी सतर्कता दल के नायब तहसीलदार, सहकारी बैंक सुपरवाइजर, खाद्य और सहकारिता निरीक्षक द्वारा धान खरीदी केंद्र खैजा की संयुक्त जांच की गई।

हर्षोउल्लास से मनाई गई घासीदास जयंती

- **सामाजिक संगठनों ने पालो चढ़ाकर निकाली रैली, हजारों की संख्या में समाज के लोग पहुंचे गिरौदपुरी धाम**

कसडोल। सत्य ही मानव का आभूषण है, मनखे मनखे एक सामान और सत्य और अहिंसा का संदेश जन जन तक पंहुचाने वाले संत शिरोमणि बाबा गुरुघसीदास जी की आज 263 वीं जयंती गिरौदपुरी धाम में मनाया गया। जहाँ बाबा गुरुघासीदास जी के जयंती के अवसर पर आज पूरा छत्तीसगढ़ बाबा गुरुघसीदास जी को नमन किया। आपको बता दें कि 18 दिसम्बर 1756 को कसडोल ब्लॉक के छोटे से गांव गिरौदपुरी में एक अनुसूचित जाति परिवार में पिता महंगूदास और माता अमरौतिन बाई के यहां बाबा गुरुघासीदास जी का जन्म हुआ था, बाबा गुरुघासीदास जी का जन्म जब हुआ था तब समाज में सामाजिक अराजकता अपने पूरे चरम पर था और समाज में छुआ छूत और भेद भाव व्याप्त था, कहा जाता है कि बाबा गुरुघासीदास जी का जन्म अलौकिक शक्तियों के साथ हुआ था, बाबा गुरुघासीदास जी ने समाज में व्याप्त बुराइयों को जब देखा तब उनके मन में बहुत पीड़ा हुई और तब बाबा गुरुघासीदास जी ने समाज से छुआ छूत मिटाने के लिए मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया। बाबा गुरुघासीदास जी को सतनामी समाज का जनक कहा जाता है और बाबा गुरु घासीदास जी ने समाज को सत्य और अहिंसा पर चलने का उपदेश दिया था, बाबा गुरुघासीदास जी के द्वारा दिये गए उपदेश को जिसने जीवन में आत्मसात कर जीवन में उतारा उसी समाज को आगे चलकर सतनामी समाज के रूप में जाना जाने लगा। सतनामी समाज के द्वारा बाबा गुरुघसीदास जी की जयंती को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है, बाबा गुरुघासीदास जी की जन्मस्थली गिरौदपुरी धाम में प्रत्येक वर्ष की भांति भी आज बाबा गुरुघसीदास जी के वंशज और धर्म गुरु मुख्य मंदिर पालो चढ़ावा का कार्यक्रम किया गया।

हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

बुधवार को बाबा जी के दर्शन के लिए प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु बाबा जी के दर्शन को पहुंचे थे जिसमें पुलिस प्रशासन सहित जिला प्रशासन की टीम लगातार चौकस रही। जिससे देर शाम तक किसी तरह के विवाद की जानकारी नही मिली। इसके साथ ही अति पुलिस अधीक्षक निवेदिता पॉल एसडीओपी संजय तिवारी और तहसीलदार शंकर लाल सिन्हा भी मेला में गश्त कर रहे थे।

कांग्रेस-भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में उतरे विधायक व पूर्व विधायक

लवन। नगरीय निकाय चुनाव के मतदान की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है वैसे-वैसे चुनाव प्रचार भी तेज हो रहा है। बुधवार को कांग्रेस पार्षद प्रत्याशियों के पख में प्रचार करने के लिए क्षेत्र के विधायक सुश्री शकुन्तला साहू ने लवन नगर के सभी वार्डो में डोर-टू-डोर जनसम्पर्क कर सभी वार्ड के मतदाताओं के साथ मिलकर अपने प्रत्याशियों के पक्ष में वोंट करने की अपील किए। प्रत्याशियों के समर्थन में विधायक ने सबसे पहले नगर व वार्ड की अंमित छोर माने जानी वाली वार्ड खम्हरिया बस्ती वार्ड 15 में जनम्पर्क की शुरूआत कर। विधायक ने डोर टू डोर जनसम्पर्क कर प्रत्याशियों से वोट करने की अपील कर रहे है। वही भाजपा-कांग्रेस के दिग्गज भी वार्डो की खाक छान रहे है अपने दल के प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हुए है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के हित में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए है और आगे भी किसान, गरीब के लिए लगातार प्रयारत है। वही भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने के लिए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल नगर के सभी 15 वार्डो में लोगों की बैठक लेकर अपने प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने का समर्थन जुटा रहे है। बुधवार को कांग्रेस-भाजपा दोनों ही राष्ट्रीय पार्टियों ने अपने-अपने स्तर पर प्रचार-प्रसार तेज कर दिये है। दोनों ही दलों के नेताओं ने अपने वार्ड उम्मीदवार के समर्थन में वोंट करने की अपील घर-घर दस्तक देकर कर रहे है।

निकाय चुनाव नगर मे स्थित वार्ड क्रमांक 1 से 15 वार्ड में होने है चुनाव

भाजपा व कांग्रेस में कांटे की टक्कर

गंडई पंडरिया। नगर मे स्थित वार्ड क्रमांक 1 से 15 वार्ड के बीच इस बार नगरीय निकाय चुनाव मे राष्ट्रीय पार्टी भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी के मध्य कांटे की टक्कर है ।

हर गली हर वार्ड मे कांग्रेस का जन संपर्क

17 दिसंबर को देवव्रत ने किया गंडई मे कांग्रेस का प्रचार : विधायक ने कहा की 21 दिसंबर को मतदान करने जाना और कांग्रेस मे मोहर लगाकर जिताना है । आज हम यहाँ आए है और 24 दिसंबर के बाद 25 दिसम्बर को और आएंगे और आपकी परेशानी का अल करेंगे । और कहा की नगर की जीम्मेदारी हम लाल टारकेश्वर शाह खुसरो जी को देता हु । और बताया की कांग्रेसकी बहुमत आनी चाहिए । जो काम भाजपा के नगर मे 5 साल राज करने पर नहीं हुआ वो आज हो रहा है और होता रहेगा । जिसकी सत्ता सरकार ही उसी की सरकार नगर मे बनाना है और नगर का विकास करना है ।

पार्षद प्रत्याशियों के लिए सांसद ने किया नुक्कड़ सभा को संबोधित

संतोष संतोष पांडे ने बुधवार को नगरीय निकाय चुनाव की दृष्टि से नगर के वार्ड नंबर 1 से 15 यानी नगर के सभी वार्डों में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया और भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट और समर्थन देने की वार्ड वासियों से अपील की इस दौरान पूर्व नगर पंचायत पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष टेकन देवांगन राकेश ताम्रकार अनिल अग्रवाल राकेश राजपूत आदि से उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए संसद ने कहा कि सत्ता में बैठते ही कांग्रेस की सरकार ने आम जनता के अधिकारों को आधा कर दिया है। पहले नगरवासी 2 वोट डालते थे एक अध्यक्ष का और एक पार्षद लेकिन एक साल में ही सत्ता विरोधी लहर के चलते भूपेश बघेल डर गई है । आम जनता के हितों का कुठाराघात करते हुए 1 वोट की कटौती कर दी है उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल कोई याद करते हुए किसान जवान व्यापारी बेरोजगार युवक युवती अब पछता रहे हैं भूपेश बघेल ने वोट लेने के लिए बड़े-बड़े और झूठ वादे किए परंतु 1 साल में लोगों के ऊपर से भूपेश बघेल का जादू उतर गया है।

संसद संतोष पांडे ने कहा कि यह सरकार कर्ज लेकर घी पियो और कोई कर्ज वापस मांगे तो कथरी ओढ़ कर सो जाओ के तर्ज पर काम कर रही है उन्होंने लोगों से कांग्रेस के कुशासन को उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा को नगर पंचायत में फिर से सत्ता सौंपने की अपील करते हुए। भाजपा के प्रत्याशियों को सभी वार्डों में प्रचंड बहुमत से जिताने की अपील की इस अवसर पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि गंगाजल लेकर प्रदेश में कई तरह के वादे और कसमें खाने वाले कांग्रेस की सरकार आज किसानों से धोखा कर रही है।

25 सौ धान खरीदने का वादा करने के बाद भी आज किसान भटक रहे हैं। बेरोजगारों को भत्ता नहीं मिला बिजली बिल और संपत्ति कर हाथ नहीं हुआ आज भी छोटे-छोटे कार्यो के लिए लोगों को भटकना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में पिछले 5 वर्षों से विकास के कार्य जीरो बटे सन्नाटा है। भाजपा शासनकाल में आए करोड़ों रुपए वापस हो गए यहां सत्ता में बैठे कांग्रेसी 5 वर्षों में नगर का बंटाधार कर दिया है। अब आम जनता के पास मौका है कि वह कांग्रेस द्वारा पिछले 5 वर्षों में नगर की दुर्दशा का बदला कांग्रेस प्रत्याशियों के विरुद्ध वोट देकर ले और नगर के विकास के लिए भाजपा प्रत्याशी को वोट और समर्थन दें इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा भाजपा युवा मोर्चा महिला कार्यकर्ता तथा नगरवासी उपस्थित थे।

प्रत्याशियों का इम्तिहान पंडितजी की चमकी दुकान

- **प्रत्याशी रोजाना मंदिर के चक्कर लगा रहे हैं ,चुनाव में जीत के लिए तरह-तरह के कर रहे कवायद**

खरोरा। नगर चुनावों में जहां काफी मशक्कत के बाद प्रत्याशियों को टिकट मिला, वहीं ये उम्मीदवार भी अपनी जीत को आश्वस्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। इसी के चलते वे ज्योतिषियों पंडितों के पास अपनी कुंडली में राजयोग की बात पूछने में लगे हैं।

हर एक को जीत चाहिए। हर एक को जीत का मंत्र चाहिए और हर एक को चुनावी मैदान में सामने वाले को पटकनी देने की रणनीति चाहिए। सफलता के रास्ते किस मोड़ से आ जाएं और कौन सा शगुन उनका कायाकल्प कर दे, इसे लेकर खरोरा नगर पंचायत के चुनाव में कूदे सभी प्रत्याशी सचेत हैं। चुनाव में जीत दर्ज कराने के लिए किसी भी अवसर से चूकना नहीं चाहते हैं। वहीं, किसे दान करना है और किस रंग के कपड़े पहनने हैं, इसका भी पंडितों से पूछकर ख्याल रखा जा रहा है। रोजाना प्रत्याशी मंदिर में मत्था ठेक रहें हैं।

एक तरफ जहां बैठकों का दौर चल रहा, पदयात्रा प्रारंभ है फिर भी जीत को लेकर आशंका से घिरे प्रत्याशियों को एक ऐसा ठौर चाहिए जो उनके भाग्य में चार चांद लगा दे। जी हां, नगर पंचायत के चुनावों में प्रत्याशियों की दौड़ मंदिर के साथ-साथ पंडितों और ज्योतिषियों के घरों, मठों और दफ्तरों तक शुरू हो चुकी है।

चुनाव की रणनीति बना रहे ज्योतिष

पंचायत चुनाव में कूदे प्रत्याशियों की कुंडली के आधार पर ज्योतिष चुनाव की रणनीति का निर्धारण भी कर रहे हैं। किस प्रत्याशी को कौन सा स्टोन सूट करेगा। साथ ही किस प्रकार के टोना-टोटका करने से जीत सुनिश्चित होगी। इसका भी आंकलन कुंडली और हस्तरेखा देख कर किया जा रहा है। इसके अलावा चुनावी सभा सभी ग्रह-नक्षत्र के हिसाब से कहां करना उचित रहेगा। इसकी भी सलाह ली जा रही है। हर ज्योतिष बता रहे हैं कि ग्रहों की स्थिति को कैसे सुदृढ़ किया जाए।

कंकड़ और नमी का बहाना बताकर धान लौटाने का किसान लगा रहे आरोप

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद धान खरीदी की तिथि में परिवर्तन किया गया है। वही शासकीय आदेश के बाद अवैध धान परिवहन पर सख्ती बरती जा रही है। सख्ती के कारण किसानों को दैनिक उपभोग की वस्तुएं खरीदने में परेशानी उठानी पड़ी। कार्यवाही के डर से स्थानीय व्यवसायियों ने धान के बदले सामान देना बंद कर दिया था, अब धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू होने के बाद किसानों के सामने नई मुसीबत पैदा हो गई है। हरदीबाजार अंतर्गत उतरदा धान खरीदी केन्द्र के पंजीकृत कृषक खासा परेशान है। धान में जरा सी नमी व कंकड़ होने की दशा में पूरा धान वापस कर दिया जा रहा है। जनपद पंचायत पाली अंतर्गत आदिवासी सेवा सहकारी समिति उतरदा में ऐसी स्थिति बनी हुई है। समिति के सदस्यों का कहना है कि पिछले वर्ष 17 दिनों में लगभग 4 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो गई थी, लेकिन इस वर्ष 17 दिनों में कुल 461 क्विंटल धान की खरीदी हो पाई है। कारण यह है कि किसानों की धान को थ्रेसर मशीन के द्वारा मिसाई किया गया है जिसमें कुछ भाग कंकड़ या नमी की चपेट में आ गए है तो पूरा धान वापस कर दिया जा रहा है जिसके कारण किसानों को मायूस होकर उपार्जन केन्द्र से लौटना पड़ रहा है। मजदूरों को मजदूरी व मालवाहक का खर्च उठाकर केन्द्र तक पहुंचे किसानों को अतिरिक्त आर्थिक भार वहन करना पड़ रहा है।

क्या कहते हैं किसान

नेवसा निवासी किसान बोधन सिंह 70 वर्ष ने बताया कि 40 क्विंटल धान लेकर वह हल्का पटवारी से लिखवाकर 17 दिसंबर का टोकन कटवाकर उतरदा उपार्जन केन्द्र पहुंचा जहां नमी यंत्र में धान में अधिक नमी बताकर फड़ प्रभारी ने धान नहीं खदीदा। धान को वापस कर दिया। वहीं अन्य किसान भी इसी तरह की परेशानी से दो-चार हो रहे हैं।

किसानों को दिए गए हैं 5 अवसर

उतरदा फड़ प्रभारी सत्यप्रताप कुर्रे ने बताया कि उच्च अधिकारियों के मिले दिशा निर्देश अनुसार कार्य किया जा रहा है। नमी यंत्र में नमी अधिक पाए जाने व बदरा सहित अन्य कमीयुक्त धान की खरीदी नहीं की जा रही है। किसानों को धान बेचने के लिए 5 अवसर है जो पर्याप्त समय है। किसान अपनी धान सुखाकर पूरा साफसुथरा मंडी लेकर आ सकते हैं।

पिछले साल नहीं हुआ धान वापस : शर्मा

समिति के उपाध्यक्ष दुष्यंत शर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष एक भी किसान का धान वापस नहीं हुआ था। इस वर्ष गरीब किसानों का धान वापस कर दिया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री किसानों का एक-एक दाना खरीदने की बात कर रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। प्रदेश सरकार से मांग है कि किसानों को परेशान न कर उनका पूरा धान खरीदा जाए।

धान खरीदी में लगा ग्रहण

समिति के पूर्व अध्यक्ष सेवकराम मरावी का कहना है कि सत्ता परिवर्तन होते ही पहली बार धान खरीदी में ग्रहण सा लग गया है। किसानों को नमी व बदरा का हवाला देकर बैरंग लौटाया जा रहा है। प्रदेश सरकार किसानों के साथ धोखा कर रही है। इस साल किसान धान बेचने से घबरा रहा है कि मंडी में धान बिकेगा या नहीं।

वार्ड 1 रामसागर पारा में भाजपा का विरोध प्रदर्शन

कोरबा। नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्रमांक 1 रामसागर पारा में सुबह लगभग 11 बजे भाजपा प्रत्याशी भोजराम राजवाड़े, लायन राजकुमार अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में पहुचे भाजपा के नेताओ ने रामसागरपारा वार्ड पहुच कर कांग्रेस पर वार्ड में प्रति वोटर को 2-2 हज़ार देने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया , राजकुमार अग्रवाल ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस के लोग खुले आम मतदाताओ को 2-2 हज़ार के रुपये बांट रहे है विरोध करने पहुचे जब तक वे सभी लोग भाग खड़े हुए,मौके पर पहुचे कांग्रेस प्रत्याशी संतोष राठौर ने कहा कि जनसम्पर्क कर रहे वार्ड के लोगो को भाजपा नेता लायन राजकुमार अग्रवाल और उसके लोग बेवजह बखेड़ा खड़ा कर रहे है, रामसागर पार वार्ड में हमेशा शांति से चुनाव होते आया है जबकि कुछ लोग शांत प्रिय वार्ड का माहौल खराब करने में लगे है।

ईपीएफ अंशदान कटौती का होगा पुरजोर विरोध

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। केंद्र की सरकार कर्मचारी भविष्य निधि अंशदान मे कटौती की योजना बना रही है इसके लिए 4 दिसंबर को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सामाजिक सुरक्षा संहिता विधेयक 2019 को मंजूरी दे दी है अब इसे संसद में पेश करने की तैयारी चल रही है,सामाजिक सुरक्षा संहिता का मसौदा सरकार को यह छूट देता है कि वह अधिसूचना जारी कर कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम मे बदलाव ला सकेगा वर्तमान मे भविष्य निधि अधिनियम के तहत कर्मचारियों के वेतन से 12 फीसदी राशि ईपीएफ मद में काटी जाती है और इतनी ही रकम नियोक्ता द्वारा भविष्य निधि मद में जमा किया जाता है जो कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने पर ब्याज सहित मिलता है परन्तु अब सरकार चाहती है कि वर्तमान में कर्मचारियों के हाथ में ज्यादा वेतन की राशि आए इसलिए सरकार भविष्य निधि में अंशदान घटाना चाहती है जिससे कर्मचारी के हाथ में ज्यादा पैसा आए और वह खर्च ज्यादा कर सके इससे खपत मे तेजी आएगी और बाजार को मंदी से उबरने मे मदद मिलेगी ऐसा सरकार का मानना है इस मसले को लेकर आज एटक कार्यालय कोरबा में कार्यकर्ताओं की आवश्यक बैठक कर एटक के दीपेश मिश्रा ने कहा मौजूदा सरकार सिर्फ कारपोरेट घरानों को मदद पहुंचाने के लिए ही श्रमिकों के वेतन से भविष्य निधि अंशदान को घटाना चाहती है क्योंकि कर्मचारियों का भविष्य निधि अंशदान घटने से नियोक्ताओं को भी भविष्य निधि मद मे कम रकम जमा करना पड़ेगा इससे उनको फायदा होगा उन्होंने आगे कहा कर्मचारियों के पास अभी अनिवार्य सेवानिवृत्ति विकल्प के रुप मे केवल भविष्य निधि रकम ही है जो उसके बुढ़ापे का सहारा है सरकार इस राशि मे भी कैंची चलाना चाहती है उन्होंने आगे कहा कि भारत जैसे देश मे मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा के नाम पर सिर्फ भविष्य निधि रकम ही है और इस मद मे अंशदान घटने से मजदूरों के सुरक्षित भविष्य मे प्रतिकूल असर पड़ेगा इस मसले पर एटक का यह भी मानना है कि भविष्य निधि अंशदान कम किए जाने से निचले स्तर पर कर्मचारियों से आर्थिक सुरक्षा पूरी तरह छिन जाएगी वैसे भी कामगार वर्गों को आर्थिक सुरक्षा देने में भविष्य निधि अहम भूमिका निभाता है उन्होंने अंत में कहा सरकार द्वारा ईपीएफ अंशदान कटौती के किसी भी कोशिश का पुरजोर विरोध किया जाएगा तथा सरकार द्वारा लाए जा रहे सामाजिक सुरक्षा संहिता विधेयक 2019 के फिर से पुनर्विचार के लिए एटक ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया आज के बैठक मे कामरेड उमेश शर्मा, कमर बख्श, धर्मा राव,एम.पी.सिंह, नरेंद्र दास ,सुभाष सिंह, रेवत मिश्रा, राजेश पांडे, राजू श्रीवास्तव, नंद किशोर साव, प्रमोद सिंह, ज्ञान चंद साहू, प्रमोद धर दीवान, नवीन चौबे, मृत्युंजय कुमार, जॉय मुखर्जी, अशोक रजक, विश्वजीत मुखर्जी, राजकुमार साहू, राम लाल साहू, कृष्ण कुमार तिवारी,एस.के.प्रसाद, सुबोध सागर आदि उपस्थित रहे।

समानता की दृष्टि से देखना गुरु घासीदास का सन्देश : डा महंत

कोरबा। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि सत्य के मार्ग पर चलना और सबको समानता की दृष्टि से देखना ही संत गुरु घासीदास के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

डॉ. महंत आज यहां संत गुरु घासीदास की जयंती पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास ने समाज को सत्य मार्ग पर चलने, मनुष्य-मनुष्य में भेदभाव नहीं करने और एक दूसरे के सुख-दुःख में बराबर का भागीदार बनने की सीख दी है।

छत्तीसगढ़ के सभी निवासी जाति-जाति से ऊपर उठकर उनके बताये मार्ग का अनुशरण करते हैं। सत्य के मार्ग पर चलने वाला प्रत्येक व्यक्ति उनका अनुयायी है। डॉ. महंत ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास के मार्ग पर चलना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि हमारे आचरण में भी उसे प्रत्यक्ष दिखना चाहिये।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ बाबा की विचारधारा के अनुरूप ही सबको साथ लेकर और सबके प्रति समानता का भाव लेकर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

मर्दापाल के ग्रामीण नक्सलवाद से दूरी बनाकर खेती-बाड़ी में जुटे

कोंडागांव। जिले का मर्दापाल नक्सल प्रभावित क्षेत्र के नाम से इसे जाना जाता है, लेकिन अब परिस्थितियां बदलने लगी है। जहां सदियों से ग्रामीण दलहन-तिलहन, कोदो-कुटकी आदि अनाज उत्पादित कर परिवार का जीविकोपार्जन करते थे, वहां बढ़ती नक्सली घटनाओं व खौफ के चलते नगदी फसलों का उत्पादन कम होने लगा था। क्षेत्र में आईटीबीपी जवानों की तैनाती के बाद नक्सली प्रभाव कम होने से स्थानीय ग्रामीण खेती-बाड़ी के कार्य में जुट गए। क्षेत्र में बम, बारूद से बंजर होती जमीन पर उम्मीद की फसल एक बार फिर लहलहा रही है।

उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के स्थानीय बुजुर्गों ने बताया कि लगभग 30-35 वर्ष पहले सरकार व ग्रामीणों के बीच दूरी के चलते क्षेत्र में नक्सलवाद का उदय हुआ। जल-जंगल व जमीन की सुरक्षा के नाम से उत्पन्न संगठन धीरे-धीरे अपने मूल उद्देश्य से भटकने लगा और बीते कुछ वर्षों में आईईडी, टिफिन बम विस्फोट व व्यापारियों ठेकेदारों से अवैध वसूली, आदी अनैतिक कार्यों को अंजाम देने लगे। क्षेत्र में बढ़ती हिंसक घटनाएं एवं जगह-जगह होते विस्फोट का असर ग्रामीणों की खेती किसानी पर पड़ा। किसानों द्वारा उत्पादित फसलों को खरीददार न मिलने से रमतीली ,सरसों आदि नगदी फसलों की खेती करना ही छोड़ चुके थे।

हाट-बाजारों में कला जत्था कर रहे हैं योजनाओं का प्रचार

- **बस्तर संभाग की स्थानीय बोलियों हल्बी, गोण्डी और भतरी में कला जत्था की प्रस्तुति आकर्षित कर रही ग्रामीणों को**

जगदलपुर। राज्य सरकार ने अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं को आदिवासियों और वनवासियों तक पहुंचाने के लिए उन्हीं की बोली में सहज और सरल ढंग से पहुंचाने की अनूठी पहल की है। इसके अन्तर्गत कला जत्था दल हाट-बाजारों में जाकर राज्य शासन की प्राथमिकता वाली मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना, नरवा, गरूवा, घुरूवा और बाड़ी योजना को स्थानीय बोली में लोगों को नाट्य और नृत्य शैली में सहज ढंग से बता रहे हैं।

राज्य सरकार के जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रयोग के तौर पर दो महीने पहले बस्तर और दंतेवाड़ा जिले के लगभग 90 गांवों में स्थानीय कला जत्थों के माध्यम से हल्बी और गोंड़ी में राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया था, जिसके सकारात्मक परिणाम मिलने के बाद अब बस्तर संभाग के सभी सातों जिलों में स्थानीय कला जत्थों के माध्यम से स्थानीय बोलियों हल्बी, गोण्डी और भतरी में सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कला जत्थों द्वारा योजनाओं के प्रचार-प्रसार में स्थानीय लोगों को जोड़ने के लिए स्थानीय संस्कृति, परम्परा, नृत्य और नाट्य शैली में कार्यक्रम तैयार किए गए हैं।

आज रात्रि 10 बजे थम जायेगा चुनाव प्रचार, 21 को मतदान

- **तीन लाख 22 हजार से अधिक मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग**
- **राजनैतिक दलों और मीडिया प्रतिनिधियों की बैठक संपन्न, कलेक्टर ने दी जानकारी**

कोरबा। कोरबा जिले के पॉचों नगरीय निकायों में निर्वाचन के लिए कल 19 दिसंबर को रात्रि 10 बजे चुनाव प्रचार थम जायेगा। इसके बाद अभ्यर्थी केवल घर-घर जाकर ही व्यक्तिगत तौर पर ही प्रचार कर पायेंगें। जिले में पांचों नगरीय निकायों के लिए कुल तीन लाख बाईस हजार 837 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें से एक लाख 65 हजार 342 पुरूष मतदाता और एक लाख 57 हजार 462 महिला मतदाताओं के साथ अन्य श्रेणी के 33 मतदाता भी शामिल हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती किरण कौषल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और प्रेस एवं मीडिया के प्रतिनिधियों की अलग-अलग बैठक लेकर निर्वाचन के लिए की गई तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल भी मौजूद रहे। नगर निगम कोरबा में सर्वाधिक दो लाख 75 हजार 027 मतदाता 67 वार्डों के पार्षद चुनने के लिये वोट डालेंगे। नगर पालिका परिषद दीपका में 21 हजार 799, कटघोरा में 15 हजार 718, नगर पंचायत पाली में चार हजार 31 और नगर पंचायत छुरीकला में छः हजार 262 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

बिना अनुमति नहीं लगेगा वाहन

मतदान के दिन किसी भी वाहन का उपयोग चुनाव प्रसार कार्य के लिए बिना अनुमति के नहीं किया जायेगा। मतदान के दिन प्रत्याषी और उसके अभिकर्ता के उपयोग के लिए दो वाहनों की ही अनुमति दी जायेगी। मतदान के दिन उपयोग में लाये जाने वाले वाहनों की सूची मतदान दिवस के दो दिन पहले रिटर्निंग आफिसर के समक्ष प्रस्तुत कर अनुमति प्राप्त करनी होगी। प्राप्त अनुमति को वाहन की विन्ड स्क्रीन पर मूलतः प्रदर्षित करना होगा। फोटो कापी मान्य नहीं होगी।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

मंत्री भगत बोले...

प्रदेश की आदिवासी हैं और उन्हीं के संभाग से हैं फिर भी उनकी अनदेखी की गई है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने भारी मन से कहा है कि मैं भी आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व करती हूं, लेकिन मुझे इस कार्यक्रम का आमंत्रण नहीं दिया गया है। जबकि प्रदेश सरकार के मंत्री बाहरी राज्यों में घूम घूमकर न्यौता दे रहे हैं। इसके उलट स्थानीय आदिवासी लोगों की उपेक्षा कर रहे हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह के इस बयान के बाद संस्कृति मंत्री छत्तीसगढ़ शासन अमरजीत भगत ने बड़ा बयान जारी कर दिया है। उन्हों ने अपने मजाकिया अंदाज में मुस्कुराते हुए बोले रेणुका को नचाएंगे, हम मांदर बजाएंगे। नेशनल ट्राइबल डांस फेस्टिवल में आमंत्रित नहीं किए जाने के रेणुका सिंह के बयान पर संस्कृति मंत्री का ऐसे पलटवार से एक नया विवाद छिड़ सकता है। मंत्री भगत के बयान के संबंध में जब रेणुका सिंह से संपर्क साधा गया तो वे उपलब्ध नहीं हो सकीं।

डिजिटल रिपोर्ट में...

स्थान पर पहुंच गया है। इस बार हरियाणा ने कमाल की बाजी मारी है।

दो साल पहले नहीं था टॉप पांच पर

डिजिटल राज्य रिपोर्ट 2017 में हरियाणा टॉप 5 में भी नहीं था। लेकिन डिजिटल राज्य रिपोर्ट 2019 में हरियाणा ने तीसरे स्थान पर अपनी जगह बनाई है। जो 2017 में दसवें स्थान पर था। हरियाणा के अलावा और भी कई राज्य और संघ शासित प्रदेश हैं जो लंबी छलांग लगाने में सफल हुए हैं। उनमें गोवा, बिहार, चंडीगढ़ और असम शामिल हैं।

कुंआ किसी और के नाम...

फरसराम ने पूरी कहानी कुछ यूं बयां की...

'मैंने रोजगार सहायक गगेश्वर से कुएं के बारे में पूछताछ की थी, लकिन उसने बताया कि मेरा कुआं स्वीकृत ही नहीं हुआ है। मेरे नाम से दूसरे के खेत में कुआं कैसे खुदवा दिया। सियाराम की बाड़ी में खुदे कुएं पर मेरा नाम लिखा है, इसकी जानकारी मुझे नहीं है। मैं सोच रहा था कि मेरा कुआं स्वीकृत नहीं हुआ है। सचिव या सरपंच ने भी मुझसे किसी प्रस्ताव पर दस्तखत भी नहीं करवाया। मैंने सियाराम की बाड़ी में मेरे नाम का कुआं खदुवाने के लिए सहमति भी नहीं दी। रोजगार सहायक ने इस तरह की बेईमानी क्यों कि पता नहीं।'

फर्जी दुकानों व जीएसटी नंबरों से हुआ लाखों के बिल का भुगतान

इस मामले से यह बात भी सामने आई है कि केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक सुधार के तौर पर लाए गए जीएसटी का तोड़ भी भ्रष्टाचार करने वाले कर्मचारी-अधिकारी ढूंढ लेते हैं। ग्राम पंचायत गरीहाडीह के कथित ठेकेदारों व रोजगार सहायक ने भ्रष्टाचार को अंजाम देने के लिये दो कथित दुकान स्वामियों से सांठ-गांठ की। ओम नमः शिवाय ट्रेडर्स कोकड़ी एवम धोवनडीह के साधु राम नागेश का किसी तरह का जीएसटी नंबर नहीं है। लेकिन इन्हीं के नाम के बिल/वाउचर व रसीदें छपवा ली गईं। सभी कार्यों की सामग्री की खरीद पर इन्हीं के बिल/वाउचर लगाये गए हैं। इन बिल वाउचरों पर आयकर/ बिक्रीकर भी अदा करना दर्शाया गया है। इन बिलों पर सचिव के हस्ताक्षर भी नहीं है। ये दोनों दुकानें कोकड़ी और धोवनडीह में होना बताया जा रहा है।

जबकि इन पतों पर ऐसी कोई दुकान नहीं है, न ही ये बिक्रीकर व आयकर कार्योलयों में पंजीकृत ही हैं। सरपंच और रोजगार सहायक द्वारा गांव में विभिन्न कूप निर्माण हेतु ओम नमः शिवाय ट्रेडर्स को कुल नौ बिलों के जरिए 7,26057 लाख रुपए का अवैध भुगतान किया गया। वहीं साधु नागेश आर्ट ग्राम धोवनडीह (गौरगांव) को बोर्ड निर्माण के काम के लिए 6510 के आठ बिलों में 44,880 रुपए का गबन किया गया। लिहाजा जांच का विषय यह भी है कि इन बिल/वाउचरों पर कटने वाला टैक्स कहाँ जमा होता है। इस मामले में कहा जा रहा है कि विकास खंड मैनपुर के तकनीकी सहायक वर्षों से यहां तैनात हैं, जिन्हें राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। लोग आशंका जता रहे हैं कि बिल-वाउचर फर्जी तरीके से तैयार कराने में उन्हीं की भूमिका होगी।

अक्षक की रिव्यू पिटीशन....

सकता और दोषी को फांसी ही मिलनी चाहिए।

दया याचिका पर राष्ट्रपति को करना है फैसला

बता दें कि अभी निर्भया मामले में दोषी विनय की दया याचिका पर राष्ट्रपति का फैसला नहीं आया है। बिना दया याचिका के नहीं हो सकती है फांसी। अक्षय भी दया याचिका दायर कर सकता है।

अक्षय के वकील ने बोले-जनता के दबाव में फैसला

इस केस में मेरिट था। पर जनता के दबाव के आगे सारी मेरिट खत्म हो जाती हैं। चीफ जस्टिस ने कल केस को ट्रांसफर किया था। तथ्य और सबूत सब अच्छे होते हैं। दिल्ली सरकार ने अपनी राजनीति के लिए फांसी पर नोटिस जारी किया है। हमने सारी नई दलीलें दी थीं। वकील ने कहा कि कि वह इस मामले में क्यूरिटिव पिटिशन पहले फाइल करेंगे। अन्य दोषियों की तरफ से आज या कल तक क्यूरिटिव पिटिशन फाइल करेंगे। जब अक्षय के फैसले की कॉपी मिल जाएगी तब उसके लिए भी क्यूरिटिव पिटिशन फाइल करेंगे। इसके बाद दया याचिका दाखिल करेंगे।

दोषी के वकील को 30 मिनट का दिया गया था वक्त

इससे पहले मंगलवार को चीफजस्टिस ने दोषी अक्षय ठाकुर की रिव्यू याचिका पर दलील पेश करने के लिए वकील को 30 मिनट का वक्त दिया। आज भी तीन जजों की पीठ ने दोषी के वकील को 30 मिनट का ही तय समय दिया। ठाकुर के वकील ने अजीब तर्क देते हुए मंगलवार को कहा कि मेरे क्लाइंट के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। उन्होंने सारा दोष मीडिया पर डालते हुए कहा कि मीडिया ने ही मेरे क्लाइंट के खिलाफ दुष्प्रचार किया।

कोर्ट परिसर में हत्या...

पुलिस महानिदेशक ने डीआईजी से रिपोर्ट मांगी है। बुधवार को बिजनौर कचहरी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रखी गई।

गुरूघासीदास जयंती पर नवनिर्मित जिला एवं सत्र न्यायालय भवन का शुभारंभ

कोरिया । छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीष श्री पी. आर. रामचंद्र मेमन ने सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरूघासीदास की जयंती के अवसर पर आज यहां जिला कलेक्टोरेट के समीप नवनिर्मित जिला एवं सत्र न्यायालय भवन का षुभारंभ किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीष एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री प्रषांत कुमार मिश्रा, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीष श्री गौतम चैरड़िया, रजिस्ट्रार जनरल श्री नीलम चंद्र सांखला, जिला एवं सत्र न्यायाधीष श्री ओ.पी.गुप्ता, विधि विभाग के प्रधान सचिव श्री रविषंकर षर्मा, सरगुजा संभाग के आई.जी. श्री के.सी.अग्रवाल, कलेक्टर श्री डोमन सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री चंद्रमोहन सिंह, छत्तीसगढ़ षासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री भईयालाल राजवाड़े, नगर पालिका अध्यक्ष बैकुण्ठपुर श्री अषोक जायसवाल, जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर के अध्यक्ष श्री सूर्य प्रताप सिंह, अधिवक्ता संघ बैकुण्ठपुर के अध्यक्ष श्री एस. आर. अंसारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुण्ठपुर श्री ए.एस.पैकरा सहित अधिवक्ता संघ के जिले के विभिन्न इकाईयों के अध्यक्ष एवं बारकाउंसिल के सदस्य, अधिवक्तागण एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2017-2019, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

आयुष्मान खुराना ने बढ़ाई तीन गुना फीस!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनता आयुष्मान खुराना ने अपनी फिल्मों की लगातार सफलता के बाद तीन गुना फीस बढ़ा दी है। आयुष्मान ने पिछले कुछ सालों से अभिनय के क्षेत्र में शानदार काम किया है। उनकी एक्टिंग परफॉर्मेंस को खूब सराहा जा रहा है। आयुष्मान लगातार हिट फिल्में दे रहे हैं।लगातार हिट फिल्में देने के बाद से आयुष्मान की डिमांड भी निर्देशकों के बीच बढ़ी है। बताया जा रहा है कि आयुष्मान ने अपनी फीस बढ़ा दी है। आयुष्मान ने फिल्मों के लिए अपनी तीन गुना बढ़ा दी है। हालांकि इंडस्ट्री के अंदर कई सारे लोगों का ऐसा मानना भी है कि आयुष्मान ये डिजर्व करते हैं।

'बैजू बावरा' में काम नहीं करेंगे अजय!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन ने संजय लीला भंसाली की एक फिल्म में काम करने से मना कर दिया है। बॉलीवुड में चर्चा है कि भंसाली ने अजय को फिल्म 'बैजू बावरा' में तानसेन का रोल ऑफर किया था, लेकिन अजय ने इसे रिजेक्ट कर दिया है। कुछ महीने पहले भंसाली ने सलमान खान और आलिया भट्ट को लेकर 'इंशाअल्लाह' अनाउंस की थी। लेकिन यह फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई और अब उनकी एक अन्य फिल्म 'बैजू बावरा' से अजय ने अपना नाम वापस ले लिया है। बताया जा रहा है कि अजय को भंसाली ने कुछ समय पहले अनाउंस की गई 'बैजू बावरा' में अजय को तानसेन का रोल ऑफर किया था। लेकिन अजय ने इस रोल को करने से इसलिए मना कर दिया क्योंकि उन्हें लगा कि उसके मुकाबले बैजू का किरदार ज्यादा दमदार है। चर्चा है कि अजय देवगन भंसाली की एक अन्य फिल्म 'गंगूबाई कठियावाड़ी' में नजर आ सकते हैं।

निक्म्मा से कमबैक करेंगी शिल्पा शेट्टी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी फिल्म 'निकम्मा' से कमबैक करने जा रही हैं। शिल्पा शेट्टी काफी लंबे समय से फिल्मों से दूर हैं। अब शिल्पा एक बार फिर सिल्वर स्क्रीन पर नजर आएंगी। शिल्पा शेट्टी, शब्बीर खान की फिल्म निकम्मा में नजर आएंगी। शिल्पा शेट्टी ने अपने ट्विटर पर लिखा, ÷निकम्मा की रिलीज डेट घोषित करने के लिए एक्साइटेड हूं। फिल्म 05 जून 2020 में रिलीज होगी। शब्बीर के साथ काम करने का अनुभव शानदार रहा। अब आप लोगों के फिल्म देखने का इंतजार है. थिएटर में मिलेंगे। फिल्म से अपने 13 साल लंबे ब्रेक पर शिल्पा शेट्टी ने कहा था, ÷मैं फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा हूं और चाहे कहीं भी रहूं मैं हमेशा इस इंडस्ट्री का हिस्सा रहूंगी। जब आप लाइमलाइट को मिस करते हैं तो आपको फिल्म इंडस्ट्री की याद आती है। आपको अचानक लगता है कि आप कुछ हार रहे हैं और लोग आपको भूल रहे हैं। मैंने ऐसा कभी महसूस नहीं किया क्योंकि मैं लगातार टीवी पर काम कर रही थी। मैंने फिल्मों से दूरी अपनी मर्जी से बनाई थी।

QUIZ TIME

1) उड़ते हुए हंसों के समूह का सामूहिक नाम क्या है? (स्केन / टूर)

2) प्रशिक्षक के रूप में द्रोणाचार्य की नियुक्ति होने से पहले पांडवों एवं कौरवों को सैन्य कुशलता किसने सिखाई थी?

3) 13वीं शताब्दी के किस शासक ने चीन में यूआन वंश की स्थापना की एवं अपनी राजधानी पीकिंग बनाई?

4) एंडीज पर्वत श्रृंखला का सर्वोच्च शिखर माउंट एकोंकागुआ है। (सही / गलत)

5) ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता और संस्कृत के विद्वान का नाम बतायें?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) स्केन (2) कृपाचार्य (3) कुबलाई खान (4) सही (5) डॉ. सत्यव्रत शास्त्री

मुन्नाभाई 3 में अरशद संग काम करने को बेचैन संजय दत्त

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के माचो मैन संजय दत्त मुन्नाभाई-3 में अरशद वारसी के साथ काम करने को लेकर बेचैन हैं। 'मुन्नाभाई' सीरीज ने बॉलीवुड को संजय और अरशद के रूप में एक नई और सुपरहिट जोड़ी दी थी। दोनों स्टार्स ने सीरीज की दो फिल्मों 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' और 'लगे रहो मुन्नाभाई' में काम किया था। काफी समय से 'मुन्नाभाई 3' बनाने की चर्चा हो रही है और इसमें भी संजय और अरशद की जोड़ी फिर से दिखेगी।

संजय मुन्नाभाई सीरीज की इस तीसरी फिल्म में काम करने के लिए बेचैन हैं। सबसे ज्यादा बेचैनी उन्हें अरशद के साथ काम करने की है। संजय ने कहा,÷हम दोनों ही 'मुन्नाभाई 3' का इंतजार कर रहे हैं। मुझे नहीं पता कि यह फिल्म कब बनेगी, लेकिन हम दोनों ही एक और 'मुन्नाभाई' फिल्म करना चाहते हैं। राजू (मुन्नाभाई' सीरीज के डायरेक्टर राजकुमार हीरानी) को जल्द ही एक अच्छा सा आइडिया ढूंढना चाहिए। यह बहुत ही स्पेशल फ्रेंचाइजी है।÷

फिलहाल 'मुन्नाभाई' न सही, लेकिन एक अन्य फिल्म में संजय और अरशद की जोड़ी साथ नजर आने वाली है। यह एक कॉमेडी होगी, जिसे साजिद-फरहाद लिख रहे हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए संजय दत्त ने कहा,÷यह सच है कि इस कॉमेडी में मैं अरशद के साथ काम कर रहा हूं।

40 हजार लड़कियों को फ्री सेल्फट्रेनिंग दे चुके हैं अक्षय

नई दिल्ली (वार्ता)। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार का कहना है कि वह 40 हजार लड़कियों को फ्री सेल्फट्रेनिंग दे चुके हैं। अक्षय कुमार ने कहा कि मुंबई में मेरे कई स्कूल चलते हैं और इन स्कूलों में मैं बच्चियों को मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग देता हूं। मैं और मेरी मार्शल आर्ट्स की टीम अब तक 40 हजार लड़कियों को मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग दे चुकी है और ये बिल्कुल फ्री है। हम उन्हें प्रशिक्षित करते हैं और हमारे पास कंपनी की सीइओ से लेकर घरों में काम करने वाली महिलाएं तक इस ट्रेनिंग को सीखने के लिए आती हैं। अक्षय कुमार जल्द ही फिल्म 'गुड न्यूज' में करीना कपूर खान के साथ नजर आएंगे। हिंदी सिनेमा में एक लंबा सफर तय कर चुके अक्षय अपनी कामयाबी के बारे में मानते हैं कि कामयाबी का 70 प्रतिशत हिस्सा लक होता है और बाकी का 30 प्रतिशत आपकी कड़ी मेहनत होती है।

शेयर बाजार नये शिखर पर, सेंसेक्स 206.40 और निफ्टी 59.60 अंक चढ़ी

वैश्विक स्तर के मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू स्तर पर धातु, ऑटो, आईटी और हेल्थकेयर जैसे समूहों में हुयी लिवाली के बल पर बुधवार को शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन नये शिखर को छूने के बाद रिकार्ड स्तर पर बंद हुआ।

मुंबई (वार्ता)। बीएसई का सेंसेक्स 206.40 अंक बढ़कर 41558.57 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 59.60 अंक चढ़कर 12224.60 अंक पर रहा।

शेयर बाजार में दिग्गज कंपनियों में जहां लिवाली देखी गयी वहीं छोटी और मझौली कंपनियों में बिकवाली का जोर रहा जिससे बीएसई का मिडकैप 0.19 प्रतिशत गिरकर 14789.29 अंक पर और स्मॉलकैप 0.05 प्रतिशत उतरकर 13387.13 अंक पर रहा। बीएसई में कुल 2703 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 1305 गिरावट और 1190 बढ़त में रहे जबकि 208 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

बीएसई में अधिकांश समूह बढ़त में रहे जिसमें धातु 0.84 प्रतिशत, हेल्थकेयर 0.69 प्रतिशत, रियलटी 0.65 प्रतिशत, ऑटो 0.50 प्रतिशत, आईटी 0.48 प्रतिशत, टेक 0.33 प्रतिशत, वित्त 0.39 प्रतिशत, एफएमसीजी 0.37 प्रतिशत और बैंकिग 0.27 प्रतिशत शामिल है। गिरावट में रहने वालों में यूटिलिटीज 0.84 प्रतिशत, पावर 0.71 प्रतिशत, तेल एवं गैस 0.32 प्रतिशत और टेलीकॉम 0.49 प्रतिशत शामिल है।

वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रूख देखा गया जिसमें ब्रिटेन का एफ्टीएसई 0.20 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.15 प्रतिशत की बढ़त में रहा जबकि जर्मनी का डैक्स 0.11 प्रतिशत, जापान का निक्की 0.55 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.04 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.18 प्रतिशत की गिरावट में रहा। बीएसई का सेंसेक्स 90 अंकों की तेजी लेकर 41442.75 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह 41358.47 अंक के निचले स्तर तक उतरा। इसके बाद शुरू हुयी लिवाली के बल पर यह 41614.77 अंक के नये शिखर पर पहुंच गया। हालांकि अंत में यह पिछले दिवस के 41352.17 अंक की तुलना में 206.40 अंक अर्थात 0.50 प्रतिशत बढ़कर 41558.57 अंक पर रहा।

एनएसई का निफ्टी 32 अंकों की बढ़त के साथ 12197 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 12163.45 अंक के निचले और 12237.70 अंक के उच्चतम स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले सत्र के 12165 अंक की तुलना में 59.60 अंक अर्थात 0.49 प्रतिशत बढ़कर 12224.60 अंक पर रहा।

राज्यों के सुझावों को बजट में शामिल करने का आश्वासन

नई दिल्ली (वार्ता)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रालय के प्रभारी या वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व चर्चा की और सभी को उनके द्वारा सौंपे गये ज्ञापन या दिये गये सुझावों का अध्ययन करने के बाद अगले वित्त वर्ष के बजट में शामिल किये जाने का आश्वासन दिया है। इस बैठक में गोवा, हरियाणा और पुडुचेरी के मुख्यमंत्रियों, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, दिल्ली, तमिलनाडु और त्रिपुरा के उप मुख्यमंत्रियों के साथ 17 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों ने भाग लिया। इस बैठक में वित्त राज्य मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर भी मौजूद थे। बैठक के दौरान श्रीमती सीतारमण ने केन्द्र सरकार के 'सहकारी संघवाद' के सिद्धांत की सराहना की और अर्थव्यवस्था में तेजी लाने के लिए किये गये उपायों से राज्यों को अवगत कराया। इस दौरान राज्यों के प्रतिनिधियों ने आम बजट को लेकर अपने विचार व्यक्ति किये और विकास, निवेश, संसाधन की जरूरतें और वित्तीय नीति पर सुझाव दिये। उनहोंने पांच लाख करोड़ डॉलर की भारतीय अर्थव्यवस्था बनाने के लिए राज्यों और केन्द्र के बीच सहभागिता को मजबूत करने के उपाय भी सुझाये। वित्त मंत्री ने राज्यों के सुझावों को स्वागतयोग्य बताया और उन्हें अध्ययन करने के बाद बजट में यथायोग्य शामिल करने का आश्वासन दिया।

इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनियों की पूरी मदद की जाएगी: गडकरी

केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि सरकार पर्यावरण हितैषी इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने पर खास जोर दे रही है और इनके निर्माण में लगी कंपनियों को समुचित सहायता एवं सुविधाएं मुहैया करायी जाएंगी।

नई दिल्ली (वार्ता)। श्री गडकरी ने यहां इटली के पियोजियो समूह की पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड (पीवीपीएल) के नये इलेक्ट्रिक रेंज के तिपहिया वाहन आपे ई-सिटी को लाँच किये जाने के मौके पर कहा कि सरकार इथेनॉल, मीथेन, सीएनजी, हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक से चलने वाहनों को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि बायो-फ्यूल से चलने वाले वाहनों के लिए बड़ी मात्रा में क्रूड आयल आयात करना पड़ता है जिस पर विदेशी मुद्रा के रूप में बहुत बड़ी रकम खर्च होती है। चालू वित्त वर्ष में कच्चे तेल का आयात 23.3 करोड़ टन तक पहुंच जाने का अनुमान है।

उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण बढ़ने से न केवल वायु एवं ध्वनि प्रदूषण रोकने में मदद मिलेगी बल्कि बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। उन्होंने वाहन निर्माता कंपनियों से इलेक्ट्रिक वाहन ई-रिक्शा के उत्पादन पर जोर देते हुए कहा कि करीब एक करोड़ लोग ई-रिक्शा का इस्तेमाल करते हैं और देश में इसका बहुत बड़ा बाजार है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार बायो इनर्जी को भी बढ़ावा दे रही है। उन्होंने पियाजियो के इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन में अगुवाई करने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि कंपनी को अपने प्रयास में बड़ी कामयाबी मिलेगी। वह कंपनी को इसके लिए अपने समर्थन का भरोसा दिलाते हैं।

उन्होंने कहा कि आपे ई-सिटी शून्य उत्सर्जन के साथ बिना शोर एवं वाइब्रेशन के साथ वाहन चालन का बेहतरीन अनुभव करायेगी। यह देश के लिए इसे नेक्स्ट जेनरेशन लास्ट माइल मोबिलिटी सॉल्यूशन बना रहा है। इसमें एडवांस्ड लि-आयल बैटरीज,ऑटोमेटिक गियर बॉक्स, सुरक्षा दरवाजे जैसी कई खूबियां हैं।

पीवीपीएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डिएगो ग्रैफी ने इस अवसर पर कहा, आपे एक ऐसा ब्रांड है जिसे 29 लाख से अधिक ग्राहकों का भरोसा प्राप्त है। ग्राहकों के जरूरतों के अनुरूप स्वैपेबल और फिक्सड बैटरी टेक्नॉलॉजी के लिए सन मोबिलिटी के साथ साझेदारी से निर्मित किफायती आपे ई-सिटी देश में ग्राहकों को अच्छा अनुभव करायेगी।

रियलमी पेसा के जरिये रियलमी ने किया वित्तीय सेवा क्षेत्र में प्रवेश

स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी रियलमी ने वित्तीय सेवा क्षेत्र में प्रवेश करने की घोषणा करते हुये बुधवार को रियलमी पेसा लॉन्च करने किया जहां अभी व्यक्तिगत ऋण, कारोबारी ऋण, बीमा, निवेश और मोबाइल स्क्रीन का बीमा आदि उपलब्ध है।

नई दिल्ली (वार्ता)। रियलमी इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी माधव सेठ ने यह घोषणा करते हुये कहा कि डेढ़ वर्ष पूर्व शुरू की गयी उनकी कंपनी टेक लाइफस्टाइल ब्रांड के रूप में बाजार में अपनी स्थिति को मजबूत बना रही है। उन्होंने कहा कि रियलमी पेसा के जरिये उनकी कंपनी वित्तीय सेवाओं तक ग्राहकों की पहुंच को आसान बनाना चाहती है। कंपनी का लक्ष्य मोबाइल व्यवसाय में अपनी सफलता को दोहराना है और अगले 5 वर्षों में वित्तीय सेवा क्षेत्र में शीर्ष 5 नए प्रमुख नवाचारकों में शामिल होना है।

रियलमी पेसा के प्रमुख वरुण श्रीधर ने कहा कि रियलमी के विस्तृत इकोसिस्टम के समर्थन पर आगे बढ़ते हुए अपने ओएस और हार्डवेयर में नवीनता लाकर, साझेदारों के साथ उपयोग में आसान उत्पादों का सह-विकास करके अगले दो वर्षों में 2.5 करोड़ ग्राहक आधार बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

दिल्ली कॉमिक कॉन 20 दिसंबर से

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली कॉमिक कॉन का तीन दिवसीय 9 वां संस्करण 20 दिसंबर को राजधानी में शुरू हो रहा है। इसके आयोजक कॉमिक कॉन इंडिया ने बुधवार को यहां जारी बयान में यह जानकारी देते हुये कहा कि इसमें कॉमिक्स के अंतरराष्ट्रीय कलाकार भाग लेंगे जिनमें बॉसलॉजिक उर्फ कोडे अब्दो, इलस्ट्रेटर चाड हार्डिन और कलाकार / डिजाइनर बर्नार्ड चांग शामिल हैं। इस दौरान चार लाख रुपए की पुरस्कार राशि के साथ नया कॉस्ट्यूम प्ले (कॉसप्ले) ' इंडियन चैम्पियनशिप ऑफ कॉसप्ले 2019 के दिल्ली क्वालिफायर और दिल्ली कॉमिक कॉन कॉसप्ले कॉन्टेस्ट 2019 के विजेताओं की भी घोषणा की जायेगी।

आईटीआई बैलेंस्डप एडवांटेज फंड लांच

मुंबई। आईटीआई म्यूचुअल फंड ने अपने छठे फंड 'आईटीआई बैलेंस्डं एडवांटेज फंड' के लॉन्च की घोषणा की है। सब्सक्रिप्शन के लिए इसका एनएफओ 9 दिसंबर, 2019 से खुलकर 23 दिसंबर, 2019 को बंद होगा। फंड का बेंचमार्क इंडेक्स क्रिसिल हाइब्रिड 50+50 -मॉडरेट इंडेक्सट है। यह फंड इक्विटी निवेश के लिए मल्टी कैप रणनीति का पालन करता है जबकि डेट कंपोनेंट के लिए, यह फंड उच्चर गुणवत्तान वाले डेट इंस्ट्रू मेंट में निवेश करता है जिनकी परिपक्वकता अवधि 3 साल तक रहती है। इस फंड का प्रबंधन श्री जॉर्ज हेबर जोसेफ और श्री प्रदीप गोखले द्वारा संयुक्तन रूप से किया जाएगा। इस अवसर पर आईटीआई म्यूचुअल फंड के सीईओ और सीआईओ जॉर्ज हेबर जोसेफ ने कहा, आईटीआई बैलेंस्ड् एडवांटेज फंड सभी तरह के निवेशकों के लिए एक बेहतरीन निवेश समाधान है। यह लालच एवं भय की भावनाओं के जरिये आसानी से आगे बढ़ने में मदद करता है। इस फंड में लंबी अवधि में सतत् जोखिम समायोजित रिटर्न देने की क्षमता है। यह इक्विटी एवं फिक्स्ड् इनकम इंस्ट्रूमेंट्स के बीच गतिशील ढंग से पूंजी का आवंटन कर एक बेहतीन निवेश अनुभव देता है। हम अपने आइएफए भागीदारों एवं निवेशकों को यह उत्पाटद प्रदान करने के लिए काफी उत्सावहित हैं और यह प्रोडक्टर इनोवेशन पर किए गए हमारे फोकस का परिणाम है। इस स्कीम में न्यूनतम प्रारंभिक निवेश 5000 रुपए होगा और उसके बाद 1 रुपए के गुणक में निवेश होगा।

कोंडागांव नगरपालिका के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी

नवप्रदेश संवाददाता

कोंडागाँव। नगर पालिका कोंडागॉव चुनाव हेतु छ ग प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने आज कांग्रेस भवन कोंडागांव में पत्रवार्ता कर अपना घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि कोंडागांव की जनता पिछले 1 वर्षों के अंदर कांग्रेस के शाशनकाल मे हो रहे कार्यो को देख रही है और उसके पहले के भाजपा के 15 सालो के कार्यो को भी देख चुकी है और स्वयम आंकलन कर रही है कि कोंडागांव शहर के विकास के कार्य कौन बेहतर कर सकता है मात्र 9 महीने के अंदर कोंडागांव शहर के अधिकतर सड़को का डामरीकरण किया जा चुका है,नजूल भूमि में काबिज लोगो को पट्टा वितरण प्रारम्भ हो चुका है,शहर की पेयजल की समस्या को देखते हुए कोसारटेडा से कोंडागांव तक 46 करोड़ की लागत से पाइप लाइन की स्वीकृति मिल चुकी है ,कोंडागांव की सबसे महती मांग बाय पास हेतु भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है जिससे शहर को भारी यातयात के दबाव से मुक्ति मिलेगी,जिला अस्पताल में एडवांस लाइफ स्पोर्ट एम्बुलेंस की व्यवस्था की जाएगी जिससे गम्भीर अवस्था

के मरीजों के जीवन रक्षा में सुविधा होगी,एन सी सी व डी एन के मैदान के लिए 5 करोड़ की राशि स्वीकृत हो चुकी है जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा,फल सब्जी उत्पादक एवम विक्रेताओं के लिए सर्व सुविधायुक्त पालिका बाजार का निर्माण करवाया जाएगा,नगर में सर्व सुविधा युक्त टेक्सी व ऑटो स्टैंड का निर्माण करवाया जाएगा,कोंडागांव के सभी प्रमुख तालाबो का सौंदर्यीकरण किया जाएगा,कोंडागांव शहर के वार्डो को आपस मे जोड़ने के लिए मरारपारा से सरगीपाल पारा पहुच मार्ग,बाजार पारा से जामकोट पारा पहुच मार्ग,आलबेडा से डिपोपारा पहुच मार्ग ,चावरा स्कूल से डोंगरिपारा जामपदर पहुच मार्ग,डोंगरीपारा से आडकाछेपडा पारा पहुच मार्ग का निर्माण करवाया जाएगा,शहर के जगदलपुर नाका,फव्वारा चौक,जय स्तम्भ चौक,नारायणपुर मोड़ में कुम्हारपारा चौक,कलेक्टर चौक का निर्माण करवाया जाएगा ,पुराना डी एन के अस्पताल को 30 शैया अस्पताल के रूप में विकसित किया जाएगा,शहर के सभी प्राथमिक माध्यमिक हाई स्कूल व उ मा शा व आंगनबाड़ी केंद्रों में रनिंग वाटर सप्लाई की जाएगी,कोपाबेडा शिवमन्दिर सड़क में टोवाल निर्माण करवाया जाएगा,शहर के प्रमुख चौक रायपुर नाका,जय स्तम्भ चौक,बस स्टैंड,जगदलपुर नाका चौक में वाटर ए टी एम की स्थापना की जाएगी प्रथम चरण में कोपाबेडा वार्ड व भेलवापदर वार्ड को आदर्श वार्ड के रूप में विकसित किया जाएगा । इस अवसर पे घोषणा पत्र समिति के सदस्य शांतिलाल सुराना,कैलाश पोयाम,राजेंद्र देवांगन,सुखबति मरकाम,मनीष श्रीवास्तव,दलसाय मरकाम,,वेदवती पोयाम,हेमेश गांधी,एम यूसुफ रजवी,शिशिर श्रीवास्तव एम डी बघेल,बुधराम नेताम,डी एस साहू,सहित समस्त पार्षद प्रत्याशी व पदाधिकारी गण आदि उपस्थित थे ।

धान नहीं बेच पाने से क्षेत्र के किसान परेशान

नवप्रदेश संवाददाता

पखांजूर। जिले के अंतर्गत परलकोट के 133 गांव के किसानों की समस्या धान खरीदी केन्द्र में धान नही खरीदने से परेशानी का कारण बना हुआ है, मामला हैं क्षेत्र के धान फाड़ो का जहाँ हर दूसरे किसानों का धान ये कहकर धान फड़ संचालको द्वारा वापस कर दिया जा रहा है कि धान की गुणवत्ता खराब है। जबकि किसानों का कहना है कि इस बार बारिश ज्यादा होने की वजह से धान के दानों पर अच्छे रंग जरूर नही आये पर धान वापस कर दिया जाये वैसा खराब नही है, आज तक के सरकार में इस प्रकार की कभी दिक्कत नही आई है। नई सरकार से बहुत परेशानी हो रही हैं। किसानों का कहना है ये धान बेचकर ही बैंक से लिया गया लोन को चुकाना है घर की जिम्मेदारी भी इस धान बेचने पर निर्भर करता है ऐसे में धान नही बिका तो आत्महत्या की नौबत आ जायेगी।

सिर्फ अच्छी धान खरीदारी का मिला निर्देश

धान फड़ संचालक का कहना है ही ऊपर से आदेश मिला और बांदे लेम्स के मैनेजर का निर्देश हैं कि सिर्फ अच्छी धान की खरीदारी करें बाकी वापस कर दे,और हमने अब तक बहुत सारे वापस कर दिए धान,वही किसानों की शिकायत है कि धान पर टोकन 30.500 ग्राम का दिया जा रहा है प्रति बोरी पर धान 41.300 लिया जा रहा है फड़ो में हमाल खर्च के नाम पर प्रति बोरी 5 से 8 रुपए तक वसूला जा रहा है वही धान की गुणवत्ता खराब बोल कर 4 से 6 बोरी धान की मांग की जा रही हैं विरोध करने पर धान की गुणवत्ता खराब बोलकर वापस कर दिया जा रहा है।

गलत तरीके से होगी खरीदी, कोचिए हुए सक्रिय

तहसीलदार शेखर मिश्रा पखांजुर का कहना है कि इस बारे में जानकारी मिली हैं और लगातार हम अपनी टीम फड़ो में भेज भी रहे हैं । हम किसानों का एक दाना ज्यादा गलत तरीके से लेने नही देंगे वही क्षेत्र में धान कोचियों द्वारा गलत तरीके से परिवहन किया जा रहा है। उसपर अब तक कई कारवाही कर चुके हैं आगे भी जारी हैं।

नक्सली घटना में शामिल आरपीसी अध्यक्ष स्थाई वारंटी गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। थाना जांगला से जिला बल एवं डीआरजी की संयुक्त पार्टी एरिया डॉमिनेशन, नक्सली आरोपियों एवं स्थाई वारंटियों की पता तलाश में रवाना हुये थे। एरिया डॉमिनेशन के दौरान गदामली के पास एक व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर लुकते छिपते भागने का प्रयास कर रहा था जिसे टीम के द्वारा पकड़कर पुछताछ करने पर अपना नाम मुन्ना तेलम पिता स्व0 मासा साकिन गदामली थाना जांगला बताया।

उक्त के विरूद्ध थाना जांगला में गंभीर मामले हत्या, हत्या का प्रयास, आगजनी, अपहरण, मार्ग अवरूद्ध करना, जैसे अपराधों में 08 स्थाई वारंट लंबित होना पाया गया। सितम्बर 2018 को आरक्षक सायबो लेकाम की हत्या कर जैवारम के पास मुख्य मार्ग पर फेंकने की घटना, एवं गदमली के पास मार्ग अवरूद्ध करने की घटना में शामिल रहा है। वर्तमान में नक्सली संगठन में गदमली आरपीसी के अध्यक्ष के पद पर कार्यरत है। थाना जांगला में विधिवत कार्यवाही के उपरान्त न्यायालय बीजापुर पेश किया गया।

शाला की प्रगति में शिक्षक महेन्द्र कुमार सिन्हा का विशेष योगदान

पखांजूर। कांकेर जिलें के सुदूर वनांचल में स्थित शा.उ.बिद्यालय छोटेवेटिया में 2009 से कार्यरत रसायन विज्ञान के व्यख्याता श्री महेंद्र कुमार सिन्हा का शाला की प्रगति में निरंतर प्रयासरत है। उनके द्वारा कक्षा 10वी एवं 12 वी के छात्रों के लिए विगत 8 वर्षों से अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जा रही है।।उनके द्वारा कक्षा 12वी में अध्यापित 05 वर्षो का परीक्षा परिणाम 100त्न प्रतिशत रहा,जिसके चलते शा. उ.मा बिद्यालय छोटेवेटिया स्कूल के दो बच्चों को उच्चशिक्षा में महेश मंडल / पिता दुखीराम मंडल 90त्न और कु.दीपशिखा हालदार पिता/ अरुण हालदार 89.2त्न को इंस्पायर छात्रवृति प्राप्त हुआ।और संस्था को 2017 का राज्य स्तरीय स्वच्छता पुरुस्कार दिलाने में भी उनका विशेष भूमिका या योगदान रहा। विशेष कर संस्था के परिसर में बागवानी एवं स्वच्छता सम्बन्धी कार्यो में विशेष रुचि लेते है। खास कर उनके द्वारा रात में गांव गाँवो में जा कर पालक और बालक संपर्क भी किया जाता है।जिसके कारण आस पास क्षेत्र के लोग

(पालक)और शा.उ.मा विद्यालय के प्राचार्य श्री जयजीवन पाल भी हमेशा महेंद्र सिन्हा जी की तारीफ करते रहते है,और उनके बारे में कहते है,अच्छे व्यक्ति के धनी है सरल स्वभाव है,जिसके कारण बच्चों के अधिक प्रिय हैं।

संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता

पखांजूर। शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल का संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता किया जा रहा है ।खेल प्रतियोगिता उदघाटन ऐसेबेड़ा सरपंच अमित मण्डावी ने किया हैं। स्कूल पी1 12,पी1 42,पी1 13,पी1 14 पी1 15, पी1 43, पी1 44,पी1 128, ऐसेबेड़ा ,पी1129, सोहगांव आदि प्राथिक एंव पूर्व माध्यमिक शाला भाग लिया है । प्रतियोगिता का पुरुस्कार वितरण दिनांक 19/12/19 को उच्च अधिकारी के उपस्थिति में होना है।

प्रधान अध्यापक एवं अध्यापीका एवं समस्त शिक्षक और शिक्षिकाएं,स्वास्थ्य संयोजक निबास अधिकारी आदि उपस्थित रहे । खेल में संचालन मे विशेष दाईत्व संकूल समन्वयक जोहिर लाल घुमरा ,सुधांशु हालदार,जगदीश चक्रवर्ती, ओमेश्वरी नेताम,श्रीमती चिनू बैद,श्रीमती टिकामा नेताम,कैलाश मर्कम, दीलीप डे,दिनेश देहारि,मनमोहन सिकदार,बिप्रा दास बागची ,के जी सरकार, रितेश्वर साहू, सुठाम अधिकारी, भूपेन्द्र ठाकुर,दुश्यन्त देशमुख आदि उपस्थित रहे।

आमनदुला में डांस प्रतियोगिता 24 को

मालखरौदा। ब्लॉक अंतर्गत आने वाले आदर्श ग्राम पंचायत आमनदुला मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शीतकालीन रंगारंग ड्रास प्रतियोगिता का आयोजन आमनदुला में दिनांक 24 दिसम्बर दिन- मंगलवार को किया जा रहा है। जिसमें प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप प्रथम -9999 रू.एवं कप, द्वितिय 7777 रू. एवं कप, तृतीय 5555 रू. एवं कप, चतुर्थ 3333 रू. एवं कप, पंचम 2222 रू. एवं कप, षष्ठम 1555 रू. एवं कप एवं सप्तम से लेकर इकतीसवा पुरस्कार तक 1111 रू. रखा गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री कवि वर्मा जी (ग्राम पटेल आमनदुला) है। अध्यक्षता श्रीमती ललिता छोटेलाल सिदार (सरपंच, ग्राम पंचायत आमनदुला) द्वारा किया जा रहा है। नवयुवक ड्रास प्रतियोगिता के आयोजन कर्ताओ के द्वारा सभी डान्सरो को सादर आमंत्रित किया गया है।

प्राथमिक शाला को तोड़कर ले गए ईंट और दरवाजा

नवप्रदेश संवाददाता

मालखरौदा । ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत गोरखापाली में प्राथमिक शाला भवन को बिना डिस्मेंटल के गांव के दबंग व्यक्ति द्वारा तोड़कर खिड़की दरवाजा ईट पत्थर सभी को ले गए ग्रामीणों का कहना है कि अगर इसको बेचा जाता तो दो से 3 लाख ग्राम पंचायत को आमदानी हो जाती।

वही पुराने स्कूल बिल्डिंग को तोड़कर ले जाने की जानकारी उस स्कूल के प्रधान पाठक तक को नहीं हुई उनके द्वारा कहा जा रहा है कि गांव के कई व्यक्तियों द्वारा बिल्डिंग को तोड़कर ले जाया गया है जिनके बारे में मौखिक रूप से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया था। लिखित में उनके द्वारा किसी प्रकार की सूचना किसी अधिकारियों को नहीं दिया गया ऐसे में समझा जा सकता है के प्रधान पाठक बीएल सिदार गोरखापाली किस प्रकार अपने कर्तव्य निभा रहे हैं या फिर यह किसी को बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

अय्यपा स्वामी मंदिर में महाभंडारे का आयोजन

बचेली। लौहनगरी में श्री श्री अय्यपा स्वामी मंदिर प्रांगण में आज अन्नदानम (महा भण्डारे) का आयोजन किया गया जिसमें नगर के बड़ी संख्या में लोगो ने श्रद्धा भाव से भगवान स्वामी शरणम अय्यपा का प्रसाद ग्रहण किया। आपको बता दे की इस भंडारे का आयोजन अय्यप्पा मंदिर पूजा समिति के द्वारा किया जाता है। भंडारे में दक्षिण भारतीय पकवान बनाये जाते है प्रसाद रूप में जिसका स्वाद लोगो को भुलाए नही भूलता लोग साल भर इस दिन के इंतजार में रहते है। एनएमडीसी परियोजना के अधिशासी निदेशक श्री टीएस चेरियन श्रीमती सुमा जोसफ ने भी भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

हिदायत

एसईसीएल, एनटीपीसी, बालको सहित विभिन्न कोयला उत्पादक उपक्रमों को कलेक्टर की चेतावनी

कोयला परिवहन पूरे नियमों को ध्यान में रखकर करें

कोरबा। कोरबा जिले में बड़े-बडे हाईवा वाहनों से खदानों से निकले कोयले के असुरक्षित परिवहन पर जिला प्रषासन सख्त हो गया है। अब सभी प्रकार के कोयले का परिवहन करने वाले वाहनों को तारपोलीन से ढककर ही कोयले का परिवहन करना होगा। कलेक्टर श्रीमती किरण कौषल ने आज कोयला उत्पादक उपक्रमों एसईसीएल सहित विभिन्न ताप विद्युत केन्द्रों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर बिना प्रदूषण फेलाये सुरक्षित रूप से कोल परिवहन के लिये जरूरी विचार-विमर्ष किया और निर्देष दिये। श्रीमती कौषल ने आने वाले दस दिनों में बिना प्रदूषण फेलाये सुरक्षित कोल परिवहन के लिये सभी व्यवस्थायें पूरी करने के निर्देष संबंधित संस्थानों एवं अधिकारियों को दिये। दस दिन के बाद बिना तारपोलीन से ढके कोयला परिवहन करने वाले वाहनों तथा असुरक्षित कोल परिवहन पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देष कलेक्टर श्रीमती किरण कौषल ने आज परिवहन एवं खनिज विभाग के अधिकारियों को बैठक में दिये। बिना ढके कोयला परिवहन करने वाले वाहनों से कोयले की डस्ट हवा के साथ उड़ने या कोयले के बड़े टुकड़े और गिट्टी गिरने से होने वाले दुर्घटनाओं तथा स्वास्थ्य संबंधी परेषानियों को ध्यान में रखकर यह निर्देष कलेक्टर ने दिए हैं। बैठक में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा सहित खनिज विभाग, परिवहन विभाग के अधिकारी और बालको, लैंको, अडानी समूह, एसईसीएल की सभी खदानों के प्रतिनिधि तथा एनटीपीसी और पर्यावरण संरक्षण विभाग के अधिकारी भी शामिल हुये।

बैठक में कलेक्टर ने निर्धारित मात्रा से अधिक कोयला ओव्हरलोडिंग के रूप में परिवहन करने पर भी परिवहन कर्ताओं के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी दी। उन्होंने बैठक में कहा कि खदानों से निकलने वाले कोयले के वाहनों को निकासी बैरियर पर ही उचित रूप से तौलकर निकाला जाये। वाहनों को तारपोलिन से ढॅककर और उसे सीलबद्ध कर ही बैरियर से निकलने की अनुमति दी जाये। ओव्हरलोडिंग और बिना तारपोलिन के वाहनों को खदान के निकासी गेट पर ही रोकने की व्यवस्था सुनिष्चित करने के निर्देष कलेक्टर ने दिये।

सामान्य प्रेक्षक कावरे ने मतदान दल प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

अम्बिकापुर। नगरीय निकाय निर्वाचन के सामान्य प्रेक्षक श्री महादेव कावरे ने आज नगर पालिका हायर सेकेण्डरी स्कूल अम्बिकापुर में आयोजित मतदान अधिकारियों के द्वितीय प्रशिक्षण का जायजा लिया और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिए। उन्होंने मतदान अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर द्वारा दी जा रही जानकारियों के बारे में पूछ-ताछ की और मतदान प्रक्रिया से संबंधित प्रश्न पूछकर उनके ज्ञान को परखा।

मतदान दल के अधिकारियों को द्वितीय प्रशिक्षण यहां नगर पालिका हायर सेकेण्डरी स्कूल के 8 कक्ष में 14 मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान दलों को चुनाव संबंधी बारीकियों से अवगत कराया गया जिससे किसी तरह की गलती की संभावना न रहे और मतदान सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सके।

न्यूज गैलरी

एसके शर्मा मेमोरियल फुटबॉल- बास्केटबॉल टूर्नामेंट शुरू

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय फुटबॉल कप्तान सुनील छेत्री के राजधानी स्थित ममता मॉडर्न स्कूल (विकासपुरी) में मंगलवार को हर वर्ष की भांति एस के शर्मा मेमोरियल फुटबॉल एवं बास्केटबॉल टूर्नामेंट शुरू हो गया जो 19 दिसम्बर तक चलेगा। ममता मॉडर्न स्कूल के प्रबंधक मनोज शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि फुटबॉल टूर्नामेंट में राज्य की 26 और बास्केटबॉल में 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि अनुभवी महिला खेल प्रशासक सुदर्शन पाठक थीं। इस कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साह व उमंग के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को ऊंचा लक्ष्य रखने का सन्देश देते हुए गुब्बारे आकाश में छोड़े और फुटबॉल को किक मार कर इस शानदार तीन दिवसीय चलने वाले टूर्नामेंट का उद्घाटन किया।

आइजॉल और चेन्नई ने खेला 1-1 का ड्रा

आइजॉल (वार्ता)। आइजॉल एफसी और चेन्नई सिटी एफसी ने हीरो आई लीग फुटबॉल चैंपियनशिप के 20वें मैच में मंगलवार को 1-1 का ड्रा खेला। राजीव गांधी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में आइजॉल ने मैच के नौवें मिनट में विलियम लालनुनफेला के गोल से बढ़त बनाई जबकि रोबर्टो एस्लावा ने 40वें मिनट में पेनल्टी पर चेन्नई के लिए बराबरी का गोल दाग दिया। दोनों टीमों को इस ड्रा से एक-एक अंक मिला। इस ड्रा से आइजॉल चार मैचों में पांच अंकों के साथ छठे स्थान पर है। चेन्नई तीन मैचों से चार अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। लालनुनफेला को हीरो ऑफद मैच का पुरस्कार मिला।

भारतीय टीम को कोचिंग देंगे डेविड पामर

नई दिल्ली। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी डेविड पामर को कुआलालम्पुर में होने वाली एशियाई टीम चैम्पियनशिप के लिये भारतीय टीम का कोच नियुक्त किया जायेगा। भारतीय स्क्वाश रैकेट्स महासंघ (एसआरएफआई) ने पूर्णकालिक कोच नियुक्त करने के बजाय टूर्नामेंट आधारित कोच रखने के तहत आस्ट्रेलिया के पामर से संपर्क किया कि वह 25 से 29 मार्च तक चलने वाली एशियाई टीम चैम्पियनशिप में राष्ट्रीय टीम को कोचिंग दें जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। एसआरएफआई के सचिव साइरस पोंचा ने पीटीआई से कहा, ''हां, वह हमारी पेशकश पर सहमत हो गये हैं। वह एशियाई टीम चैम्पियनशिप से पहले मार्च में हमसे जुड़ जायेंगे। हम सिर्फ मंत्रालय से मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं, जिसमें समस्या नहीं होनी चाहिए। '' साल के शुरू में एसआरएफआई ने पूर्णकालिक कोच नियुक्त करने के बजाय टूर्नामेंट के आधार पर कोच रखने का फैसला किया था।

लीग क्रिकेट के लिये टेस्ट छोड़ रहे क्रिकेटर, पीसीबी परेशान

पाकिस्तान के मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता मिस्बाह उल हक ने तेज़ गेंदबाज़ मोहम्मद आमिर तथा वहाब रियाज़ को गलत समय पर टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट लेने के लिये लताड़ा है।

लाहौर (वार्ता)। पूर्व पाकिस्तानी कप्तान मिस्बाह ने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अब एक नयी नीति पर काम कर रहा है ताकि सभी प्रारूपों के लिये खिलाड़ी उपलब्ध रह सकें।

आमिर ने जुलाई में अपने सीमित ओवर प्रारूप और दुनियाभर में चल रहीं टी-20 लीगों पर ध्यान देने के लिये टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। वहीं वहाब ने सितंबर में टेस्ट क्रिकेट को अनिश्चितकाल के लिये छोड़ दिया था। वहाब ने साथ ही पाकिस्तान के घरेलू प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट कैद ए आज़म ट्रॉफी से भी खुद को अलग कर लिया था।

वहाब की उम्र जहां 34 वर्ष है वहीं आमिर ने केवल 27 साल की उम्र में ही टेस्ट क्रिकेट छोड़

दिया है जिस कारण से उनपर काफी सवाल उठ रहे हैं। पाकिस्तानी टीम जहां तेज़ गेंदबाज़ों की कमी से जूझ रहा है वहां दो अनुभवी खिलाड़ियों के इस प्रारूप को छोड़ने से उसे झटका लगा है। इस कारण से टीम प्रबंधन ने शाहिन शाह आफरीदी, नसीम शाह और मोहम्मद मूसा जैसे पदार्पण गेंदबाज़ों को टीम में शामिल किया है।

मिस्बाह ने कहा,÷ हम इस बारे में गहराई से सोच रहे हैं और बहुत जल्द इसे लेकर नीति बना लेंगे। आगे पाकिस्तान के लिये यह समस्या बन सकती है। हम खिलाड़ियों पर काफी खर्च करते हैं और उनसे इस खेल को वापिस देने की अपेक्षा करते हैं लेकिन उनके द्वारा ऐसा करना ठीक नहीं है। हमें हर प्रारूप में खिलाड़ियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये नियम बनाना होगा।÷

इंग्लैंड के खिलाफ लाड्र्स टेस्ट में स्पॉट फिक्सिंग के दोषी पाये गये आमिर पांच वर्ष के बैन के बाद फिर से पाकिस्तान क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं और वापसी के बाद से काफी सफल रहे हैं। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में कुल 36 टेस्टों में 119 विकेट निकाले और सफल रहने के बावजूद इस प्रारूप को छोड़ दिया।

पाकिस्तान फिलहाल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में केवल 20 अंक लेकर छठे नंबर पर है। श्रीलंका के खिलाफ 10 वर्ष बाद अपनी ज़मीन पर द्विपक्षीय दो टेस्टों की सीरीज़ में उसका पहला मैच ड्रॉ रहा था। इससे पहले उसे सीरीज़ में आस्ट्रेलिया से 0-2 से हार मिली थी।

आईपीएल नीलामी 2020 में कौन बनेगा करोड़पति खिलाड़ी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2020 के आगामी सत्र की आज यहां होने वाली नीलामी में खिलाड़ियों की मंडी फिर सजने वाली है और सभी निगाहें इस बात पर रहेंगी कि इस बार नीलामी में कौन सा खिलाड़ी सबसे महंगा बिकता है। नीलामी में कुल 332 खिलाड़ी भाग्य आज़माएंगे और इनमें से 29 विदेशियों सहित 73 खिलाड़ियों को खरीदा जाना है।

रिटेन खिलाड़ियो में कोहली 17 करोड़ के सबसे महंगे खिलाड़ी

भारतीय खिलाड़ियों में पीयूष चावला, यूसुफपठान और जयदेव उनादकट का बेस प्राइस एक करोड़ रूपये है। एक करोड़ रूपये के ब्रैकेट में कुल 23 खिलाड़ी (3 भारतीय, 20 विदेशी), 75 लाख रूपये के ब्रैकेट में 16 खिलाड़ी(सभी विदेशी) और 50 लाख रूपये के ब्रैकेट में कुल 78 खिलाड़ी(69 विदेशी, 9 भारतीय) शामिल हैं।

कैप्ड खिलाड़ियों में दो करोड़ रूपये के उच्चतम ब्रैकेट में शामिल सभी सात खिलाड़ी विदेशी हैं जिनमें ग्लेन मैक्सवेल, पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, मिशेल मार्श, डेल स्टेन और एंजेलो मैथ्यूज हैं। भारतीयों में उथप्पा ने अपना आधार मूल्य डेढ़ करोड़ रखा है और वह दूसरे 1.5 करोड़ रूपये के ब्रैकेट के कुल 10 खिलाड़ियों में अकेले भारतीय हैं।

कोलकाता (वार्ता)। आईपीएल नीलामी का इतिहास है कि हर बार कोई ऐसा खिलाड़ी निकल कर सामने आता है जिस बार जमकर कीमत लगती है और वह रातों रात सबसे बड़ा करोड़पति बन जाता है। आईपीएल टीमों ने जो खिलाड़ी रिटेन किये हैं उनमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम के कप्तान विराट कोहली 17 करोड़ रुपये की कीमत के साथ इस लीग के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। चेन्नई सुपरकिंग्स के महेंद्र सिंह धोनी, मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा और दिल्ली कैपिटल्स के ऋषभ पंत की कीमत 15-15 करोड़ रुपये है।

चेन्नई ने सुरेश रैना को 11 करोड़, किंग्स इलेवन पंजाब ने लोकेश राहुल को 11 करोड़, कोलकाता नाईटराइडर्स ने सुनील नारायण को 12.50 करोड़, मुंबई ने हार्दिक पांड्या को 11 करोड़, राजस्थान रॉयल्स ने स्टीवन स्मिथ और बेन स्टोक्स को 12.50 करोड़, बेंगलुरु ने एबी डिविलियर्स को 11 करोड़ और सनराइजर्स हैदराबाद ने डेविड वार्नर को 12.50 करोड़ तथा मनीष पांडेय को 11 करोड़ रुपये में बरकरार रखा है। यह देखना दिलचस्प होगा कि नीलामी में किस खिलाड़ी पर कितनी ज्यादा कीमत लगती है।

इससे पहले भी आईपीएल में कई ऐसे खिलाड़ी निकले हैं जिनकी कीमत ने चौंकाया है। पूर्व भारतीय आलराउंडर युवराज सिंह को 2015 की नीलामी में दिल्ली ने 16 करोड़ रुपये की अविश्वसनीय कीमत पर खरीदा था। युवराज को 2014 में बेंगलुरु ने 14 करोड़ में खरीदा था। 2016 की नीलामी में बेंगलुरु ने शेन वाटसन को 9.5 करोड़, 2017 में नयी टीम राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स ने बेन स्टोक्स को 14.50 करोड़, 2018 में राजस्थान ने स्टोक्स को 12.30 करोड़ और 2019 की नीलामी में पंजाब ने जयदेव उनादकट और वरुण चक्रवर्ती को 8.4 करोड़ रुपये में खरीदा था।

उनादकट को 2018 की नीलामी में 11.50 करोड़ रुपये मिले थे। दिनेश कार्तिक को दिल्ली ने 2014 में 12.50 करोड़, कोलकाता ने 2011 में गौतम गंभीर को 11.40 करोड़ और चेन्नई ने 2012 में रवींद्र जडेजा को 9.72 करोड़ रुपये में खरीदा था। इस बार नीलामी में दो करोड़ रूपये के अधिकतम बेस प्राइस में जहां सभी विदेशी खिलाड़ियों को जगह मिली है, वहीं इसके बाद 1.5 करोड़ रूपये के दूसरे ब्रैकेट में रॉबिन उथप्पा अकेले भारतीय हैं। आईपीएल नीलामी के लिए शुरूआत में पंजीकृत खिलाड़ियों की संख्या 971 थी जिसे आठ फ्रेंचाइजियों की अंतिम सूची के बाद घटाकर 332 कर दिया गया है। नीलामी में कुल 186 भारतीय खिलाड़ी, 143 विदेशी खिलाड़ी और तीन एसोसिएट राष्ट्र के खिलाड़ी शामिल हैं।

एमसीजी पर आस्ट्रेलिया को खेलने का डर नहीं

मेलबोर्न (वार्ता)। क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने कहा है कि वह मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड(एमसीजी) की 10 दिन पहले खतरनाक घोषित की गयी पिच पर बॉक्सिंड डे टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलने को लेकर आश्वस्त है।

एमसीजी की पिच को 10 दिन पहले खतरनाक घोषित करते हुये यहां खेले जाने वाले शैफील्ड शील्ड मैच को रद्द कर दिया गया था। लेकिन यहां बाक्सिंग डे पर होने वाले आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट मैच को कहीं और स्थानांतरित नहीं किया गया है।सीए के मुख्य कार्यकारी केविन रॉबर्ट्स ने क्यूरेटर मैट पेज का समर्थन करते हुये कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस पिच पर मैच सुरक्षित ढंग से हो सकेगा। उन्होंने कहा,÷ हम इस बात सुनिश्चित करना चाहते हैं कि एमसीजी की पिच पर आखिरी शील्ड मैच की तरह की स्थिति नहीं होगी और यह सामान्य व्यवहार करेगी। अच्छी बात है कि यहां कोई खिलाड़ी चोटिल नहीं हुआ और हमने इस स्थिति से काफी सीखा है। उन्होंने कहा,मैट पेज बढ़िया क्यूरेटर हैं और अपने काम को समझते हैं।

भारत ने थाईलैंड को हराया

मुंबई। कृतिना देवी के आखिरी क्षणों में किये गये गोल से भारत ने मंगलवार को आखिरी राउंड रोबिन लीग मैच में थाईलैंड को 1-0 से हराकर तीन देशों के अंडर-17 महिला फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनायी जहां उसका सामना गुरुवार को स्वीडन से होगा। मैच का एकमात्र गोल कृतिना ने 90+1 मिनट में किया। उन्होंने तब विरोधी टीम की गोलकीपर पावरिसा होमीयामियेन की गलती का फायदा उठाया। थाईलैंड को उनकी यह गलती महंगी पड़ी क्योंकि मैच ड्रा होने पर उनकी टीम फाइनल में पहुंच जाती। कृतिना के लंबे शाट का थाई गोलकीपर सही अनुमान नहीं लगा पायी और गेंद गोल के अंदर चली गयी। भारत अब स्वीडन से भिड़ेगा जिससे उसे लीग चरण में 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था।

बांबे और गुजरात के बीच होगा सेमीफाइनल मुकाबला

बिग बाउट इंडियन बाक्सिंग लीग का पहला सेमीफाइनल मुकाबला गुरुवार को यहां के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम काम्पलेक्स के केडी जाधव हाल में गुजरात जाएंट्स और बाम्बे बुलेट्स के बीच खेला जाएगा।

नई दिल्ली (वार्ता)। दूसरा सेमीफाइनल शुक्रवार को नार्थईस्ट राइनोज और पंजाब पैंथर्स टीमों को बीच होगा। गुजरात की कमान अमित पंघल के हाथों में है जबकि राइनोज की कमान निकहत जरीन और पैंथर्स की कमान छह बार की विश्व चैम्पियन एमसी मैरीकॉम के हाथों में है।

गुजरात और पंजाब पैंथर्स के बीच होने वाले मुकाबले में गुजरात की टीम को सम्भावित विजेता माना जा रहा है। वैसे लीग स्तर पर बुलेट्स ने गुजरात को 4-3 से हराया था लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि उस मैच में अमित और पूर्व विश्व चैम्पियन सरिता देवी नहीं खेली थीं। साथ ही 57 किग्रा वर्ग में बुलेट्स ने चिराग को ब्लाक कर दिया है। चिराग इस लीग से एक प्रतिस्पर्धी खिलाड़ी के तौर पर उभरे हैं।

अब गुजरात की टीम के सभी अजेय स्टार लौट आए हैं। साथ ही 57 किग्रा वर्ग में पूनम पूनिया की वापसी हुए है और इससे गुजरात को नए स्तर पर मजबूती मिली है। गुजरात में नवीन बूरा मजबूत खिलाड़ी हैं जिन्होंने पांच में से चार मुकाबले जीते हैं।

आईसीसी ने शुरू की कतर टी-10 की जांच

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कतर टी-10 लीग में कई भ्रष्टाचारियों की मौजूदगी का पता लगने के बाद क्रिकेट टूर्नामेंट की जांच शुरू कर दी है, जिसे 12 महीने पहले ही उसने मंजूरी दी थी।

दुबई (वार्ता)।कतर में होने वाली टी-10 लीग को एक वर्ष पहले ही आईसीसी ने अपनी मंजूरी दी थी जिसमें दक्षिण अफ्रीका के हाशिम अमला जैसे कई दिग्गज रिटायर क्रिकेटरों ने हिस्सा लिया था। आईसीसी की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा लीग के आयोजकों के साथ मिलकर लीग की निगरानी कर रही है। आईसीसी की इंटेग्रिटी यूनिट के महाप्रबंधक एलेक्स मार्शल ने जारी बयान में कहा,÷ आईसीसी ने आयोजकों से

मिली ठोस जानकारी के बाद एक वर्ष पहले ही इस टूर्नामेंट को शुरू करने की अनुमति दी थी। लेकिन टीम मालिकों और आयोजकों की गतिविधियों के बाद हमें संदेह हुआ और हमने ज़मीनी स्तर पर जांच के लिये अपना काम शुरू कर दिया। मार्शल ने कहा,÷ इस जांच के बाद हमें पता चला कि कतर और वैश्विक स्तर पर कुछ जाने माने सटोरियों की यहां मौजूदगी रही है जो इस तरह के टूर्नामेंटों में अपनी भ्रष्ट गतिविधियों के लिये जाने जाते हैं। इसके बाद आईसीसी की इकाई एसीयू ने आगे की अपनी जांच शुरू कर दी ताकि हमें यह सुनिश्चित कर सकें कि क्रिकेट भ्रष्टाचार से मुक्त रहे।

कतर टी-10 लीग के पहले सत्र का आयोजन कतर क्रिकेट संघ के तत्वाधान में इस वर्ष 7 से 16 दिसंबर को आयोजित किया गया था, जो एक 10 ओवर का क्रिकेट टूर्नामेंट है। इस टूर्नामेंट में छह टीमों में 24 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों, 12 आईसीसी के एसोसिएट खिलाड़ियों तथा कतर क्रिकेट टीम और स्थानीय खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। फाल्कन हंटर्स ने स्विफ्ट गैलोपर्स को चार विकेट से हराकर फाइनल जीता था।

जैक्स कैलिस बने द.अफ्रीका के बल्लेबाजी सलाहकार

दिग्गज ऑलराउंडर जैक्स कैलिस को बुधवार शेष घरेलू सत्र के लिये दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम का बल्लेबाजी सलाहकार नियुक्त कर दिया गया।

जोहानसबर्ग (वार्ता)। कैलिस ने बुधवार से प्रिटोरिया में शुरू हुये राष्ट्रीय कैंप के साथ तुरंत प्रभाव से अपनी नयी भूमिका भी शुरू कर दी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने ट्विटर पर इसकी पुष्टि की है। कैलिस ने दक्षिण अफ्रीका की ओर से 519 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हिस्सा लिया है और सभी प्रारूपों में इनके नाम 25,534 रन तथा 577 विकेट दर्ज हैं। वह राष्ट्रीय टीम की ओर से 166 टेस्ट, 328 वनडे और 25 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं जिसमें उनके नाम 62 शतक दर्ज हैं। 44 वर्षीय कैलिस ने वर्ष 2014 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था। दक्षिण अफ्रीकी टीम प्रबंधन में कैलिस टीम के प्रमुख कोच मार्क बाउचर के बाद दूसरे सबसे नामी चेहरे हैं। पूर्व टेस्ट विकेटकीपर बाउचर को गत सप्ताह ही चार वर्षों के लिये नया प्रमुख कोच बनाया गया है। 43 साल के इनोच एनकेवी को अगस्त में टीम निदेशक और ओटिस गिबसन को सह कोच के पद से रिलीज़ किये जाने के बाद टीम प्रबंधन में नये चेहरे शामिल किये गये हैं। कैलिस इससे पहले वर्ष 2015 में कोलकाता नाइटराइडर्स के कोच का पद संभाल चुके हैं।

दावा | **'मैं स्लो बाउंसर अच्छी तरह से करता हूं और मैं अपने यॉर्कर पर काम कर रहा हूं**

आईपीएल भारतीय टीम में जगह बनाने का रास्ता: चाहर

चाहर धीरे-धीरे भारतीय गेंदबाजी आक्रमण में अपनी जगह बनाने लगे हैं। उन्होंने कहा कि वह करियर की शुरुआत में ही समझ गए थे कि आईपीएल टीम इंडिया में जगह बनाने का आसान रास्ता है।

विशाखापत्तनम। तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने मंगलवार को कहा कि उन्हें अपने करियर के शुरू में ही समझ में आ गया था कि सीमित ओवरों की क्रिकेट पर ज्यादा ध्यान देना होगा और आईपीएल भारतीय टीम में जगह बनाने का आसान रास्ता है। आगरा के रहने वाले चाहर ने राजस्थान की तरफसे रणजी ट्रॉफी पदार्पण पर ही हैदराबाद के

खिलाफदस रन देकर आठ विकेट लिए थे लेकिन उन्हें जल्द ही यह अहसास हो गया कि लाल गेंद से 125 किमी की रफ्तार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने का उनका सपना पूरा नहीं कर सकती।

चाहर ने कहा, 'जब मैंने तेजी हासिल करने के लिए अपने ऐक्शन बदला तो मुझे अपनी राज्य की टीम में संघर्ष करना पड़ा। मुझे अचानक ही लगने लगा कि भारतीय टीम में जगह बनाने मेरे लिए बहुत ही मुश्किल होगा। अगर मैं रणजी के भरोसे रहता तो फिर मुझे बहुत सारे मैच खेलने होते, पूरे सत्र खेलना होता और दलीप ट्रॉफी में खेलना होता। यह लंबा रास्ता था।'

उन्होंने वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे की पूर्व संध्या पर कहा, 'लेकिन अगर आप आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करते हो तो फिर आपको जल्द ही भारत की तरफसे खेलने का मौका मिल सकता है। अपने करियर के उस दौर में मैंने सफेद गेंद की क्रिकेट पर अधिक ध्यान देने का फैसला किया।' मध्यम गति के इस गेंदबाज ने आईपीएल फ्रेंचाइजी चेन्नै सुपर किंग्स से दो सत्र खेलने के बाद भारतीय टीम में जगह बनाई। चाहर अपनी कमजोरियों के प्रति स्पष्ट राय रखते हैं और जानते हैं कि उन्हें इनमें सुधार के लिए क्या करना है। उन्होंने कहा, 'जब मैंने रणजी ट्रॉफी में प्रवेश किया तो मैं 125 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी करता था। अपनी तेजी बढ़ाने के प्रयास में मैं चोटिल भी रहा। मैं जानता था कि इस तेजी से मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नहीं बने रह सकता हूं। मुझे इसे 140 तक बढ़ाना होगा और इसमें स्विंग को जोड़ना होगा।' चाहर ने कहा, 'स्विंग लेती गेंद जो 135 से 137 किमी की रफ्तार से की गई हो वह किसी भी बल्लेबाज के लिए बेहद मुश्किल गेंद होती है। अगर विकेट सपाट है तो 150 किमी की गेंद भी आसानी से खेली जा सकती है।'

लक्ष्य सेन अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 32वें स्थान पर

भारत के उभरते युवा स्टार लक्ष्य सेन हाल में बंगलादेश इंटरनेशनल चैलेंज टूर्नामेंट में अपनी खिताबी जीत की बदौलत मंगलवार को जारी ताजा बैडमिंटन रैंकिंग में नौ स्थान की छलांग लगाकार अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 32वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

नई दिल्ली (वार्ता)। लक्ष्य ने इस साल पांच खिताब जीते हैं जिनमें बांग्लादेश इंटरनेशनल चैलेंज के अलावा बेल्जियम इंटरनेशनल, डच ओपन सुपर 100, सार्लोरलक्स सुपर 100 और स्कॉटिश ओपन के खिताब शामिल हैं। पुरुष एकल रैंकिंग में अन्य भारतीयों की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है और बी साई प्रणीत तथा किदाम्बी श्रीकांत क्रमशः 11वें और 12वें स्थान पर बने हुए हैं। परुपल्ली कश्यप (23), एच एस प्रणय (26), सौरभ वर्मा (28), समीर वर्मा (33) और शुभंकर डे (44) रैंकिंग में अगले क्रम पर हैं। साल के आखिरी टूर्नामेंट वर्ल्ड टूर फाइनल्स में निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद विश्व चैंपियन पीवी सिंधू अपने छठे स्थान पर कायम हैं जबकि सायना नेहवाल का 11वां स्थान बरकरार हैं। पुरुष युगल में टॉप 10 में कोई भारतीय नहीं है और सात्विकसैराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी एक स्थान के सुधार के साथ 12वें नंबर पर आ गए हैं। महिला युगल में अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी 33वें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय जोड़ी हैं। मिश्रित युगल में प्रणव जैरी चोपड़ा और सिक्की रेड्डी 28वें स्थान पर बने हुए हैं।

केंद्रीय कोटे के अंतर्गत चावल लिए जाने की सहमति प्रदान करने का किया अनुरोध

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर/नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेन्टर में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों की बजट पूर्व बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में छत्तीसगढ़ से मंत्री श्री टीएस सिंहदेव शामिल हुये। इस दौरान श्री सिंहदेव ने केंद्रीय बजट के लिए कुछ सुझाव और राज्य की समस्याएं रखीं।

केंद्रीय वित्त मंत्री को संबोधित करते हुये श्री सिंहदेव ने कहा कि खरीफ सीजन 2019 के लिए राज्य से भारतीय खाद्य निगम द्वारा केंद्रीय कोटे के अंतर्गत चावल लिए जाने कि सहमति अभी तक प्राप्त नहीं हुई है, जिसे शीघ्र प्रदान किया जाये। राज्य में उत्पादित चावल की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वितरण हेतु आवश्यक खपत के उपरांत शेष चावल को केंद्रीय कोटे के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से क्रय किया जाए। उन्होंने खाद्य सब्सिडी की सम्पूर्ण राशि का नियमित रूप से भुगतान करने का अनुरोध भी किया। श्री सिंहदेव ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में वनाधिकार पट्टेदार कृषकों को भी इस योजना के दायरे में लाये जाने की मांग की है। इसके अलावा बैठक में जीएसटी क्षतिपूर्ति अनुदान को 2022 के पश्चात भी आगामी 5 वर्षों के लिए बढ़ाने एवं इसे राज्यों को प्रतिमाह केंद्रीय करों में राज्य के हिस्से की राशि के साथ ही दिये जाने की व्यवस्था की मांग की। वहीं कहा कि राज्य सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी योजना नरवा गरवा, घुरवा, बाड़ी को केन्द्रीय योजनाओं जैसे मनरेगा, राष्ट्रीय पशुधन विकास कार्यक्रम, स्वच्छ भारत एवं राष्ट्रीय बागवानी मिशन के कन्वर्जेंस के साथ किये जाने की सहमति केन्द्र सरकार द्वारा दी जाए। नक्सल समस्या के उन्मूलन हेतु राज्य में केन्द्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती पर होने वाले व्यय को राज्य से न लेकर केन्द्र सरकार द्वारा ही वहन किया जाए। वर्ष 2020 - 21 के बजट में अनुसूचित जाति और जनजाति वर्गों के कल्याण के लिए वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक ठोस स्थायी व्यवस्था बनायी जाये। उन्होंने केंद्रीय वित्तमंत्री से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में आवंटन से संधारण व्यय करने की अनुमति का प्रावधान भी आगामी बजट में करने का अनुरोध किया। इस दौरान उन्होंने सुझाव दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के वित्तीय प्रबंधन की दृष्टि से नाबार्ड अथवा अन्य वित्तीय संस्थाओं से लंबी अवधि एवं कम ब्याज दर के ऋण के माध्यम से राज्यांश की व्यवस्था करने की अनुमति राज्यों को दी जाये तथा इसे एफआरबीएम एक्ट की परिधि से बाहर रखा जाये। रायपुर एयरपोर्ट पर इन्टरनेशनल कार्गो टर्मिनल प्रारंभ करने की अनुमति नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार से दिये जाने पर विचार किया जाए। इससे राज्य से मूल्यवान तथा शीघ्र नष्ट होने वाली सामग्रियों के निर्यात में सुविधा होगी।

- जीएसटी क्षतिपूर्ति अनुदान 2022 के बाद पांच वर्षों के लिए बढ़ाने की मांग की
- बजट पूर्व बैठक में सिंहदेव ने दिये सुझाव, राज्य की समस्याएं रखीं
- केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

संवेदना योजना: 70 बंधकों की हुई घर वापसी

300 बंधकों को रिहा कराने का प्रयास जारी

5 आरोपी भी गिरफ्तार कोंडागाँव पुलिस को मिली बड़ी सफलता

नवप्रदेश संवादादाता

कोंडागॉव। पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ द्वारा महिलाओं तथा बालकों के विरूद्ध घटित हो रहे अपराध के प्रति चिन्ता व्यक्त करते हुए त्वरित कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है।जिसके चलते महिला संबंधी अपराधों में कमी लाने तथा उनकी रक्षा सुनिश्चित करने महिलाओं के लिये संवेदना योजना' चलाई जा रही है। कोंण्डागॉव जिले के भोले भाले बालक-बालिकाओं, महिलाओं को कुछ लोगों द्वारा ज्यादा पैसो मे काम दिलाने का लालच देकर अन्य राज्यों जैसे आन्ध्रप्रदेश ,तमिलनाडु, उड़ीसा इत्यादि में बंधुआ मजदूर की तरह काम करवा रहे है जिसकी सूचना लगातार प्राप्त हो रही थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए कोण्डागांव पुलिस द्वारा विशेष टीम बनाकर मानव तस्करी पर नकेल कसने के उद्देश्य से संदेहियों पर कुछ समय से पैनी नजर रखी जा रही थी।

सिटी कोतवाली थाना कोण्डागांव द्वारा पीड़ित बालिका सूपति सोरी की मां श्रीमती सैनी सोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि माह सितम्बर-अक्टूबर 2018 में आरोपीगण 1- जयराम सलाम पिता सिलाराम निवासी गचुमकल मड़ानार, 2-उमेश कुमार मण्डावी पिता समलूराम निवासी गुटापारा, 3- जैतराम नेताम पिता मालू नेताम निवासी बागझर, व अन्य ने उसकी बेटी सुपति एवं क्षेत्र के अन्य बालक-बालिकाओं को बहला फुसला कर अधिक मजदूरी दिलाने का लालच देकर चेन्नई ले गए जहां उन्हें बंधक बनाकर काम लिया जा रहा था यहां तक कि बीमार रहने पर भी मजदूरी कराई जाती थी। तथा पुनः उक्त आरोपीगण धमकी देकर क्षेत्र से बालक बालिकाओ को मजदूरी कराने अपने साथ ले गये हैं । पुख्ता जानकारी मिलते ही थाना कोण्डागांव पुलिस द्वारा आरोपियों के विरूध्द अपराध क्र0-335/2019 धारा 370,34 भा0द0वि0 के तहत एफ0आई0आर0 दर्ज करते हुए प्रकरण में तत्परता से कार्यवाही की गई एवं आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है तथा सभी बंधकों को सकुशल रेस्क्यू कर विधिवत परिजनों को सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार थाना माकड़ी क्षेत्र में भी अधिक मजदुरी का लालच व झांसा देकर दूसरे राज्य ले जाने एवं जबरन बंधक बनाकर मजदूरी कराने तथा मजदूरी के बाद रूपये भी नही देने जैसी सूचना मिलने पर पीड़ित पक्ष के आवेदन पर एफआईआर दर्ज की गई है तथा प्रकरण के सभी पांच बधको को मुक्त कराया जा चुका है।

पुलिस थाना फरसगांव कों मुखबीर से सूचना मिली थी कि बादसाय नेताम पिता मुरहा निवासी देव हरदुली फरसगांव एवं रामसाय नेताम पिता हीरासिंह निवासी देवहरदुली फरसगांव क्षेत्र के 15 लोगों को जिनमें अधिकांश नाबालिग हैं, उन्हें बहला फुसलाकर एवं अधिक मजदूरी का झांसा देकर बंधक के रूप में कार्य कराने के उददेश्य से हैदराबाद ले जा रहे हैं, सूचना की तस्दीक करते हुए जिला पुलिस की विशेष टीम द्वारा सुनियोजित तरीके से घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा गया तथा राज्य से बाहर ले जाये जा रहे बालक बालिकाओ तथा अन्य बंधकों को रेस्क्यू किया गया। प्रकरण पर थाना फरसगांव में अप0 क्र0- 109/2019 धारा 370,34 भा0द0वि0 का अपराध पंजीबध्द कर आरोपियों कों न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया है।

कोण्डागावं पुलिस को गुम बालक-बालिका के पतासाजी के दौरान सी.सी.आर.एस. प्रोजेक्ट सेलम तमिलनाडू के काउंसलर वेद भटटाचार्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ के बालक बालिकाओं के सेलम में होने की सूचना मिली जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बालक बालिकाओ को उक्त स्थान से रेस्क्यु कर सुरक्षित घर लाने के उद्देश्य से जिला पुलिस कोण्डागांव, जिला बाल संरक्षण इकाई कोण्डागांव की संयुक्त रेस्क्यू टीम तैयार कर बंधकों को छुड़वाने के लिये सेलम टीम रवाना किया गया एवं बंधकों को छुड़वाया गया। पूरे अभियान में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के 42 बालिकाओं 28 बालक को सकुशल रेस्क्यू कर वापस लाया गया। उपरोक्त के अतिरिक्त तमिलनाडू, गोवा, आंध्रप्रदेश, दिल्ली, आदि राज्यों के विभिन्न कारखानों तथा अन्य स्थानों पर छत्तीसगढ़ के करीबन 300 बालक-बालिकाओं, मजदुरों को बंधक बनाकर काम कराने की सूचना मिली है जिनको रेस्क्यू करने हेतु टीम रवाना की जा रही है।

श्रीमद्भागवत कथा के लिए निकली शोभायात्रा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। माहेश्वरी भवन (वीवाय हास्पिटल के पास) कमल विहार डूंडा में कथावाचक गौरव कृष्ण गोस्वामी महाराज के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा बुधवार को प्रारंभ हुई। इससे पूर्व सुबह भागवत पोथी की भव्य शोभायात्रा श्री राधे-राधे के जयकारे के साथ निकली। कथावाचक गौरव कृष्ण गोस्वामी ने प्रथम दिवस श्रीमद्भागवत महात्म्य कथा का महत्व बताते हुए कहा कि 18 पुराणों में सबसे अंतिम पुराण श्रीमद्भागवत कथा है। इसमें 18 हजार श्लोक हैं। श्रीमद्भागत कथा व बांकेबिहारी में कोई अंतर नहीं हैं। जिस प्रकार बांकेबिहारी की प्रतिमा तो सांवरे हैं लेकिन उसकी चमक व तेज के पीछे छिपी हुई राधारानी। ठीक उसी प्रकार भागवत कथा के अक्षर जरूर काले लेकिन कागज बिल्कुल सफेद हैं। अनहद आनंद की अनुभूति यदि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से हो गई तो समझो राधारानी के दर्शन हो गए मतलब साक्षात भगवान श्रीकृष्ण आपको मिल गए।

महोत्सव के लिए सजने लगा है श्याम बाबा का दरबार

रायपुर। श्री श्याम प्रचार सेवा समिति की ओर से 18 वें श्याम महोत्सव के लिए भीमसेन भवन में फूलों की विशेष सजावट कोलकाता से आए कलाकार कर रहे हैं। हर्ष का विषय है कि महोत्सव के लिए महंत मोहनदास जी महाराज,श्रीश्याम खाटू मंदिर ट्रस्ट कमेटी (खाटू श्याम) का विशेष सानिध्य प्राप्त हो रहा है। 20 से 22 दिसंबर को श्रीरामनाथ भीमसेन भवन समता कालोनी में महोत्सव का आयोजन होगा जिसमें देश भर से श्याम भक्त शामिल होंगे। अलौकिक श्रृंगार, भजन संध्या, अंखड ज्योति, फूलों की सजावट, जीवंत झांकी, इत्र वर्षा श्याम रसोई महोत्सव केप्रमुख आकर्षण होंगे।

सतनाम...

बिलासपुर के महंत बाड़ा पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश

रायपुर (नवप्रदेश)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सतनाम पंथ के प्रवर्तक एवं महान संत बाबा गुरु घासीदास जी की जयन्ती की पूर्व संध्या पर कल बिलासपुर प्रवास के दौरान जरहाभाठा स्थित महंत बाड़ा पहुंचे। उन्होंने वहां पूजा-अर्चना कर बाबा गुरु घासीदास से प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद माँगा।

बस्तर में हल्बी, गोंड़ी में किया जा रहा सुपोषण अभियान और हाट बाजार क्लीनिक योजना का प्रचार-प्रसार

हाट-बाजारों में कला जत्था नाट्य और नृत्य शैली में कर रहे हैं योजनाओं का प्रचार

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य सरकार ने अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं को आदिवासियों और वनवासियों तक पहुंचाने के लिए उन्हीं की बोली में सहज और सरल ढंग से पहुंचाने की अनूठी पहल की है। इसके अन्तर्गत कला जत्था दल हाट-बाजारों में जाकर राज्य शासन की प्राथमिकता वाली मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना, नरवा, गरूवा, घुरूवा और बाड़ी योजना को स्थानीय बोली में लोगों को नाट्य और नृत्य शैली में सहज ढंग से बता रहे हैं।

राज्य सरकार के जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रयोग के तौर पर दो महीने पहले बस्तर और दंतेवाड़ा जिले के लगभग 90 गांवों में स्थानीय कला जत्थों के माध्यम से हल्बी और गोंड़ी में राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया था, जिसके सकारात्मक परिणाम मिलने के बाद अब बस्तर संभाग के सभी सातों जिलों में स्थानीय कलाजत्थों के माध्यम से स्थानीय बोलियों हल्बी, गोण्डी और भतरी में सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कला जत्थों द्वारा योजनाओं के प्रचार-प्रसार में स्थानीय लोगों को जोड़ने के लिए स्थानीय संस्कृति, परम्परा, नृत्य और नाट्य शैली में कार्यक्रम तैयार किए गए हैं।

स्थानीय संस्कृति, नाट्य, प्रहसन के बीच में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी रोचक ढंग से लोगों को दी जा रही है। इसके अन्तर्गत बस्तर संभाग के छह जिलों बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, कोण्डागांव और नारायणपुर जिले के हाट-बाजारों में कला जत्थों द्वारा हल्बी और गोंण्डी में तथा कांकेर जिले में छत्तीसगढ़ी में योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।